मालूसाही

(मालूशाही)

(कुमाऊंनी लोक साहित्य की बहुचर्चित प्रेम गाथा प्रथम बार लोक रंजक रूप में प्रकाशित)

•

डॉ० उर्वादत्त उपाध्याय : डॉ० रमेशचन्द्र पन्त

•

राज्यश्री प्रकाशन

मथुरा

पिन–२८१००१

त्वदेव वस्तु गोविन्द
तुभ्यमेव समर्पये ।

●

कुमाऊँ के लोक गायकों के स्वर
उन्हीं को सादर समर्पित हैं

निवेदन

कुमाऊँ के अंचल में संचरित 'मालूसाही' या 'मालूशाही' नामक प्रेमाख्यान यहाँ के लोक-जीवन के गले का हार है। कुमाऊँनी बोली के प्रवृति के अनुरूप ही 'साही' या 'शाही' दोनों शब्द एक ही अर्थ के लिए समान रूप से प्रयुक्त होते हैं, क्योंकि कुमाऊँनी बोली में श, स, ष का भेद नहीं माना जाता है। इसीलिये हमने दोनों प्रकार के 'शाही' और 'साही' शब्दों का प्रयोग किया है और आवरण पृष्ठ पर 'शाही' के स्थान पर 'साही' को लिया है। इस गाथा की विभिन्न अंचलों में कई श्रुतियां प्राप्त होती है जिनमें कई अंशों में पर्याप्त विविधता भी है। कुछ साहित्य प्रेमियों, शोधार्थियों, समालोचकों और लोकसाहित्य के अनुशीलन कर्ताओं ने इस गाथा को कई रूपों में लिपिबद्ध किया है उनका प्रयास सराहनीय तो है किन्तु इसे पूर्ण नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इससे लोक साहित्य के अध्येताओं को इस गाथा का सांगोपांग एवं परिपुष्ट रूप नहीं मिल पाता है। कई संकलनों में लोक-साहित्य की आत्मा को करारी चोट पहुंचाई गयी है, कहीं उसे पहचाना ही नहीं गया है और कहीं अपने पूर्वाग्रहों से युक्त होकर उसके सही रूप को विकृत कर दिया है। हमारे दृष्टिकोण में 'मालूशाही' नाम से प्रकाशित अभी तक सभी रचनाओं में इस गाथा के मूल स्वरूप एवं कुमाऊँनी लोक-साहित्य एवं संस्कृति के लोक-तत्व को बड़ी सीमा तक आहत किया गया है। इसी कारण हमें मालूशाही को प्रस्तुत रूप में संकलित और सम्पादित करने की तीव्र आवश्यकता प्रतीत हुई।

आज विद्यालयों तथा अन्य शोध-संस्थाओं में लोक साहित्य के अनुशीलन को अधिक महत्व दिया जा रहा है, जो एक शुभ लक्षण है। 'कुमायूँ विश्वविद्याय' के तत्वावधान में भी कुमाऊँनी लोक साहित्य एवं संस्कृति पर कार्य करने को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अतः इस दिशा में यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसा हमारा विश्वास है। पूर्व-पीठिका के अन्तर्गत इसमें लोक साहित्य, संस्कृति के वैचारिक पक्ष पर भी प्रकाश डाला है। कुमाऊँ के इतिहास दुर्लभ तन्तुओं को जोड़कर उसमें विवेच्य गाथा की ऐतिहासिकता पर भी विचार किया गया है। गाथा की विविध श्रुतियों को संकलित करके

उन्हें इस प्रकार एक गाथा के रूप में संयोजित करने का प्रयास किया गया है कि लोक-तन्तु को किसी भी प्रकार की क्षति न हो और विवेच्य गाथा का एक सांगोपांग और लोक-सम्मत संकलन लोक साहित्य के अध्येताओं को सुलभ हो सके। सभी श्रुतियों के बीच लोक-सम्मत और समन्वयात्मक दृष्टिकोण रखा गया है। मूल पाठ के साथ उसके पहले और बाद के पृष्ठों में तत्सम्बन्धी कुछ विशिष्ट एवं गहन पक्षों की ओर भी संकेत किया गया है जो उसके अनुशीलन कर्ताओं को सन्दर्भों का काम देने में सहायक सिद्ध होगा। ग्यारह वर्षों से भी अधिक समय से लोक साहित्य के अनुशीलन में निरन्तर लगे रहने के बाद जो अनुभव सुलभ हुए उनका उपयोग इस रचना में करने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तुत रचना में सर्व श्री यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' डॉ. पुत्तूलाल शुक्ल, डॉ. गोविन्द चातक, डॉ. त्रिलोचन पाण्डे, डॉ. भवानीदत्त उप्रेती, चिन्तामणि पालीवाल, बागगिरी गोस्वामी इत्यादि और ऐतिहासिक प्रसंगों के लिए कूर्मांचल केशरी स्व० बद्रीदत्त पाण्डे, महापण्डित राहुल सांस्कृत्यायन, श्री अशोक, डॉ. प्रयाग जोशी, अठकिन्सन एवं गैरौला इत्यादि की पुस्तकों और गजेटियरों की सहायता ली गयी है अतः हम उनके भी ऋणी है।

इसके आवरण पृष्ठ के चित्रण के लिए श्री नरीराम, कला-शिक्षक के. वि. पिथौरागढ़ के प्रति भी कृतज्ञता-ज्ञापन करते हैं। राज्य श्री प्रकाशन, मथुरा के संचालक श्री प्रमोद बिहारी सक्सेना को भी हम कृतज्ञता ज्ञापन करते हैं जिन्होंने हमारी इस पुस्तक को प्रकाशित करने का गुरुतर भार उठाया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक जिस उद्देश्य से लिखी गई है उसे पूरा करने के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

विनीत—

उर्वादत्त उपाध्याय : रमेशचन्द्र पन्त,

पूर्व-पीठिका

पूर्व-पीठिका

लोक गाथा के पहले ऐतिहासिक पृष्ठभूमि देने की क्या आवश्यकता है ? यह एक ऐसा प्रश्न है जो सामान्य स्तर के पाठकों के मानस पर टकराता है। यद्यपि ऊपर से तो यह अटपटा सा लगता है किन्तु थोड़ी सी गहराई से विचार करें तो स्पष्ट हो जायेगा कि कोई भी साहित्य अपने युग की परिस्थितियों एवं चेतना से प्रभावित होता है और इतिहास को भी बहुत अंश तक प्रभावित करता है। कहीं-कहीं तो तत्कालीन या परवर्ती साहित्यिक सामग्री ही इतिहास-निर्माण में बहुमूल्य योग देती है। वैदिक कालीन और पौराणिक कालीन इतिहास की पूर्ति तो तत्कालीन एवं तत्सम्बन्धी साहित्य द्वारा ही की जाती है। कोई भी साहित्य क्यों न हो, वह अप्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने समय की युग-चेतना से अवश्य ही प्रभावित होता है, इतना ही नहीं वह अपने पूर्ववर्ती समय के इतिहास से संस्कारगत रूप में अनुभव लेता है, समसामयिक वातावरण से चेतना लेकर और प्रभावित होता हुआ भविष्य के लिए एक नई दृष्टि रखता है। इतिहास में जिस तत्व का अभाव हो वह प्रयत्न करने पर उस युग के साहित्य में मिल सकता है। इतिहास और साहित्य का यह पारस्परिक आदान-प्रदान एक तरफ न होकर अन्योन्याश्रित है और चिरयुगीन है। साहित्य भी अपनी रचना के लिए वस्तु, अनुभव, संस्कार, प्रेरणा, प्रभाव सर्वोपरि चेतना इतिहास (समसामयिक तथा पूर्वकालीन से ही ग्रहण करता है। कुछ लोग यह मानते हैं कि वह सच्चा साहित्य ही नहीं, जिसमें युग-चेतना या युगबोध न हो, किन्तु हम इससे भी आगे बढ़कर कह सकते हैं कि बिना युग-चेतना या युग-बोध अथवा प्रेरणा के साहित्य सर्जन सम्भव ही नहीं है। हृदय की भावस्थिति या रस स्थिति में या मन के चिन्तन या विचार के क्षणों में अथवा कल्पना के स्वर्णिम एवं मधुर क्षणों में इतिहास का रङ्ग प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रचनाकार के मन तथा हृदय में संस्कारगत, स्वतः ही निस्यूत होकर उसकी रचना में आ जाता है, चाहे रचनाकार को इसकी अपेक्षा हो या न हो और वह उसकी कामना करे या न करे यह प्रक्रिया स्वभावगत अपरिहार्य एवं अवश्यम्भावी है।

जहाँ हम लोक-साहित्य पर दृष्टिपात कर उसका अनुशीलन करें तब तो यह ऐतिहासिक तत्व और भी गहनतर हो जाता है और हम उक्त नारे

को पूर्ण ध्वनन के साथ सिंह नाद के रूप व्यक्त कर सकते हैं। लोक साहित्य में लोक गाथा के अनुशीलन में तो यह ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और उसकी पूर्वपीठिका बहुत ही गहनतम हो जाती है।

अस्तु, विवेच्य गाथा मालूशाही के प्रारम्भ में हमने सुलभ सामग्री के आधार पर 'ऐतिहासिक' पृष्ठभूमि' शीर्षक में बहुत विस्तार एवं यथोचित गहराई में जाने का प्रयत्न किया है। 'हीर-राँझा' और 'ढोला-मारू' में तो प्रेमी तथा प्रेमिका दोनों का नाम मिलता है. किन्तु 'मालूशाही' में केवल नायक के नाम पर ही नामकरण क्यों किया गया है ? पूरी गाथा और उसके तन्तुओं पर विचार करने पर स्पष्ट हो जायेगा कि केवल नायक के आधार पर ही गाथा का नामकरण क्यों हुआ, जबकि प्रेम-मार्ग में प्रेमिका अधिक क्रियाशील एवं स्पन्दनशील है। इसी शीर्षक से हम तत्कालीन समाज में स्त्रियों की दशा का भी पता लगा सकते हैं।

'मालूशाही' गाथा ऐतिहासिक नायक की गाथा है, किन्तु यह गाथा स्वयं इतिहास नहीं बन सकती है। कई अध्येताओं ने इस गाथा को लेकर उसे हठात् इतिहास से असंगत रूप से जोड़ने का प्रयास करके नये अध्येताओं को दिक् भ्रमित करने का प्रयत्न किया हैं। यही कारण हैं कि हमने प्रकाशित सुलभ सामग्री को लेकर उसका समीक्षात्मक एवं गवेषणात्मक विवेचन देने का प्रयास किया है।

(अ) ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

डॉ० त्रिलोचन पाण्डे ने अपने 'शोध-प्रबन्ध'[1] में श्री राहुलसंस्कृत्यायन श्री बद्रीदत्त पाण्डे, जे० सी० पावेल प्राइस, श्री गङ्गादत्त उप्रेती, अठकिसन इत्यादि के उल्लेखों के आधार पर कुमाऊँ की ऐतिहासिक स्थिति पर इस प्रकार प्रकाश डाला है—

'प्राचीन समय में इस भू भाग का सम्बन्ध कुरु जनपद से था क्योंकि अर्जुन की दिग्विजय में इस प्रदेश की विशेषताओं का उल्लेख हुआ है। पाँचाल जनपद से भी इस भाग का सम्बन्ध रहा क्योंकि गंगा के उत्तरी भाग पाँचाल की राजधानी अहिछत्र (वर्तमान बरेली के समीप) थी। कत्यूर वंश का सम्बन्ध अयोध्या के सूर्यवंशियों के साथ रहा है। अतः उत्तर कौशल से भी इस भू-भाग का सम्बन्ध रहा है। बहुत पहले से यहां खश शासन करते

---

१. कुमाऊँ का लोक साहित्य डा० त्रिलोचन पाण्डे, पृ० ५० से ५२

थे। ईसा की प्रथम या दूसरी सदी में यहाँ 'कुविन्दों' का शासन था, जो खशों की एक शाखा थी। इनका साम्राज्य गुप्तकाल तक रहा।

यहां का प्रथम राजवंश कत्यूरी था, जिनका दो सौ वर्षों का राज्य-काल राहुल ने लगभग ८५० ई० से १०५० ई० तक माना है। इनका सम्बन्ध काबुल के कटौर वंश तथा बंगाल के पालवंश से माना जाता है। 'कत्यूर' शब्द की व्युत्पत्ति कार्तिकेयपुर से मानें तो इनका सम्बन्ध शक एवं कुषाणों से जाता है क्योंकि इनके सिक्कों में कार्तिकेय की मूर्ति रहती थी। प्रारम्भ में कत्यूरों का केन्द्र गढ़वाल के जोशीमठ में था बाद में वे अल्मोड़े की कत्यूर घाटी में आ गए। इनके ताम्रपत्र व शिलालेख मगध व बंगाल के पालों के ताम्र-पत्रों एवं शिलालेखों से शैली में समानता रखते हैं। ग्यारहवीं सदी बाद इनका प्रभुत्व कम हो गया और ये विभिन्न शाखाओं में बँटकर छः स्थानों—काली कुमाऊँ, डोटी, अस्कोट, बारामण्डल, कत्यूर और द्वाराहाट लखनपुर में रहते थे। बिखरी हुई स्थिति में भी कत्यूरों का शासन १५ वीं सदी तक रहा। यों तो १४ वीं सदी तक कुमाऊँ में कोई एक सशक्त राज्य नहीं था। छोटे-छोटे राज्य थे, जिनके बीच कभी-कभी खश राजा भी सिर उठाते थे।

चन्द्रवंश का प्रथम राजपुरुष सोमचन्द्र का समय ९५३ ई० माना जाता है। उसने चम्पावत में अपना किला बनाकर धीरे-धीरे राज्य का विस्तार किया। चन्द राजाओं की क्रमिक परम्परा थोहर चन्द' (१२६१ई०) से महेन्द्र चन्द (१७९० ई०) तक मिलती हैं। इस बीच चन्द राजाओं ने छोटे-छोटे राजाओं को हराकर अपना राज्य सारे कुमाऊँ में फैलाया। इन राजाओं में प्रमुख गरुड़ ज्ञानचन्द, उद्यानचन्द, विक्रमचंद भारतीचन्द, रुद्रचन्द, लक्ष्मीचन्द, बाज बहादुरचन्द उद्योतचन्द, देवीचन्द कल्याणचन्द, दीपचन्द और मोहचन्द मुख्य हैं, जिन्होंने अपने राज्य के उत्कर्ष या अपकर्ष में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चन्द साम्राज्य का उत्कर्ष काल रुद्रचन्द (१५६५-९७) है जिसके राज्य की सीमा में सम्पूर्ण कुमाऊँ आ गया। लक्ष्मीचंद और उद्योतचंद के समय गढ़वाल और डोटी के शासकों से युद्ध हुए। कल्याणचन्द के समय रुहेला आक्रमण हुए और मोहनचंद (१७६७-७९) के बाद इस राज्य का शीघ्रता से पतन होने लगा। चंद राजा दिल्ली मुगल दरबार से अपना घनिष्ठ सम्बन्ध बनाये रहे, जिसका उल्लेख हमें 'जहांगीर

नामा' व 'शाहजहां नामा' से मिलता है। १७९० ई० में गोरखा आक्रमण के कारण चन्द साम्राज्य नष्ट हो गया।

सन् १७९० से सन् १८१५ तक कुमाऊँ में गोरखा शासन रहा, जिसका विस्तार नैपाल से लेकर, गढ़वाल, देहरादून, कांगड़ा और शिमला तक रहा। गोरखों ने प्रजा पर अमानुसिक अत्याचार किए। १८११ ई० में गोरखा अंग्रेज युद्ध के बाद यह प्रदेश अंग्रेजों के हाथ में आ गया। अंग्रेज कमिश्नरों में मि० ट्रेल, बैटन, हैनरी रामजे कमिश्नरों ने यहां कई सुधार किए। भूमि की नाप कराके लगान निर्धारित की, तथा आय की नवीन व्याख्या की। यहां कांग्रेस की स्थापना हुई। १९११ ई० में अल्मोड़ा अखबार के प्रकाशन से देशभक्ति विषयक विचारों के प्रकाशन के साथ-साथ राजनीतिक संस्थाओं का जन्म हुआ। १९२१ ई० में 'कुली-प्रथा' के विरुद्ध यहां सत्याग्रह हुआ। १९३०-३१ ई० में 'नमक-कानून' तोड़ने पर कई लोग जेल गये।

कत्यूरों की राजधानी कत्यूर थी। चन्दों की राजधानी पहले चम्पावत और फिर अल्मोड़ा हुई। मुगल काल में भी दिल्ली से सम्पर्क रहने पर भी यह भाग मुगल साम्राज्य में नहीं आया और यहां का विकास अपने ही ढंग से होता रहा। अन्य सारे देश में इस्लाम के आगमन से जो परिवर्तन हुए, वह परिवर्तन इस पर्वतीय भू-भाग में नहीं हुआ। (केवल इस्लाम के प्रसार के कारण धर्म-भीरु जनता मैदान के विभिन्न अञ्चलों से यहां आकर बसने लगी)। अतः कहा जा सकता है कि उन्नीसवीं शताब्दी में ही इस भू-भाग का सीधा सम्बन्ध देश के साम्राज्य के एक अंग के रूप में हुआ। इस सबकी प्रत्यक्ष छाप यहां के लोक-जीवन, परम्पराओं और लोक साहित्य, विशेष रूपेण लोग गाथाओं पर पड़ा है।'[1]

डॉ० पाण्डे ने अपने 'शोध-प्रबन्ध' में बताया है कि गाथा में वर्णित स्थान या जातियां ऐतिहासिक रही है। उनका क्रम किसी न किसी रूप में अभी तक भी मिलता हैं। मालूशाही कत्यूरी वंश का था। स्थानीय इतिहास कत्यूरी वंश का केवल संकेत मात्र करता है जिसकी स्थिति चन्द साम्राज्य से पहले की थी। कत्यूर वंश का अधिक वर्णन हमें लोक गाथाओं द्वारा मिलता है। कत्यूर वंश की पहले राजधानी जोशीमठ थी, बाद में साम्राज्य विस्तार होने पर उनकी राजधानी अल्मोड़ा की कत्यूर घाटी में हुई। गाथाओं

---

१. कुमाऊँ का लोक साहित्य—डा० त्रिलोचन पांडे, पृ० १६४-१६५

में धामदेव व ब्रह्मदेव का नाम आता है। ब्रह्मदेव ने थोरचन्द-भागचन्द की सेनाओं को हराया था। चम्पावत के राजा निर्मलचन्द ने अपने पुत्र के विवाह का प्रस्ताव जिस दोतीगढ़ की खसिया राजकुमारी 'बिरिया दोत्याली' से किया था, उसी के साथ ब्रह्मदेव का सम्बन्ध भी हुआ था। थोरचन्द का समय १२६१ ई० से १२७५ ई० तक माना जाता है। अतः ब्रह्मदेव का समय भी तेरहवीं शताब्दी में माना जा सकता है। कत्यूरों की अस्कोट बशावली में अन्तिम पांच नाम—प्रीतम देव, धामदेव, ब्रह्मदेव, त्रिलोकी पाल तथा अभयपाल हैं। अभयपाल सन् १२७९ में कत्यूर छोड़कर असकोट चला गया। अभयपाल ने अपनी उपाधि 'देव' से पाल कर दी थी। प्रत्येक राजा के लिए बीस वर्ष के समय का अन्तराल छोड़ा जाय तो भी ब्रह्मदेव का समय तेरहवी सदी का मध्य भाग ठहरता है। ब्रह्मदेव के समय कत्यूरी वंश का अवसान समझना चाहिए। मालूशाही को धामदेव व ब्रह्मदेव का समकालीन समझने पर उसका समय भी तेरहवीं सदी के लगभग ही अनिश्चित होता है। जियाराणी जागर में जियाराणी को धामदेव या ब्रह्मदेव की पत्नी माना है। गाथा के अनुसार शिव की कृपा से उनका पुत्र दुलशायी हुआ। ["मायापुरी नायो जिया ले, दुलासायी पायो, तब दियो गुरु ले आधार"] यदि यह दुलसाही तथा मालू का पिता दुलसाही एक ही व्यक्ति थे, तब तो मालूशाही का समय और ली बाद का ठहरता है। इसका आधार द्वाराहाट और डोटी की वंशावलियां हैं। मालूशाही की स्थिति कत्यूर वंश के अवसान की स्थिति हैं।

दूसरी ओर राजुली की माता गाङुली का प्रसङ्ग भी कल्पना प्रसूत नहीं है। कहा जाता है गांऊली बड़ी दानी थी, अल्मोड़े से मिलम तक प्रत्येक पड़ाव में उसके नाम की धर्मशालाएँ बनी हैं। 'सुनपति सौक भी ऐतिहासिक व्यक्ति माना गया है, क्योंकि सुनपति ने मन्दाकिनी का तटवर्ती प्रान्त बसाया और व्यापारिक मार्ग खुलवाये। इसका उल्लेख बद्रीदत्त पाण्डे जी ने अपने इतिहास में किया है।'

लोकसाहित्य में सूर्यवंशी परम्परा—कुमाऊँनी लोक-गाथा परम्परा के अनुसार मालूशाही कत्यूर का राजकुमार था। ये कत्यूरवंशी सूर्यवंशी राजपूत थे, जो स्थान विशेष में निवास करने के कारण कत्यूरी कहलाये। इसी वंश में पहले रामचन्द्र जी भी उत्पन्न हुए। लोक गायक आज भी जागरवासीओं में, नवरात्रियों में, या लोकउत्सवों में कत्यूरी वंश के राजाओं की वंशावली

का संकीर्त्तन करता है। 'कुमाऊँनी साहित्य सदन' दिल्ली द्वारा प्रकाशित और चिन्तामणी पालीवाल कृत 'कुगाऊँ के सम्राट' (चारों भाग) में जिस वंशावली का बखान किया हैं, उसका सम्बन्ध मूलतः आदि पुरुष मनु से लिया गया है। यह सम्भव है कि अपनी जाति एवं वंश की महत्ता को बनाए रखने के लिए प्रत्येक वंश ने ऐसा ही किया हो। प्रस्तुत वंशावली इतिहास में सुलभ वंशावली से कहीं मेल खाती है, कहीं क्रम विपर्यय है और कहीं एकदम दिशान्तरण है। चूँकि लोक-जीवन लोक-साहित्य की एक परम्परागत एवं चिरकालिक धारा से अनुप्राणित होता आया है, अस्तु इतिहास या उदात्त साहित्य से साम्य न रखने के कारण लोक साहित्य में सुलभ इस वंशानुक्रम को एकदम नकारते हुए उपेक्षित समझना भी ठीक नहीं। हमें इस क्रम विपर्यय, दिशान्तरण, नामान्तरण, के कारण तथा परिस्थितियों पर विचार करना चाहिए। इस नम्बन्ध में यह भी द्रष्टव्य है कि इस लोक साहित्य की निर्मल धारा को परम्परागत रूप से मौखिक या श्रुतिरूप में आगे बढ़ाने वाला लोक-गायक प्रायः निरक्षर किन्तु प्रतिभासम्पन्न बृहस्पति होता है। श्रुति परम्परा के कारण बहुत कुछ क्रम विपर्यय होना स्वाभाविक है। पुनश्च, अपने आराध्य राजवंश के नामों का संकीर्त्तन करना उसका प्रथम लक्ष्य है, कालक्रम तो उसके लिए गौण है। अतीत के परतों में दस-बीस या पचास-साठ वर्षों का अन्तर लोक-गायक के लिए नगण्य सा हो जाता है।

श्री चिन्तामणी पालीवाल के अनुसार यह वंशावली इस प्रकार है - 'सृष्टि के मूल में मनु और सतरूप का निर्माण ब्रह्मा ने किया। मनु के पुत्र राजा उत्तानपाद हुए और उनके पुत्र ध्रुव हुए। चौथी अवस्था में मनु सन्यासी हो गये और दूसरे जन्म में वे राजा दशरथ के रूप में अवतरित हुए। इसी वंश में फिर राजा सगर हुए, जिनके साठ हजार पुत्र जलकर मर गये थे। सगर के दूसरे पुत्र अंशुमान हुए, जिन्होंने राजा दिलीप को जन्म दिया। राजा दिलीप के पुत्र-पौत्र इस प्रकार हुए— भगीरथ, कुकस्थान, राजा रघु, अज, दशरथ, श्रीराम, (भरत लक्ष्मण और शत्रुघ्न सहित) लव-कुश (भरत आदि तीनों भाइयों के भी दो-दो पुत्र हुए)। एक बार खिन्न होकर अयोध्या नगरी कुश के पास गयी और उसने बताया कि वह रघु-वंशियों की वैभवशालिनी राजधानी अयोध्या है, जो आज उदासीन होकर पुनः वैभवार्जन हेतु प्रार्थना करने आयी है। कुश ने उनकी प्रार्थना मान ली

और अयोध्या नगरी को खूब सजाया गया और प्रजा को खूब दान दिया गया। कुश ने नाग राजा कुमुद को जीतकर उसकी पुत्री कुमुदिनी के साथ अग्नि की साक्ष्य रखकर गान्धर्व विवाह किया। इसी कुमुदिनी की गोद से राजा अतिथि पैदा हुए, जिसका राज्य बड़ा सम्पन्न था। अतिथि का विवाह निशोथ राजा की कन्या निशीथिनी से हुआ जिनसे निशिधि नाम का पुत्र हुआ। निशिध से नल हुए और फिर वंशानुक्रम इस प्रकार आगे बढ़ा— नल-नभ पुण्डरीक-क्षेम धन्वा-देवनीक-आदि नग-परियान्त, शीलवान, उन्नाम, व्रिजघोष, शंखणाव, विशान्त, विम्बाखट्ट हुर्षायम, वैश्वम, ब्रह्मरिष्ट, पुत्ररथ, पुष्य, ध्रुवसन्धि, सुदर्शन, अग्निवर्ण हुए। अग्निवर्ण विलासी एवं कामुक राजा हुए जो वृद्धावस्था में क्षयरोग से पीड़ित होकर मर गये। मरते समय तक राजा निःसन्तान थे, केवल एक रानी तब तीन माह से गर्भवती थी। प्रजा की आशा उसी गर्भ में टिकी थी। यथा समय रानी ने सिन्धु नाम के राजकुमार को जन्म दिया। प्रजा में अपार प्रसन्नता की लहर दौड़ पड़ी। तिरोहित होता हुआ रघुवंश फिर एक बार वृद्धिश्री पाने लगा। राजा सिन्धु बड़े योग्य एवं ज्ञानी राजा हुए। फिर वंशानुक्रम इस प्रकार आगे बढ़ा—

सिन्धु, श्रीमख, श्रीप्रसुभुत, सेधि, अमरहण, सदसवान, विश्ववाहु, प्रसेनजित, तक्षक, विट्ठल, विहर्दण, विश्वविद्ध, प्रतिव्योम, राजाभान, दिवाकर, सहदेव, बृहदश्वदेव, मनुभान, प्रतिकर्षवान, सुप्रतीक, भरवदेव, सुनखतर, पुष्कर, अन्तरिक्षनर, अविभाजन, वृद्धाजमित्र, बद्री, कृतज्या, रणज्या, संजया, शाक्य, सुहृदयदेव, देगल, प्रसेनजित, शुद्धक, कनक, सूर्याख्य, सुनाम इत्यादि हुए। द्वापर के अन्त में सूर्यवंशियों की जातियां अयोध्या से अन्यत्र स्थानों में जाकर रहने लगी। इसी सूर्यवंश में से शालिवाहन नामक एक राजकुमार उत्तराखण्ड पर्यटन के लिए गया। जोशीमठ (बद्रीनाथ के समीप) नामक स्थान के पास नृसिंह भगवान का प्राचीन मन्दिर था। उस स्थान की प्राकृतिक शोभा और शीतल जलवायु ने शालिवाहन का मन लुभा दिया और वह वहीं निवास कर राज्य स्थापित करने लगा। शीतकाल में उसकी राजधानी तराई भावर में खैरागढ़ धामपुर, ढिकुली, कालाढूंगी, सीतावनी इत्यादि स्थानों में शिविर लगाकर रहती थी। सात पीढ़ी तक जोशीमठ में राजधानी रही, फिर कार्तिकेयपुर-कत्यूर नामक स्थान में राजधानी बदली, तभी से ये कत्यूरिया कहलाये।

सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी जोशीमठ से कत्यूर बदलने का भी

एक कारण है। जोशीमठ में वासुदेव नामक राजा बड़ा पराक्रमी और पुण्यात्मा था। उसकी महारानी भी तद्नुकूल धर्मपरायणा और पतिव्रता थीं। एक दिन जब राजा आखेट को जगल गये थे तो भगवान नृसिंह ने उसकी परीक्षा लेनी चाही। भगवान नृसिंह तापस वेश में महारानी के पास गये। महारानी ने मोती और मणियों की भिक्षा सन्यासी को देनी चाही, किन्तु तापस ने कहा कि वह इन बहुमूल्य वस्तुओं की भिक्षा का अभिलाषी नहीं है, वह रानी के हाथ का बना भोजन करना चाहता हैं। महारानी ने बताया कि इस दोपहर के समय में न घर में दही, दूध, घी है और न पानी। योगी ने अपनी योगमाया रचते हुए कहा कि जाओ तुम्हारे घर में दही, दूध, घी भरपूर मात्रा में है। योगी ने अपना चिमटा पृथ्वी में रोपा तो युगल जल धाराएँ आकाश को चूमने के लिए उछल पड़ी। प्रसन्नता एवं श्रद्धावनत होकर महारानी ने मधुर भोजन बनाया और तापस ने प्रेम-पूर्वक भोजन किया। सन्यासी ने कुछ देर विश्राम करने की इच्छा व्यक्त की तो महारानी ने पलंग को सजा दिया और योगी विश्राम करने लगे। इसी बीच महाराज वासुदेव आखेट से लौटे, महारानी अन्तःपुर के कार्यों में व्यस्त थीं। राजा ने पलंग पर परपुरुष को सोये हुए देखकर बिना पूछे और विचारे ही सुप्त पुरुष पर तलवार का प्रहार कर दिया। तापस का हाथ कटा और उससे रक्त के स्थान पर दुग्धधारा प्रवाहित होने लगी। आश्चर्यचकित होकर राजा ने रानी से पूछताछ की और रानी ने सारा वृतान्त कह सुनाया। राजा को नृसिंह भगवान का स्मरण हो आया, उसने हाथ जोड़कर नृसिंह से क्षमा याचना की, और आत्मकृत अपराध के प्रायश्चित के लिए शाप पाने के लिए प्रार्थना की। भगवान नृसिंह ने अपना परिचय देते हुए कहा कि तुम्हारे घर के दया-दाक्षिण भाव के कारण तुम्हारे वंश में अभी कई प्रतापी एवं यशस्वी राजा होंगे। किन्तु तुमने बिना जाने पूछे मुझपर प्रहार किया है अतः तुम्हें एक शाप भी देता हूँ। तुम्हारे प्रहार के कारण मन्दिर में मेरी मूर्ति में घाव हो चुका है, अतः अब तुम्हें इस स्थान पर रहना उचित नहीं। तुम्हें अपनी राजधानी कहीं अन्यत्र बनानी चाहिए। इसी में तुम्हारा कल्याण है। किन्तु ध्यान रखो जिस दिन इस मूर्ति का यह घाव वाला साथ टूट जायगा उसी दिन तुम्हारा राज्य एवं राजवंश दोनों छिन्न-भिन्न होकर विनाश को प्राप्त होंगे। राजा ने बड़े शान्त भाव से नृसिंह का शाप एवं आदेश शिरोधार्य किया। तभी से सूर्यवंशियों ने अपनी राजधानी जोशीमठ से कत्यूर बनायी।

इस वंश में बड़े-बड़े पराक्रमी एवं तेजस्वी राजा हुए जिन्होंने चक्रवर्ती गिरिराज, चूड़ामणि, और महाराज आदि अनेक उपाधियां धारण की, जो उनके सर्वथा योग्य थी। उनका राज्य दिल्ली, रुहेलखण्ड, कामरूप की पर्वतीय सीमा तक और पश्चिम में अफगानिस्तान के सीमावर्ती पर्वतीय भागों तक फैला हुआ था। कत्यूरी राजा जहाँ पर जो प्रमुख कार्य सम्पन्न करते थे वहाँ पर बृहद्स्तम्भ गाड़ देते थे। इन कत्यूरी राजाओं ने कुमाऊँ और गढ़वाल में कई मन्दिर, स्तम्भ, द्वार (खोला) एवं बावड़ियां बनायीं, इन मन्दिरों में द्रोणागिरि मन्दिर, बागेश्वर मन्दिर, द्वाराहाट के मन्दिर और नौले (बावड़ियां) विभांडेश्वर, पट्टी बल्ला नया में कमराड़ मानिला के मन्दिर तल्ला दोरा के बारह बृहद स्तम्भ इत्यादि प्रसिद्ध हैं। इन राजाओं ने मन्दिरों के नाम कई गांव जागीर (गूँठ) में दिये। काठगोदाम के पास 'गौला' नदी के किनारे रानीबाग कत्यूरी रानी द्वारा ही बसाया हुआ है, जहाँ एक समय सुन्दर बगीचा था। रानी क्षेत्र (रानीखेत) भी रानी ने ही बसाया था वहां सुन्दर छायादार वृक्ष लगाये और रानी कभी-कभी वहां घूमने के लिए जाया करती थीं।

बासुदेव के पुत्र कनकदेव हुए, जो काबुल के पास युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। फिर वंशानुक्रम इस प्रकार आगे बढ़ा—कनकदेव, बसन्तदेव, कल्याणदेव, त्रिभुवनदेव, निंबलदेव, ललितसूरदेव, भूदेव हुए। फिर राजा और रानी युग्म से वंशानुक्रम आगे बढ़ा—निवृतनाथ-देवरानी, इष्टदेव-दिशामहारानी, ललितमोहनदेव-श्यामामहारानी, नलोनादित्य-सिंहावलीरानी, इच्छटदेव-सिन्धुदेवी, देसट सम्राट-पदमलदेवी, पदमलदेव-इसालदेवरानी और फिर सुभिक्षण नामक राजा बड़े गुणी और ज्ञानी हुए। ललितसूरदेव के पुत्र भूदेव बड़े ज्ञानी, धर्मात्मा, पराक्रमी राजा हुए। वे भूत-पूजा, पशुबलिदान एवं अप्राकृतिक शक्तियों (परी, आंचरी, खिचरी, बयाल इत्यादि) की पूजा भी नहीं करते थे। सनातन एवं वैदिक धर्म के कट्टर पोषक थे। वे बौद्ध धर्म के कट्टर विरोधी थे। भूदेव से पहले कुमाऊँ में बौद्ध धर्म का प्रचार हो चुका था। भूदेव ने बौद्ध धर्म को कुमाऊँ से हटाया। उस समय स्त्रियों में कोई पर्दा प्रथा नहीं थी। सब लोग सदाचारी थे। इनका साम्राज्य काफी वितृत था। कुछ समय तक दिल्ली में भी इनका राज्य था।

दसवीं शताब्दी के बाद कत्यूरी वंश का ह्रास सा हो गया। ये कई

शाखाओं में विभक्त होकर कई स्थानों को गये और वहां उनके वंश पल्लवित एवं पुष्पित हुए। एक शाखा गंगोलीहाट (मणाकोरी) गयी तो दूसरी डोठी (नैपाल) गयी। एक अस्कोट (पालरजबार वंश) को गई तो दूसरी पाली पछों (द्वाराहाट, बैराठ, लखनपुर) और तीसरी गढ़वाल को गयी। कत्यूर में एक ही शाखा रही। दसवीं सदी के बाद कत्यूरियों के छोटे-छोटे माण्डलिक (आंचलिक) राज्य हुए। इन माण्डलिक राज्यों में न कोई महान कार्य हुए और न इनमें परस्पर प्रेम-सहयोग एवं एकता ही रही। विस्तृत राज्य छिन्न-भिन्न हो गया और केवल कुमाऊँ के अञ्चल में इनके छोटे-छोटे राज्य सीमित हो गये। कत्यूरियों की एक शाखा के अन्तिम राजा धामदेव और दूसरी शाखा के अन्तिम राजा ब्रह्मदेव थे।

कत्यूरी वंश की पाली पछाऊँ वाली शाखा पश्चिमी रामगंगा के तट पर लखनपुर (जहाँ आज भी प्राचीन खण्डहर विद्यमान हैं) में जाकर बस गयी। भीम और पामा नामक दो कठायत इसी दरबार में थे। स्यूँरा और प्यूँरा नामक दो मल्ल भी वहां थे। मंगल पठान नामक पहलवान जो कत्यूरों से युद्ध में हार गया था इनसे सन्धि करके इन्हीं के दरबार में रहने लगा था। बहूसेजपाल इनका राजज्योतिषी था। खगेदास तथा भेकदास भी इनके बड़े ज्ञानी गुरु थे। धामदेव का राज्य तराई में धामपुर और बिजनौर तक फैला हुआ था। धर्मपुर, धामपुर को धर्मदेव, धामदेव ने ही बसाया। अन्त में कत्यूरियों ने बड़े अत्याचार और अनाचार किये, जिससे प्रजा खिन्न व त्रस्त हो उठी। चंद वंशी राजाओं के हमले हुए प्रजा ने राजा का साथ नहीं दिया, जिससे कत्यूरी वंश नष्ट हो गया और चन्द वंश गद्दी पर बैठा। लोकगायक कत्युरियों की पिंडाई का वाचन तथा पाठ करता है। इन औजी (लोक गायकों का मन्तव्य है कि रानी धर्मा से धामदेव (धर्मदेव तथा रानी दुदा से दुलशाही पैदा हुए। इनकी दूसरी शाखा में सिद्दमा-विरमा-ब्रह्मदेव और तीसरी शाखा में भीकमा-पितमा हुए। आलसाई, पालसाई, लंगड़ा लाड़म साई इत्यादि साई, शाही परम्परा में मालूशाही अतीव प्रसिद्ध हुए, जिन्होंने भोट की राजुला कन्या से विवाह किया।

'कत्यूरों की जतरा' के अनुसार पहले राजा छोट थे, छोट के अछोट, उसके अरया और फिर बरया हुए। बरया की पुत्री अदेलमती बड़ी रूपवती, शीलवती और धर्मनिष्ठा थी। उससे आसन्तीदेव और फिर बासन्तीदेव, नारङ्गदेव, सारङ्गदेव, सुजान मणिपाल के पृथ्वीपाल हुए। पृथ्वीपाल की

रानी जिया थी। जियारानी से धामदेव पैदा हुए। दूसरी शाखा के राजा बीरमा-ब्रह्मदेव हुए, जिसके वंश में बत्तीस पीढी तक प्रसिद्ध लोग होने रहे, जिसमें भीकमसाई, पीतमसाई, डूना न्याड़मसाई राजा मालूसाई हुए। धामदेव ने बेलाणी का नकुवा मसाण साधा और ब्रह्मदेव ने नौकुचियावाल का पठाण साधा। तीसरी शाखा के राजा मालूसाई ने भोट से राजुली को लाकर उससे शादी की। लखनपुर में उसकी राजधानी के बड़े ठाट-बाट थे–' आसन बाँका, बासन बाँका, बांधा सिंहासन बांका।"

कत्यूरों की वंशावली की एक शाखा इस प्रकार से भी वर्णित है — शालिवाहनदेव- संजयदेव- कुमारदेव- हरिदेव- ब्रह्मशंखदेव- त्रिजदेव- वाणज्यदेव बिक्रमदेव- सारंगदेव- किलायदेव- भोजदेव- विजयपालदेव- भुजेन्द्रदेव- समसिदेव- असालदेव- असोकदेव- नागजादेव- कामज्यदेव- शलिनकुलदेव- गणपति- पृथ्वीधर- जयसिंहदेव- शंखचर- शंखेश्वर- सोमेश्वरदेव- शिवदेव- सत्यदेव- सिन्धुदेव- विनयकिलाड़ादेव- रणफीनदेव- नीरजदेव बज्रबाहुदेव- सिद्धदेव- गौरांगदेव- शाण्डिल्यदेव- ह्रुपीनरदेव- तिलकराजदेव- उदगशीलदेव- प्रीत्तमदेव- धामदेव- ब्रह्मदेव। इनमें अन्तिम राजा त्रिलोकपाल थे। अभयराज अस्कोट जाकर वहीं अपनी राजधानी बनाकर रहने लगे। त्रिलोकपाल के पुत्र अपने को मल कहलाने लगे। उसी में एक नागमल वंश भी हुआ। नागमल के दो पुत्र अर्जुनशाही और रामसेरमल हुए। 'शाही' और 'मल' से पहले 'पाल' संज्ञक कितने ही राजा हुए। निर्भयपाल- भारती-पाल- भूपाल-भैरवपाल- रतनशेरपाल- श्यामपाल- शाहपाल- साईपाल- सुरजन भोजपाल- भर्तृपाल- सुरजन अच्छपाल त्रिलोकपाल- सूहजजगतपाल- प्रजापाल रायपाल महेन्द्रपाल- जयनपाल- बीरबलपाल- अमरसिंहपाल- अभयपाल- उच्छपाल- बिजयपाल- रुद्रपाल- महेन्द्रपाल- बहादुरपाल- पुष्करपाल- कुंवर गोविन्दसिंह और गजेपाल, भूपेन्द्रपाल हुए।

कत्यूरों की डोटी को गई हुए वंशावली के नाम इस प्रकार है शालिह्म शक्तिवाहन- ब्रह्मदेव- ब्रह्मध्रजदेव- विक्रमदेव- धर्मपाल- नीलपाल- पूरजारजदेव, भोजराज, अगरदेव, असालदेव, सारंगनकुलदेव, जयसिंहदेव, अनिजाल विद्याराज पृथ्वीश्वरदेव, कनपालदेव, आसन्ती, वासन्ती, कटारमल, सिंहमल, निर्मलराज, नीलराज, बज्रबाहुदेव, गौरावमल, सीयामल, इन्तराज देव, नीलदेव, फटकशिलादेव, पृथ्वीदेव, धामदेव, ब्रह्मदेव, त्रियसीकदेव निरंजन, नागमल अर्जुनसाई, भूपतिशाही, हरिशाही, रामप्रवरशाही,

रुद्रशाही, विक्रमशाही, मान्धाताशाही, रघुनाथहरशाही, कृष्णसाई, दीपसाई, विष्णुसाई, प्रदीपसाई और अन्तिम हुए हंस साई'।

श्री चिन्तामणि पालीवाल ने जो उक्त वंशावलियां दी हैं, उनमें श्रुति परम्परा से प्रचलित कत्यूरियों के जागर एवं पिड़ाई में सुलभ सामग्री, श्री बद्रीदत्त पाण्डे जी द्वारा लिखित इतिहास, श्री रुद्रदत्त पन्त, अठकिन्सन; कनिंघम इत्यादि के तथ्यों को मिश्रित रूप में लिया है। अत: उसमें यत्र-तत्र क्रम विपर्यय, पुनरुक्ति इत्यादि आना स्वाभाविक है। उन्होंने कई नामों को आंचलिक लोक भाषा के रूप में लिखा है, अत: शुद्ध नामों की जानकारी कठिनता से होती है। तथापि श्री पालीवाल का प्रयास अपनी लोकसाहित्य सेवा की दृष्टि से स्तुत्य है।

कुमाऊँ का प्रदेश अति प्राचीन समय से ही देवताओं की लीलाभूमि, अवतारों की विहार भूमि और ऋषि-मुनियों के चिन्तन एवं साधना का पवित्र स्थल रहा है। 'मानस खण्ड' में हिमालय तथा इस भूमि की प्राचीनता महत्ता, एवं पवित्रता का संकेत मिलता है। यह मानसखण्ड 'स्कन्दपुराण' का एक छोटा खण्ड है जो राजा जनमेजय तथा सूतपौराणिक के बीच वार्तालाप से प्रारम्भ होता है। सती के भस्म होने के बाद शिवजी उदासीन एवं विरक्त भावना से झांकरसैम (जागेश्वर) पर्वतमाला में स्थित के वन में नग्नावस्था में समाधिस्थ थे। सप्तर्षियों (मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, वशिष्ठ) की पत्नियां समिधा एकत्रित करने जंगल गयीं थीं। शिव के शरीर के सौन्दर्य को देखकर वे शिव के चारों ओर घिर गयीं और दूसरे दिन तक वहीं पड़ी रहीं। जब सप्तर्षि गण दूसरे दिन अपनी पत्नियों को ढूंढ़ते वहां पहुँचे तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नियां शिव के चारों ओर बेहोश पड़ी थीं। आवेश में आकर शिव को उन्होंने शाप दिया कि जिस लिंग या इन्द्रिय के कारण तुमने यह अनाचार किया वह जमीन में टूटकर गिर जाय। शिवजी ने भी प्रत्युत्तर में कहा कि तुम लोगों ने अकारण ही मुझे शाप दिया है, तुमने मुझे शंकित दशा में देखा तभी शाप दिया। अत: मैं अपने शाप का प्रतिकार नहीं करूंगा। शिवजी ने कहा कि तुम सातों आकाश में चमकोगे। शिवलिंग के जमीन में गिरने और पृथ्वी में कई स्थानों पर लिंग के प्रकट होने के कारण देवताओं ने शिवलिंग की स्तुति 'यागीश' के रूप में की। इस प्रकार वह स्थान आज भी जागेश्वर नाम से जाना जाता है। कई ज्योतिर्लिंग वहां पर विद्यमान हैं।

महाभारत में ऋषि पत्नियों के साथ इस रमण को यज्ञ के रूपक से बांधा है जहां शिव, अग्नि और ऋषि पत्नियों स्वाहा की प्रतीक हैं। शिव के वीर्य को एक स्वर्णघट में एकत्रित किया जिससे स्कन्द उत्पन्न हुए। कैलाश में रहने वाले कृतिकों (किरातों) के द्वारा कुमार का पालन-पोषण हुआ तभी वे कार्तिकेय कहलाये। उनके छः शिर व बारह हाथ थे। चूँकि वशिष्ठ की पत्नी अरुन्धती ने शिव के साथ रमण में भाग नहीं लिया, इसलिए कुमार के छः ही शिर हुए। इसके बाद शिव ने कामदेव को भस्म किया और वे सजधज के साथ पार्वती के साथ विवाह करने चल पड़े। कत्यूर में गरुड़ गंगा और गोमती नदी के संगम पर शिवजी ने विश्राम किया तो वहां की सम्पूर्ण वनस्पतियां औषधि रूप में परिवर्तित हो गयी तब से वह स्थान बैद्यनाथ (बैजनाथ) कहलाया। वस्तुतः कुमारसम्भव में वर्णित पौराणिक आख्यान इससे कुछ भिन्न है, जिसमें तारकासुर के वध के लिए शिवजी के वीर्य से उत्पन्न पुत्र (कुमार) के सम्भव (उत्पत्ति) के लिए ही कामदेव भस्म और पार्वती का विवाह रचा गया।

श्री बद्रीदत्त पाण्डे ने अपने इतिहास में सभी सुलभ प्राचीन एवं अर्वाचीन सामग्री का प्रयोग किया है। उन्होंने अठकिन्सन इत्यादि अंग्रेज कमिश्नर (लेखक) के मतों के साथ-साथ रुद्रदत्त पन्त एवं पं० मनोरथ इत्यादि कूर्माञ्चलीय विद्वानों के मतों को भी लेकर उसकी समीक्षा की है।

'एक समय कुमाऊँ और उसके चारों ओर समीपवर्ती भू-भाग पर कत्यूरियों का एकछत्र राज्य था। बाद में कालक्रम के कारण यह छिन्न-भिन्न हो गया और चन्द राजाओं के प्रयास से फिर इसमें राजनीतिक एकता आयी। महाभारत के सभापर्व के २७-२९ अध्यायों के उल्लेखों से स्पष्ट है कि जब युधिष्टिर ने अपने चारों भाइयों को दिग्विजय के लिए भेजा तो उन्हें इस पर्वतीय अञ्चल के कई क्षत्रिय राजाओं से युद्ध करना पड़ा। ये राजा पाण्डवों के राजसूय यज्ञ में कर तथा उपहार लेकर उपस्थित हुए। कुछ ऐतिहासिक तथ्यों से इस बात का भी संकेत मिलता है कि लगभग २५०० ई० पू० से ही ये सूर्यवंशी राजा कुमाऊँ में राज्य करते थे। अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं का राज्य-विस्तार यहां तक था, जो परवर्ती युग में एक स्वतन्त्र राज्य बन गया। यह तो स्पष्ट है कि प्राचीन काल में कत्यूरी लोगों का यहाँ बड़ा शक्तिशाली राज्य था। किन्तु खसों के बाद कत्यूरी आये या दोनों लगभग साथ-साथ सत्ता में आये, यह स्पष्ट नहीं है। सूर्यवंशी (कत्यूर

वंशी) राजाओं के बाद भी चन्द शासन काल में दो-ढाई वर्षों तक खश राज्य पुनः यहां पनपा। फिर भी यह कहा जा सकता है कि खश यहां के मूल निवासी थे और कत्यूरी इत्यादि बाहर से आने वाले राजवंश बाद में ही आये। डा० लक्ष्मीदत्त जोशी के खस फैमिली लॉ [पृष्ठ २६, २७, पाण्डे जी द्वारा उद्धृत] में यह लिखा है कि 'खश आर्यों से पहले यहाँ आए, उनके रूप, रंग, भाषा, सूरत आर्यों से मेल खाते थे, अतः खश वैदिक संहिताओं के रचनाकाल से पहले यहां आकर सुव्यवस्थित रूप में रहने लगे थे।

कत्यूरी शासन में यहाँ शक और हूणों का भी राज्य रहा, किन्तु वह अलग-अलग कालांशों में, अल्प समय के लिए और कुछ सीमित क्षेत्रों में ही रहा। कनिष्क युग में शक और मिहिर कुल तथा तोरमाण हूणों ने कुछ समय तक कत्यूरी शासन का कुछ भाग छीना। लगता है खश राजाओं में कोई भी इतना बड़ा चक्रवर्ती नहीं हुआ जिसने सारे पर्वतीय भाग पर राज-नीतिक एकता एवं स्थिरता स्थापित की हो। सभी राजा छोटे-मोटे भू-भाग में रहते थे और प्रत्येक का अपना किला था, जिसे कोट कहा जाता था। यद्यपि इतनी दीर्घावधि, राजनीतिक धार्मिक विप्लवों और परिवर्तनों के बाद आज उन किलों का भौतिक अस्तित्व नहीं रहा है, फिर भी उनके नाम पर 'कोट', संज्ञक स्थान आज भी सैकड़ों हैं। प्रत्येक आठ या दस वर्गमील के क्षेत्र में कोई न कोई 'कोट' संज्ञक स्थान आज भी मिल जायेगा। इन किलों को 'कोट', गढ़ी या बुङ्गा भी कहा जाता है। कुछ पुरातत्वविद रानीखेत, रामनगर मोटर मार्ग में स्थित रामगंगा के पास 'ढिकुली' को इस क्षेत्र की सबसे बड़ी प्राचीन बस्ती मानते हैं, जिसकी सामग्री से आधुनिक रामनगर बसा है। यहाँ कत्यूरियों से पहले कोई कुरुवंशी राजा रहता था, जहां पाण्डवों ने अपना अज्ञातवास बिताया था। यदि उसे पाण्डवों के अज्ञातवास वाला विराट नगर मानें तो अधिक सन्देह उत्पन्न होता है, क्योंकि विराट नगर नाम के शहर कई रहे हैं—नैपाल में, देहरादून की घाटी के समीप जौनसार भावर में, या जयपुर के पास राजस्थान में।

यह माना जाता है कि इस पर्वतीय भू-भाग में अयोध्या से आने वाले मूल सूर्यवंशी राजा शालिवाहन थे। उन्होंने पहले अपनी राजधानी जोशीमठ में बनायी और छः-सात पीढ़ी बाद राजधानी कत्यूर घाटी में बनायी गयी। श्री बद्रीदत्त जी जोशीमठ को प्रारम्भिक राजधानी के रूप में नहीं मानते। फारसी इतिहास में फरिश्ते ने संकेत दिया है कि कुमाऊँ के राजा पुरु ने

दिल्ली के राजा दिल्लू को हराया और इसी पुरु से सिकन्दर की लडाई हुई थी। कुछ लोग स्यूँरा-प्यूँरा दो पहलवानों को सिकन्दर तथा पोरस मानते हैं। कुछ उनको दो खश वंशीय सुभट मानते हैं। कोई इनका सम्बन्ध वैराठ लखनपुर के कत्यूरी दरबार के सुभटों से जोड़ते हैं। हरु तथा सैम गाथा में वे दोनों पहलवान छिपुलाकोट के राजा के अंगरक्षक माने गये हैं। जो भी हो वे सिकन्दर और पोरस किसी प्रकार से भी नहीं है।

सातवीं सदी में चीनी यात्री ह्वान-चुवांग भारत आया। वह ब्रह्मपुर लखनपुर गया, जहाँ ब्राह्मण धर्म एवं बौद्ध धर्म दोनों के विद्वान रहते थे। ऐसा भी अनुमान है कि वैदिक धर्म से पहले यहां बौद्ध धर्म का प्रसार हो चुका था। प्रारम्भ में कत्यूरी राजा भी बौद्ध धर्म के अनुयायी थे और आठवीं शती में शंकर की दिग्विजय के बाद यहां से बौद्ध धर्म उठने लगा और यहां सनातन धर्म का बोलबाला होने लगा। ब्रह्मपुर का राज्य छठी सदी के पूर्व कुमाऊँ में आ गया था और लखनपुर उसकी राजधानी थी। लोक गायक कहता है—'आसन बीका, बासन बीका, सिंहासन बीका, बीका ब्रह्मपुर, बीका लखनपुर।'' आसन्तीदेव, बासन्तीदेव कत्यूरियों की डोटी अस्कोट तथा पाली पछाऊँ वाली तीनों शाखाओं में सुलभ हैं। इसमें आसन-बासन का अर्थ सुख-समृद्धि के साधनों एवं ऐश्वर्य तथा वैभव के उपकरणों के लिए भी प्रयुक्त हो सकता है।

ऐसा कहा जाता है कि जोशीमठ से कत्यूर आते हुए सूर्यवंशी राजाओं ने बैजनाथ के पास स्वामी कार्तिकेय के नाम से कार्तिकेयपुर बसाया जो बाद में एक समय करवीरपुर भी कहा गया। इस स्थान विशेष में बसने के कारण ही ये लोग कत्युरिये कहलाये या उन्होंने इस घाटी का नाम ही अपने वंश से सम्बन्ध कार्तिकेयपुर के आधार पर कत्यूर रखा, यह विवादास्पद है। परन्तु हमारी मान्यता है कि स्थान विशेष के कारण ही वे कत्यूर वंशी कहलाये। पाण्डे जी ने अठकिन्सन की यह मान्यता लेकर समीक्षा की है, जिसमें कत्यूरियों को काश्मीर के कटूरी, कटौर से जोड़ा है और काश्मीर के वासुदेव तथा जोशीमठ से राजधानी बदलने वाले वासुदेव को एक व्यक्ति बताने की चेष्टा की है। कत्यूरियों के राज्य में दूर-दूर राजदूत रहते थे। उन्होने कई निर्माण एवं स्थापत्य कला के कार्य किये। उनके इतिहास को विस्तृत रूप से जानने की हमारे पास कोई सामग्री नहीं है, केवल कुछ शिलालेख, ताम्रपत्र तथा परवर्ती सिक्के ही थोड़ा सा संकेत देते हैं। पर्वतीय

भाग में पाया जाने वाला सबसे पुराना शिलालेख तालेश्वर का माना जाता है। श्री यमुनादत्त वैष्णव ने उसकी चर्चा अपने इतिहास में (पृष्ठ १५३-५४) करते हुए बताया है कि 'इस लेख की प्राचीनता एवं तौलिकता संदिग्ध है। कत्यूरी वंश के बारे में प्रकाश देने वाले चार ताम्रपत्र बद्रीनाथ में सुरक्षित है जिन्हें पाण्डुकेश्वर प्लेट भी कहा जाता।

कुमाऊँ वाले ताम्रपत्र से विजयेश्वर महादेव के लिए गांव को गूँठ (देवताओं के लिए अर्पित भूमि) के रूप में चढ़ाने का प्रमाण है। इसमें राजा सलोनादिनदेव, इच्छटदेव और देशटदेव तीन पीढ़ी के राजाओं के नाम हैं। श्री वैष्णव जी ने इन राजाओं के नाम और काश्मीर के राजाओं के नामों में एक रूपता ढूँढ़कर उन्हें एक बताने का हठात प्रयत्न किया है। इस ताम्रपत्र मे देशटदेव के गद्दी पर बैठने का जो समय उत्कीर्ण है, वह विक्रम सम्वत् से पहले का है। इसी ताम्रपत्र को ११४५ शाके में फिर क्राचल्लदेव (डोटी वंशी कत्यूरी राजा) ने पुनः विमोचित किया और फिर शाके १३४५ में राजा विक्रमचन्द ने इसे बहाल कर दिया।

बागीश्वर (व्याघ्रेश्वर) वाले श्री भूदेव के शिलालेख में भूदेव के सात पूर्वजों के नाम इस क्रम में मिलते हैं। १. बसन्तदेव २. खर्परदेव ३, कल्याणराजदेव (आधिधजदेव) ४. त्रिभुवनराजदेव ५. निम्बर्त्तदेव ६. ईशतारणदेव ७. ललितेश्वरदेव ८. भूदेवदेव। इन आठों ने गिरिराज चक्रचूड़ामणि की उपाधि धारण की। ईशतारण की पत्नी धरादेवी थी जिसने ललितसूरदेव को जन्म दिया। ललितसूर का पुत्र भूदेव बौद्धों का कट्टर शत्रु ब्राह्मण धर्म का उपासक और शैव था।

पाण्डुकेश्वर की प्लेटों (ताम्रपत्र) में तीस पंक्तियां हैं, यह बच्चों के तख्ती के आकार का बना है और हत्थे में राजचिन्ह नन्दी (सांड़) अंकित है। नदी के चित्र के नीचे तीन पंक्तियों में—"श्री निम्बर, उनके चरणों के अनुयायी, श्रीमान् ईष्टगणदेव और उनके चरणानुयायी श्रीमत ललितसूर देव" नाम अंकित हैं। इस लेख में कार्तिकेयपुर का स्पष्ट उल्लेख है और ललितशूर को 'कुशवंशायतंश' कहा है। जिससे यह ज्ञात होता है कि वह राम के पुत्र कुश का ही वंशज रहा हो। इस लेख में नन्दादेवी को भी कत्यूरियों को कुलदेवी के रूप में स्वीकार किया गया है।

ललितशूर के इस ताम्रपत्र में उसे कत्यूरी वंश का नहीं कहा गया है क्योंकि कत्यूरी वंश तो रूढ़ रूप में तब प्रयुक्त हुआ होगा जब इस वंश

की कई शाखायें तथा उपशाखायें विविध स्थानों में जाकर पुष्पित होने लगीं होंगी। ललितशूर के राज्य में ठाट-बाट और सुव्यवस्थित शासन प्रणाली से कई इतिहासकार चकित हो जाते हैं क्योंकि उनके शासन तन्त्र की व्यवस्था कौटिल्य के अनुरूप मिलती है। दूसरी पाण्डुकेसर प्लेट (ताम्रपत्र) भी ललितसूरदेव का ही है, जिसे कार्तिकेयपुर से ही प्रसारित किया गया है। इसमें पनसारी गाँव की भूमि को नारायण मन्दिर के उपनोग के लिए विषवत् संक्रान्ति के दिन गूंठ में देने की घोषणा की है। तीसरा ताम्रपत्र पद्मभटदेव द्वारा कार्तिकेयपुर से ही प्रसारित किया गया जिसमें कुछ गाँवों को बद्रिकाश्रम को समर्पित करने का उल्लेख है। चतुर्थ ताम्रपत्र सुभिक्षराज ने सुभिक्षपुर से प्रसारित किया। इसमें कई कई गांवों को विष्णुगंगा के तटपर स्थित श्री नारायण के मन्दिर को अर्पित करने की घोषणा है। पाँचवा ताम्रपत्र आज दुर्लभ है क्योंकि पण्डित तारादत्त गैरोला ने उन्हें जर्मनी भेजा था, जिसमें से केवल चार ही वापस प्राप्त हुए।

कत्यूरी राजाओं के शिलालेखों से साम्य करते हुए कई लेख बिहार के भागलपुर एवं मुंगेर जिलों में भी मिलते हैं। इन लेखों में राज्य के विविध विभागों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की सूची तथा संख्या दी है जो प्राय: राज्याभिषेक या विशेष अवसरों एकत्रित होते थे जहाँ उन्हें जागीर उच्चपद, प्रशास्तिपत्र, आदि दिये जाते थे। कत्यूरियों के मुंगेर तथा भागलपुर के ताम्रपत्रों में बहुत समानता है। प्रवचन, उपदेश तथा नीतिपरक एवं आशीर्वादी तथा महात्म्य वाले श्लोक भी बहुत कुछ समान हैं। सभी ताम्रपत्र समास बहुल क्लिष्ट संस्कृत भाषा में है।

कुमाऊँ, भागलपुर मुंगेर तथा बंगाल के ताम्रपत्रों की समानता से स्पष्ट है कि या तो कत्यूरी वंश का राज्य वहाँ कभी था या कत्यूरियों ने उन्हें कभी जीता होगा। अथवा बंगाल के पाल या सेन राजाओं ने कभी बद्रीनाथ या कैलाश तीर्थ के बहाने कत्यूरियों की भूमि को जीता हो। अठकिन्सन दूसरे मत के हिमायती हैं जिसमें अधिक वजन नहीं है। यद्यपि कत्यूरी वंश के राजा (अभयपाल १२९७ ई० में) अपने नाम के अन्त में 'पाल' लगाते थे, यह गहन चिन्तन एवं अन्वेषण का विषय है। श्रीबद्रीदत्त पाण्डे का तर्क है— 'चूँकि कत्यूरियों के सारे ताम्रपत्र कार्तिकेयपुर से ही प्रसारित हुए हैं, जोशीमठ से कोई भी नहीं हुआ है, अतः कत्यूरियों का जोशीमठ से कत्यूर

आगमन असत्य है।' हम इसे निरर्थक एवं प्रमाणहीन मानते हैं। श्री वैष्णव काश्मीर के राजाओं में तथा कुमाऊँ के राजाओं में अभेद मानते हैं। केवल व्यक्ति वाचक संज्ञाओं के नाम साम्य एवं नामों के सर्वसाम्य के आधार पर पूरे इतिहास की धारा को दूसरी दिशा में मोड़ देना ठीक नहीं है। वैष्णव जी ने कस-खस इत्यादि शब्द जहां भी मेल खाते देखे, वहीं उन जातियों एवं राजवंशों में हठात् अभेद कर देने का प्रयास किया है। इसी पूर्वाग्रह के कारण उन्होंने हमारे स्कन्दपुराण के समानान्तर काश्मीर का नीलमत पुराण माना है, जिसे कल्हण की राजतरंगिणी का आधार भी माना है। काश्मीर के नागराजाओं के नाम भी कुमाऊँ के नागदेवताओं से मेल कराके (बेनीनाग, अनन्तनाग, नागदेव, इत्यादि) अपने कथ्य की पुष्टि करनी चाही है। श्री अशोक जी ने देशठदेव, इच्छटदेव, निम्बरदेव इत्यादि कत्यूरी राजाओं के नाम की समानता कश्मीरी राजाओं से की है और काश्मीर के मुक्तापीठ (७१५-७५२ ई०) की उपाधि ललितादित्ये बताते हुए कत्यूर तथा काश्मीर राजाओं में साम्य करना चाहा है, जो उचित नहीं है। इतना तो मान्य है कि एक समय था जब कि कत्यूरों का शासन काश्मीर तक था, किन्तु यह आठवीं सदी के लगभग की बात है।

यद्यपि हमारे पास कत्यूरी वंश का कोई लिखित इतिहास नहीं है, फिर भी जनश्रुतियों, ताम्रपत्रों एवं शिलालेखों से जो तथ्य प्राप्त हैं उनके आधार पर कहा जा सकता है कि उनमें से दस-बारह राजा बड़े यशस्वी और पराक्रमी हुए जिनका साम्राज्य भारत के उत्तरी पर्वतीय भाग के साथ तराई और मैदानी क्षेत्र के उत्तर-पश्चिमी भाग तक फैला था। उनकी शासन व्यवस्था सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित थी। ये कत्यूरी राजा पहले बौद्ध थे किन्तु आठवीं सदी में शंकर के उत्तरांचल यात्रा के बाद वे सनातन धर्म में दीक्षित हो गये और शैवों तथा वैष्णवों के रूप में सामने आए। कुछ राजा वैसे भी उदार थे जो बौद्ध धर्म एवं ब्राह्मण धर्म दोनों का समान आदर करते थे। इन राजाओं ने मन्दिर, धर्मशालायें, सड़कें, बाजार, तालाब, बावड़ियां इत्यादि बनावायीं और पुजारियों, पुरोहितों विद्वानों, मन्दिरों आदि के नाम जागीरें दान दी। किन्तु कालक्रम में इस वैभवशाली राजवंश का अन्त हो गया। अन्तिम कत्यूरी शासक बड़े विलासी, कामुक, विवेकहीन अत्याचारी तथा अनाचारी हुए। राज्य छोटे-छोटे भागों में विभक्त हो गया और माण्डलिक राजा छोटे-छोटे अंचलों में राज्य करने लगे। लगता है कि धामदेव

तथा ब्रह्मदेव नामक प्रतापी राजाओं से ही इस वैभवशाली राजवंश का पतन प्रारम्भ होने लगा। ये धामदेव तथा ब्रह्मदेव कौन थे, यह भी बड़ा विवादस्पद है। कौसानी के पास 'हथछीना' के नोले में धामदेव तथा ब्रह्मदव नामक राजाओं के नाम समान रुप से मिलते हैं। एक यह भी तर्क दिया जाता है कि ने दोनों राजा कत्यूरियों को दो अलग-अलग शाखाओं के अन्तिम राजा रहे हों। कुमाऊँनी लोक-गाथाओं एंव कत्यूरियों की वशावलियों में धामदेव और बृहमदेव का नाम वहुतायत से आया है। कुछ लोग इन्हें कत्यूरियों की कत्यूर वाली शाखा के राजा मानते हैं,जो परस्पर भाई रहे हों। यह हो सकता है कि ये राजा कत्यूरियों पूर्वज थे, और वे बड़े यशस्वी रहे हों और परवर्ती राजा अपने नाम के स्थान पर उपाधि रुप में धामदेव एवं ब्रह्मदेव का नाम लगाते रहे हों। क्योंकि कत्यूरियों के जागर में जियारानी एक उपाधि या उपमा मूलक विशेषण सा बन गया था। अत: किसी भी सुन्दर, वीर और शीलवती कत्युरी रानी के नाम के साथ जिया जोड़ दिया जाता है। जैसे जिया धर्मावती या जिया धर्मारानी।

अन्तिम कत्यूरी राजाओं के अत्याचारों के संकेत देनेवाले लोकगीत एंव लोकश्रुतियाँ अभी भी प्रचलित हैं। गंजाहाठ की भाग उद्यौनी...... कणक वतैं लीनी''। राजा वीरदेव ने अपनी मामी तिलोत्तमा के साथ हठात् विवाह किया। एन दिन दो पालकी वालों ने एक चट्टान से पालकी सहित कूदकर इस अत्याचारी राजा का भी अन्त कर दिया। इसके बाद कत्यूरियो की शाखऐं कत्यूर, डोटी, अस्कोट,लखनपुर, पाली पछाँऊ बारामण्डल इत्यादि कई स्थानों में विभक्त होकर आगे बढ़ी। कहा जाता है कि धामपुर कत्यूरी राजा धामदेव का बसाया था। धामदेव ने अपनी पुत्री का विवाह सोमचन्द के साथ किया, जो इस कुमाऊं प्रदेश में चन्द्रवंश का मूल संस्थापक माना जाता है। कत्यूरों का राज्य रुद्रचन्द (१५६८-१५९७ई०) के समय केवल कत्यूर तक ही सीमित रह गया था, वह भी राजा चन्द ने जीतकर अपने राज्य में मिला लिया। इसी रुद्रचन्द ने सीराकोट के रैकाल्ल या रैकामल्ल राजा हरिमल्ल को हराकर उसे अपने राज्य में मिलालिया। तब चन्दों की राजधानी चम्पावत से अल्मोड़ा आ चुकी थी। यद्यपि बालोकल्याण चन्द के पिता भीष्मचन्द ने १५५५-६०ई०

के बीच अल्मोड़े की नींव डाल दी थी, किन्तु स्थापना का कार्य बालोकल्याणचन्द ने १५६४ ई० में किया।

सीरा के रैका-मल्ल राजाओं की ज्ञात वंशावली में पहले तीन नाम अधिरावत, भीष्मरावत, भक्तिरावत थे, फिर चौथे ज्ञात नाम से धीरमल्ल जगतिमल्ल इत्यादि नाम आते हैं और सत्तहरवां नाम बलिनारायणमल्ल मिलता है। जिसको एक खश राजा बसेड़ा ने हराकर सीरा कोट में तीन पीढ़ी तक राज्य किया। डुंगरा बरोड़ा, मदनसिंह बसेड़ा, रायसिंह बसेड़ा। पुन: शोभामल्ल ने बसेड़ा राजा को हराकर पुनः सीराकोट में मल्ल वंश की स्थापना की किन्तु यह विजय अधिक नहीं टिक पाई। उसके उत्तराधिकारी हरिमल्ल को रुद्रचन्द ने हराकर डोटी से खदेड़ दिया और सीराकोट में चन्द्रवंशी ध्वजा फहराई। रुद्रचन्द ने अस्कोट के राजवंश को भी जीता, किन्तु उनके साथ अपनी रिश्तेदारी करली और अस्कोट का क्षेत्र उसे जमींदारी या जागीदारी के रुप में दे दिया। इस प्रकार अस्कोट के रजवाणों का रिश्ता चन्दों के साथ होता रहा।

कत्यूरियों की वंशवली कालक्रम के आधार पर शुद्ध तो नहीं मिलती है, फिर भी जो इनके वंशजों के पास सुलभ है उसमें मूलपुरुष शालिवाहन देव, दूसरे संजय देव से लेकर पच्चीसवीं संख्या में अभयपाल (१२७९ ई०) हुए जो अस्कोट जाकर वहीं राज्य करने लगे। इसी वंशावली में इकतीसवें तथा बत्तीसवें क्रम में आसन्तीदेव तथा बासन्तीदेवी के नाम हैं जिनका संकेत यहां की लोक गाथाओं में भी मिलता है। इसी क्रम में प्रीतम देव हुए जिनके बाद धामदेव तथा ब्रह्मदेव के नाम आते हैं। ब्रह्मदेव को कत्यूरीवंश का अन्तिम सम्राट माना जा सकता है। उसके बाद त्रिलोकपाल का नाम आता है जिसका पुत्र अभयपाल था। अब तक कत्यूरी शासक देव उपाधि छोड़कर 'पाल' उपाधि धारण करने लगे। लगता है इस बीच उनके मूलराज्य कत्यूरपुर में या तो कोई आन्तरिक क्रान्ति हुई या फिर कोई बाहरी हमला हुआ। अवश्यमेव कोई न कोई हलचल हुई होगी जिस कारण उनकी एक शाखा अस्कोट गई।

त्रिलोकचन्द के दो पुत्र हुए अभयपाल और निरजंनमल्ल देव। निरजंनमल्लदेव के भी दो पुत्र हुए -शमशेर मल्ल -जिसके वंशज मल्ल कहलाए तथा दुसरे अर्जुनशाही -जिसके वंशज 'साही' कहलाए। ऐसा

प्रतीत होता है कि १२५०-१० ई० के लगभग कत्यूरी वंश के राज्य में एक साथ आन्तरिक, वाह्य, सामाजिक और धार्मिक विप्लव हुए होंगे, जिनकी मिली-जुली प्रतिक्रिया हुई होगी, जिस कारण कत्यूर से एक शाखा का अस्कोट जाना, 'देव' से 'पाल' उपाधि धारण करना, ऐसी घटनाएं हैं जो बिना गम्भीर परिवर्तन के सम्भव नही है। यह भी एक आश्चर्य की बात है कि कत्यूरी वंशावली में देव उपाधि धारण करने वाले मूल पुरुष शालिवान से ४६ वें पीढ़ी तक जो वंशावली मिली है उसमें उन राजाओं के नाम नहीं मिलते हैं जो बागेश्वर वाले भूदेव के शिलालेख में आठ पीढ़ी पूर्व बसन्तदेव तक के और नाम हैं। इस वंशावली में वे तीन नाम (सलोनादित्य देव, इच्छदेव, देशटदेव) भी नहीं हैं जो कत्यूरीयों के कुमाऊं वाले ताम्रपत्र में अंकित है। अतः हम यह सोचने को विवश हो जाते है कि या तो शिलालेख या ताम्रपत्र वाले नाम कत्यूरियों के परिवर्ती माण्डलिक राजाओ के है, जो किसी शाखा विशेष मे थे, या इस वंशावली से पूर्व के रहे होंगे। श्री बद्रीदत्तपाण्डे जी ने अभयपाल के पुत्र निर्भयपाल, भारतीपाल इत्यादि की सूची में विक्रम बहादुरपाल तक के नाम सम्मिलित किए हैं। उन्हीं के द्वारा प० रुद्रदत्त द्वारा लिखित हस्त-पुस्तक के नामों की सूची भी संकलित की गयी है। उन दोनों सूचियों में नामों एवं क्रम में थोड़ा अन्तर है। वस्तुतः एक ही सूची के दो रूप है। ऐसा प्रतीत होता है कि पाल उपाधि धारण करने वाले ये राजे माण्डलिक थे।

उत्तर-भारत की राजनीतिक परिस्थिति को गहन रूप से देखने पर भी स्पष्ट है कि यह युग परिवर्तन का युग था। सन् ११६२ ई० में पृथ्वीराज चौहान की पराजय और मुहम्मदगोरी की विजय ने भारत के इतिहास को बड़ी गम्भीरता से प्रभावित किया। इस प्रभाव से कुमाऊँ का भू-भाग भी अछूता नहीं रह सका। हर्षवर्द्धन के बाद भारतीय इतिहास में एक अन्धकार का युग आता है, जबकि देश में छोटे-छोटे राजा पारस्परिक ईर्ष्या, द्वेष, फूट एवं संघर्ष में निरत होकर देश में राज्य करते रहे। इसी बीच यह सम्भव है कि कत्यूरवंश का शासन दिल्ली तक फैला हो क्योंकि तब इसके लिए अनुकूल अवसर तथा परिस्थितियाँ थी। हिन्दू धर्म के ह्रास के कारण इस्लाम धर्म का प्रसार एवं दिल्ली में गुलामवंश की स्थापना इत्यादि राजनीतिक एवं धार्मिक घटनाएँ लगभग एक ही

समय घटित हुई। एक ओर इस बीच धार्मिक आन्दोलन की लहर दौड़ रही थी तो दूसरी ओर हिन्दू धर्म में बौद्ध धर्म से प्रभावित नाना प्रकार के मत-मतान्तरों, आडम्बरों और पाखण्डों का बहुलता से प्रचार हो रहा था। स्पष्ट है कि कुमाऊँ का कत्यूरी राजवंश भी इस हलचल से प्रभावित हुआ।

कत्यूरी वंश की डोटी वंशावली में भी शालिवाहन से लेकर हंस-ध्वजशाही तक ५३ नाम श्री पाण्डे जी ने अंकित किए हैं। अस्कोटवाली वंशावली एवं उसमें साम्य करने पर ज्ञात होता है कि कई नाम एक रूप में हैं, किन्तु उनका क्रम अलग हैं। कई नामों में अन्तर है, अस्कोट वाली वंशावली में आसन्तिदेव तथा बासन्तिदेव के नाम ३१ वें ३२ वें क्रम में है जबकि डोटीवाली में ये नाम २० तथा २१ वें क्रम में हैं। इसी प्रकार अस्कोट की सूची में धामदेव तथा ब्रह्मदेव ४७वें तथा ४८वें क्रम में है तो डोटी वंशावली में इनका नाम ३४ वें तथा ३५ वें क्रम में हैं। पाली पछाऊं वाली कत्यूरीशाखा में आसन्तीदेव तथा बासन्तीदेव के नाम प्रारम्भ में ही है। इस पछाऊं वाली वंशावली में पाँचवी पीढ़ी में श्यामलदेव के बाद फेणराई - केशवराई नाम मिलते हैं। देवे से 'राई' उपाधि बदलने का भी कोई न कोई कारण अवश्य रहा होगा। कुमाऊँ के सुप्रसिद्ध लोकदेवता गोल्ल के पूर्वजों का सम्बन्ध भी झल्लाराइ सल्लाराई से जोड़ा जाता है। बहुत सम्भव है कि इसी 'राई' संज्ञक कत्यूरी शाखा में गोल्ल का जन्म हुआ हो।

डोटीवाली वंशावली से लगता है कि अभयपाल (१२७९ ई०) के पिता त्रिलोकपाल का दूसरा पुत्र निरजंन अपनी मल्ल उपाधि धारण कर डोटी गया, तथा उसने वहीं राज्य प्रारम्भ कर दिया। किन्तु विभाजन की यह क्रिया चलती रही और उसी के वंशज नागमल के दो पुत्र हुए - शमशेर-मल्ल - जिसके बंश ने मल्ल उपाधि बनाये रखी और दूसरा-अर्जुन शाही था, जिसके बंशज शाही कहलाए। अर्जुनशाही को रतनचन्द का समकालीन माना जाता है, रतनचन्द का शासनकाल १४५० से प्रारम्भ होता हैं। रतनचन्द भारतीचन्द के योग्य पुत्र थे, उन्होंने अढ़तीस वर्ष तक राज्य किया, इस समय तक डोटी में कत्यूरी शाखा के रैका या रणिका राज्य करते थे। जिनके राकुमार मल्लशाही कहे जाते थे। काली कमाऊँ के सार्वभौम राजा यही माने जाते थे। पिथौरागढ़ में राजवंश बमशाही के नाम से शासन करता

था। वीर भारतीचन्द यह सहन नहीं कर सका। उसने डोटी नरेश को कर देना बन्द कर दिया और उसके विरुद्ध युद्ध ठान दिया। बारह वर्षों तक युद्ध होता रहा। भारतीचन्द के वीर पुत्र रतनचन्द ने भी छोटे-छोटे माण्डलिक राजाओं की सहायता से सेना एकत्रित की और पिता की मदद की। फलतः डोटी नरेश हार गया और भाग गया। चन्दों ने डोटी ही नहीं जुमला और बजांग तक के सुदूर एवं सीमावर्ती राजाओं को अपने प्रभाव में रखा। डोटी सूर्यवंशी तख्त के गिरने पर शोर आदि के बम राजाओं ने स्वयं ही चंदों की अधीनता स्वीकार कर ली।

नागमल्लदेव ने सन् १४३२ ई० में 'मल्ल' संज्ञक खानदान के नाम से फिर राज्य आरम्भ कर दिया। किन्तु रतनचन्द ने पुनः डोटी पर हमला करके नागमल्ल को युद्ध में हराकर मार डाला और साही वंश डोटी की गद्दी पर बैठाया। ऐसा प्रतीत होता है कि १४७० ई० के आसपास डोटी में नागमल्ल जब रतनचन्द के हाथों मारा गया तो मल्ल वंश के बचे-खुचे लोग सीराकोट की ओर निकल गये होंगे। सीराकोट के राजखानदान में मल्ल संज्ञक राजा बहुत हुए हैं। यह भी सम्भव हो सकता कि यही नागमल्ल बलि नारायण मल्ल का पिता हो, जिस बलिनारायणमल्ल को डुंगरा बसेड़ा (एक खश राजा) ने जीतकर सीराकोट में तीन पीढ़ी तक राज्य किया हो। बाद में रुद्रचन्द एवं पुरुख पन्त ने सीराकोट की मल्लशाखा का अन्त कर वहाँ चन्द राज्य स्थापित किया।

अर्जुनसाही से, जो रतनचन्द (१४५०-८८ ई०) का समकालीन था पन्द्रह पीढ़ी तक इन साही राजाओं के नाम मिलते हैं। ऐसा लगता है हमारे प्रस्तुत विवेच्य लोक प्रबन्ध काव्य का नायक मालूशाही कत्यूरों की इसी डोटी शाखा के साही वंश का कोई राजा या राजकुमार रहा हो। पारस्परिक वैमनस्यता या स्वतन्त्र राज्य स्थापित करने की दृष्टि से कोई शाखा द्वाराहाट गिवाड़ एवं गढ़वाल के सीमावर्ती क्षेत्र में जाकर बस गयी हो। मालूशाही के पिता का नाम दुलशाही मिलता है। इतिहास की दृष्टि में कत्यूरी वंशावली या किसी शाखा में दुलशाही तथा मालूशाही का नाम नहीं मिलता है।

मालूशाही के समान दूसरी एक प्रेम गाथा गङ्गनाथ की भी गाथा कुमाऊँ में प्रचलित है और अतीव प्रसिद्ध है। यद्यपि इस गाथा को आज देवगाथा के रूप में गाया जाता हैं। क्योंकि गङ्गनाथ कुमाऊँ का सुप्रसिद्ध

लोक-देवता है। गङ्गनाथ डोटी के राजा भवानीचन्द या भवैचन्द का पुत्र था। वह भाना नामक परकीया ब्राह्मणी के साथ प्रेमालाप करते योगीवेश में अल्मोड़ा के जोशी खोले में पाया गया और उसकी हत्या प्रेमिका भाना सहित विश्वनाथ श्मशान के पास करदी गयी। डोटी में चन्द वंश की ध्वजा स्थायी रूप से १४६४ ई० मे रतनचन्द ने फहराई। अत: गङ्गनाथ का समय इसके बाद का ही रहा होगा। गङ्गनाथ अल्मोड़ा में मारा गया, अत: लगता है कि चन्द राजकुमार की हत्या करने का साहस अल्मोड़ा वालों ने तभी किया होगा, जब वे चन्द के शासन से असन्तुष्ट रहे होंगे अथवा चन्दों की राजधानी से बहुत दुर रहने के कारण भी उन्होंने इतना साहस किया होगा। राजा भीष्मचन्द ने १५५५-६० ई० के मध्य अल्मोड़े शहर की नीव डाली। सम्भव है कि गङ्गनाथ की हत्या के बाद ही चन्दों का ध्यान अल्मोडा मे राजधानी बदलने के लिये गया होगा। अत: गङ्गनाथ का समय १४६५ ई० से १५४५ ई० तक की शताब्दी के मध्य माना जा सकता है। एक अन्य प्रमाण के आधार पर भी गङ्गनाथ का समय यही ठहरता है।

गङ्गनाथ के कथानक में यह उल्लेख है कि वह डोटी से अल्मोड़ा जाते हुए 'शोर' (पिथौरागढ़) में कुछ दिन नायक स्त्रियों के साथ रम गया था। नायकों की उत्पत्ति भारतीचन्द व उसके पुत्र रतनचन्द के डोटी हमले के समय १४४०-५० ई० के लगभग हुई थी। जब भारतीचन्द व रतनचन्द की सेना ने बारह वर्ष तक डोटी का राज्य घेरा तो, कई सैनिक अफसरों ने पास-पड़ौस के गाँव की अविवाहित कन्याएँ अपने साथ वर्षों तक रखी, जो बाद में 'कटकाली' कहलाई और उनकी उत्पन्न सन्तान 'नायक' कहलाई, जो सभ्रान्त हिन्दू समाज में खशों से भी हीन गिने जाने लगे। इसी हीन भावना के शिकार होकर वे प्राय: स्वतन्त्र यौन-सम्बन्ध करने से भी नहीं हिचकते थे। गङ्गनाथ का इसके साथ रम जाने की घटना भी यह प्रमाणित करती है कि गङ्गनाथ का समय १४५० ई० के बाद रहा है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि भीष्मचन्द (१५५५-६० ई०) नि:सन्तान थे और उन्होंने बालो-कल्याणचन्द नामक बालक जो ताराचन्द का पुत्र था, गोद लिया। सम्भव है कि गङ्गनाथ इसी भीष्मचन्द भीमचन्द भवैचन्द का पुत्र हो जो सन्यासी बेश में भाना प्रेमिका के लिए अल्मोड़े में मारा गया हो, तभी भीष्मचन्द ने अल्मोड़ा शहर की राजधानी के रूप में नींव रखी हो। किन्तु इस कल्पना को पुष्ट करने हेतु हमें बहुत ऐतिहासिक तथ्य प्रस्तुत करने होंगे।

गङ्नाथ की लोकगाथा में उसकी प्रेमिका का नाम भाना है जो कृष्णानन्द जोशी की पत्नी कही गई है। जब भाना और गङ्गनाथ का प्रेमालाप चल रहा था, तब कृष्णानन्द तीर्थ स्नान हेतु काशी और गया गये हुए थे। बद्रीदत्त पाण्डे ने रुद्र चन्द्र की सनद मे (१५९६) ई० गन्नी के कृष्णानन्द जोशी का उल्लेख किया है, सम्भव है कि ये कृष्णानन्द वही व्यक्ति रहे हों। चूंकि राजकुमार गङ्नाथ के कारण उनका घर बरबाद हुआ था, अतः रुद्र-चन्द्र ने उसको मुआवजा स्वरूप राजकीय संरक्षण प्रदान किया हो। परन्तु यह सम्भावना है, इसे बिना पर्याप्त प्रमाणों के ऐतिहासिक नहीं माना जा सकता है।

इतना निश्चित है कि गङ्नाथ का समय १४५० ई० से १५५० ई० के मध्य रहा है। मालूशाही के समय १६०० ई० से पूर्व ही माना जायेगा, क्योंकि (१५६०–६८ ई०) तक अलमोड़ा में चन्द राजधानी की स्थापना हो चुकी थी और बारामण्डल और कत्यूरघाटी के राजाओं को चन्दराज्य में मिला लिया गया था। राजुली जब अपने प्रेमी से मिलने गई तो मार्ग में उसे कहेडीकोट आदि स्थानों में कत्यूरी वंश के लोग ही मिले, जो छोटे-छोटे मांडलिक राजाओं के अधीन थे। इन माण्डलिक राजाओं के राज्य में अनुशासन-हीनता बहुत फैली हुई थी। अतः मालूशाही का समय गङ्नाथ से थोड़ा पहले का है। मालू की माता भी उसे भोट जाने से रोकते हुए कीचक और रावण के उद्धरण देती हुई उनके दुःखद अन्त का संकेत करती है। यदि गङ्नाथ की घटना मालूशाही से पहले की होती तो वह गङ्नाथ के दुःखद अन्त का उदाहरण देना नहीं भूलती।

कत्यूरों की पाली पछाऊँ वाली वंशावली में गजवराई के दो पुत्र सुजानदेव तथा पीतमदेव हैं, जिनसे दो अलग वंश आगे बढ़े। प्रीतमदेव के पुत्र धामदेव ने दक्षिणी गढ़वाल में राज्य किया। सुजानदेव की तीसरी पीढ़ी में वीरमदेव तथा धामदेव दो भाई हुए। वीरमदेव से ही वंश आगे बढ़ा। सम्भव है कि यही धामदेव के समय का ब्रह्मदेव या वीरदेव हो। चौकोट में जसपुर के रजवार, सौमानुर के मनराल, कहैड के मनराल, तामढौन के मनराल इन्हीं कत्यूरी शाखाओं के वंशज बताये जाते है जिनकी एक शाखा ने देव से 'गुंसाई" उपाधि धारण करली। आज कत्यूरियों की मूल शाखा का पता नहीं है, किन्तु उनकी शाखाओं एवं उपशाखाओं के वंशज पाल, साही,

मनराल, आदि जातियां विद्यमान है। चन्दों ने इन राजवंशी शाखाओं से अपने वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किए। चन्दों के आगमन के समय भी इन शाखाओं के छोटे-छोटे आंचलिक राज्य थे। स्पष्ट है मालूशाही कत्यूरीवंश की किसी शाखा-प्रशाखा के माण्डलिक राज्य का राजकुमार था।

कत्यूरीवंश के शासन के बाद लगभग एक हजार वर्ष तक कुमाऊँ में चन्दों का शासन रहा। अन्तिम चन्द राजा महेन्द्रचन्द (१७८८-९० ई०) को गोरखों ने हराकर कुमाऊँ में चन्दवंश का अन्त करके गोरखा वंश का राज्य स्थापित किया। १८१५ ई० में अंग्रेजों ने कुमाऊँ को अपने कब्जे में ले लिया। चन्दवंश के संस्थापक के नाम थोहरचन्द तथा सोमचन्द मिलते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान सोमदेव को ही यहां के चन्द्रवंश का संस्थापक मानते हैं। एक मत के अनुसार सोमचन्द इलाहाबाद के पास झूसी ग्राम से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यहां आये थे। तभी कत्यूरी राजा ने उनके साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दिया और चम्पावत के पास जागीर देकर बसाया। दूसरे मत के अनुसार अन्तिम कत्यूरियों के अत्याचारों से खिन्न होकर सामन्त व दीवान कन्नौज के चन्द राजा के पास संरक्षण पाने के लिए गए और तब सोमचन्द ने उनका निमन्त्रण स्वीकार कर कुमाऊं में आकर चन्द वंश की नींव डाली। अधिकांश लोग सोमचन्द को चन्द्रवंशी चन्देल राजपूत मानते हैं।

सोमचन्द के कुमाऊं में आने के समय में भी बड़ा मतभेद है। श्री पाण्डे जी ने सन १४९८ ई० में उद्धृत किया हैं। पं० रामदत्त त्रिपाठी जी के मतानुसार यह सम्वत् १२६५ (१२०८ ई०) है, अटकिंसन ने सम्वत् ९५३ ई. (८९६ ई०) माना है। श्री रुद्रदत्त जी ने बड़े शोध एवं अन्वेषण के बाद यह सम्वत् सन् तथा शाके तीनों में दिया है। जो सम्वत ७५७ विक्रमीय, ६२२ शालिवाहन तथा ७०० ई० है। कत्यूरी राजा ब्रह्मदेव-वीरदेव की पुत्री का विवाह सोमचन्द से हुआ, जिनसे आत्मचन्द उत्पन्न हुए, जिन्होंने सोमचन्द के बाद १९ वर्ष तक राज्य किया। सोमचन्द बड़े कुशल, योग्य, वीर तथा धार्मिक राजा थे, उन्हें चम्पावत की जागीर दहेज में मिली थी। उन्होंने वहां एक छोटा सा किला राजबुंगा बनवाया तथा अपने ही पौरुष से एक छोटा-सा राज्य स्थापित किया। जिसके शासन को चार फौजदार—कार्की बोरा, तड़ागी तथा चौधरी रखे जो तत्कालीन वीर जातियों के प्रतिनिधि भी थे। सोमचन्द

डोटी के राजा को कर देते थे। सोमचन्द महर एवं फड़त्याल नामक दो वीर जातियों में एकता स्थापित की और उन्हें राजदरबार में सम्मान दिया। गल्ली के जोशी, सिमालिया-देवलिया तथा मण्डलिया पाण्डे और बिष्ट ब्राह्मणों को 'चौथानी' संज्ञा देकर राजकार्य में उनकी सहायता ली। पंचायती राज्य चलाकर एक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित शासन प्रणाली चलाई। स्थानीय खश रावत राजा को हराकर उसका राज्य भी अपने राज्य में मिलाया। उनकी चौथी पीढ़ी के राजा इन्द्रचन्द्र ने चीन से रेशम के कीड़े मंगाकर चम्पावत में रेशम का उद्योग स्थापित किया जो गोरखा शासन काल में उन के अत्याचारों से समाप्त हुआ। चन्दों की आठवी पीढ़ी का राजा वीणाचन्द (८५६-६६ई.) बड़ा भोगी एवं विलासी था। इसके सम्पूर्ण राज-काज को इसके कर्मचारी ही देखते थे। अनुकूल अवसर पाकर खशों ने फिर विद्रोह कर चन्द्रवंश से सत्ता हथिया ली। भयभीत राजपरिवार के चन्द तराई में छिपकर रहने लगे। खशों की १५ पीढ़ियों ने लगभग २०० वर्षों तक चम्पावत मे राज्य किया। इनमें कुछ खश बौद्ध थे। इनके शासन का विस्तृत विवरण अज्ञात है। खशों के अत्याचारों से दुखी प्रजा ने विद्रोह कर दिया। राजा इनि मारा गया। प्रजा ने नेपाल से बुलाकर चन्द्रवन्शी वीरचन्द को १०६५ ई० में फिर चम्पावत की गद्दी पर बैठाया, तब से चन्दवंश कुमाऊँ में लगातार शासन करता रहा। सबसे लम्बे समय ४५ वर्ष तक गरुड़ ज्ञानचन्द (१३७४-१४१६ ई.) में राज्य किया। एक बाण से गरुण को मारने के कारण मुहम्मद तुगलक ने उन्हें 'गरुड़' की उपाधि दी तथा तराई भावर का इलाका पुरस्कार स्वरूप दिया। गरुड़ ज्ञानचन्द ने दरबारियों के कान भरने के कारण अपने विश्वास पात्र नीलू कठायत की निर्मम हत्या का जघन्य कार्य किया।

डा० प्रयाग जोशी ने 'कुमाऊँनी लोक-गाथायें' (दो भागों)में लिखकर कुमाऊँनी लोकसाहित्य की बड़ी सेवा की है। लेखक ने अपने संकलन, सम्पादन एवं हिन्दी रूपान्तर को सर्वथा निर्मल रखने के लिए पूरी निष्ठा का परिचय दिया है। उन्होंने प्रस्तावना भागों में लोक साहित्य एवं तत्सम्बन्धी अवयवों तथा आयामों का समीक्षात्मक रूप प्रस्तुत किया। दोनों पुस्तकों में कत्यूरी वंशावली राजाओं, राजकुमारों एवं सुभटों की कई गाथायें हैं। उनके कुछ अंशों को लेते हुए हम यहां कत्यूरी वंश परम्परा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य अधिक स्पष्टरूपेण समझ पायेंगे।

डा० जोशी ने लिखा है कत्यूरियों की वंशावली प्रस्तुत करने का लोक जीवन में एक परम्परागत एवं विशिष्ट ढंग है। संध्याकाल आँगन में कालीन बिछाकर कत्यूरी राजाओं के हथियार आदि सजाकर रखे जाते हैं। पान, इलाइची की थालियाँ सुनने वालों के स्वागत हेतु रखी जाती हैं। पंचमुखी दीपक पानस में जला दिया जाता है। जब आंगन में बैठक की तैयारी (खली जोतना) हो जाती है तो दाईं तथा बाईं ओर राजा धामदेव एवं ब्रह्मदेव के नाम के दो दल आमने सामने बैठते हैं। कहा जाता है कि धामदेव रणचूली हाट (वर्तमान सल्ट पट्टी) और ब्रह्मदेव पाली पछाऊँ का राजा था। लोक गायक सर्वप्रथम कत्यूरियों के राज की सीमा को बताता है कि पूर्व में सचनी नागती और पश्चिम में मालिनी नदी उनके राज्य की सीमा थी। कटेहर राज्य इसका पड़ौसी राज्य था। एक लोक गाथा में राजा ब्रह्मदेव की एक रानी को कटेहर की राजकुमारी बताया है।

यहाँ पर धामदेव और ब्रह्मदेव का पुनः नाम आया है और उनकी विरुदावली में भी उन दोनों को दो अलग-अलग शाखाओं का शासक माना है, जो सम-सामयिक थे। जिनके छोटे-छोटे साम्राज्य पास-पास ही स्थित थे। इससे हम निष्कर्ष निकाल सकते है कि धामदेव तथा ब्रह्मदेव-कत्यूरी राजवंश के अवसानकालीन माण्डलिक राजा थे। तामाढौन में देवी के मन्दिर में कत्यूरी राजा सारंगदेव का नाम खुदा है और उसमें सम्वत् १३४२ (सन् १२८५ ई०) अंकित है।

कत्यूरियों की वंशावलियों में सारंगदेव नाम के कई व्यक्ति अलगअलग क्रम में मिलते है। अस्कोटवाली वंशावली में सारंगदेव १९ वें क्रम में हैं जो अशोकदेव का उत्तराधिकारी और नगजाबीसदेव का पूर्वाधिकारी रहा है। डोटी वाली वंशावली में सारंगदेव का नाम तेरहवें क्रम में है और पहले अशा-लदेव और बाद में नकुलदेव का नाम दिया है। पाली पछाउँ वाली शाखा में ९ वें क्रम में गजवराई के दो पुत्र माने है-सुजानदेव तथा प्रीतमदेव। सुजानदेव के पुत्र सारंगदेव माने गये हैं। और प्रीतमदेव के धामदेव। इस धामदेव ने दक्षिण गढ़वाल में राज्य किया। सारंगदेव के भी दो पुत्र हुए वीरमदेव व बागदेव, जो पछाऊँ के ही क्षेत्र में रहे। वीरमदेव से ही वंश परम्परा आगे बढ़ी। लोक-गाथा में सारंगदेव के पुत्र वीरमदेव तथा उत्तमदेव कहे गये हैं। इससे स्पस्ट है कि गाथा तथा इतिहास दोनों यह बताते हैं कि यह

वीरमदेव सारंगदेव के पुत्र थे। इससे और भी स्पष्ट संकेत मिलता है कि धामदेव ब्रह्मदेव चचेरे भाई या चाचा भतीजे थे, जो दो अलग-अलग शाखाओं के नेता थे।

परम्परागत रूप में धामदेव का रणचलीहाट का होना और वंशावली से भी इस बात का संकेत मिलना दोनों प्रकार से स्पष्ट है। लोक गाथाओं में यह भी संकेत है कि इसी वीरमदेव के भाई उत्तमदेव के पुत्र हथियाकुंवर ने पृथ्वीपाल की पत्नी जिया को तुर्कों की कैद से मुक्त किया था। डा० जोशी ने स्पष्ट किया है कि वीरमदेव तथा चम्पावत का राजा गरुड़ ज्ञानचन्द समकालीन थे। श्रीपाण्डे जी के इतिहास में है कि गरुड़ ज्ञानचन्द दिल्ली से मुहम्मद तुगलक से मिला। वस्तुत: दिल्ली की गद्दी में तब फिरोज तुगलक (१३५१-८८ ई०) था। अत: ज्ञानचन्द फिरोज तुगलक से मिला होगा। डा० जोशी ने बताया है कि ज्ञानचन्द के राज्यकाल में दो तीन वर्ष बाद ही विक्रमचन्द ने कत्यूरियों के साथ युद्ध कर दिया जो समीचीन जान पड़ता है। क्योंकि राजा विक्रमचन्द का शासन काल (१४२३-३७ ई०) ज्ञानचन्द की मृत्यु के चौथे वर्ष बाद प्रारम्भ होता है। श्री बद्रीदत्त पाण्डे जी ने विक्रमचन्द के एक ताम्रपत्र का उल्लेख किया है जिसमें शाके १३४५ (सन् १४२३ ई०) अंकित है। उसके आधार पर भी यह बात युक्त संगत लगती है।

पृथ्वीपाल की पत्नी जिया को रानी बाग में तुर्कों ने घेर कर बन्दी बना लिया था। जिया की एक बहिन हरु सैम की माता (कामीनर) थी और दूसरी बहिन छिपुलाकोट के राजा को ब्याही गयी थी। इस प्रकार हरु-सैंम गाथा का सम्बन्ध कत्यूरियों के साथ मिलता है। हरु तथा सैंम गाथा से यह बात मिलती है कि सैंम अपनी किसी भाभी की चुनौती स्वीकार करके छिपुला की रानी का अपहृण करने छिपुलाकोट गये, पर बन्दी बना लिये गये। बाद में हरु कूट उपायों द्वारा सैंम को मुक्त करने में सफल हो जाते हैं। फिर यह असंगत लगता है कि हरु या सैंम अपनी ताई या मौसी के अपहरण के लिए छिपुलाकोट गये होंगे ? इसे एकदम नकारा भी नहीं जा सकता है। जब किसी राजवंश का पतन होता है तो उसके उत्तराधिकारियों में इस प्रकार की कामान्धता, मूढ़ता एवं अनैतिकता के उद्धरण मिलते रहते हैं। कत्यूरियों में वीरदेव-

ब्रह्मदेव का अपनी मामी तिलोत्तमा (दुलापशाही) के साथ यौन सम्बन्ध करना कत्यूरियों के अस्तकाल की अनैतिक प्रवृतियाँ है । सम्भव है हरु सैंम भी इसी भावना के शिकार हुए हों ? पर इतना करने पर हरु तथा सैंम कुमाऊँ के इतने लोक प्रसिद्ध देवता के रूप में कैसे प्रतिष्ठित हुए ? उत्तर दे सकते हैं, जिस प्रकार गङ्गनाथ प्रतिष्ठित हुए। फिर और इन मिथकों एव अवदानों में ऐसे छिपे हुए रहस्य हैं, जो बड़ी गहनता तथा सावधानी से अपने विश्लेषण और विवेचन की अपेक्षा रखते हैं ।

प्रश्न है कि यह पृथ्वीपाल कौन था ? जिसकी रानी जिया को तुर्कों ने घेर कर बन्दी बनाया । जो जिया तुर्कों के बन्दी गृह में रहने पर भी बड़ी पवित्र मानी गयी और उसे कुमाऊँ में कत्यूरीवंश की देवी की सी प्रतिष्ठा मिली है । कत्यूरियों की आदर्श रानी के लिए जो सुन्दर, शीलवती तथा धर्मनिष्ठा हो 'जिया' उपाधिमूलक विशेषण उसके नाम के आगे प्रयुक्त होता रहा है । कत्यूरों की छोटी वंशावली में धामदेव के पहले 'पृथ्वीराजदेव' का नाम आता है सम्भव है जिया इसी पृथ्वीराजदेव की पत्नी हो, क्योंकि वीरदेव के भतीजे का काल लगभग वही ठहरता है, जिसने जिया के कैद से मुक्त कराया था इस प्रकार तुर्कों द्वारा जिया को घेरकर बन्दी बनाने की घटना लगभग १४०० ई० के आस-पास घटित हुई होगी ।

जब हम अपने विवेच्य लोक-प्रबन्ध मालुशाही के नायक का समय स्थिर करने के लिए विविध प्रकार के साधनों एवं उपकरणों द्वारा प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं तो कुछ नये आयाम सम्मुख आते हैं । डा० प्रयागजोशी ने कत्यूरी वंश की जो वंशावली दी है उसमें "रूपधारी तप-धारी, बेताल राजा दुलासा, राजा बिरमा की दिए आल बैठ गयी ।" पंक्ति अंकित की है । इसका स्पष्ट अर्थ है कि धामदेव व दुलासाही एक ही व्यक्ति थे । ब्रह्मदेव तथा दुलाशाही (धामदेव) दो अलग-अलग शाखाओं के प्रतिनिधि थे । इन कंथापुरियों (कत्यूरियों) की वंशावली में आँगन के पश्चिमी भाग में बैठने के लिए जिन राजाओं का आवहन किया जाता है उनमें राजा आसन्दी का नाम पहले आता है । उस आसन्दी ने मानचवाणी घराट (बैराठ के पास इस नाम की पनचक्की का स्मारक अभी भी है । कहा जाता है कि वह कत्यूरी राजाओं के रसोई के चावलों

के धोवन के पानी तथा भाँड़ से चलता था) बनाया। खीमासारी हाट में चौड़ा मैदान बनाया, और द्वाराहट में द्वारिका मण्डप बनाया तथा रथचुनीहाट (वर्तमान सल्टक्षेत्र) में राजधानी बनायी।

यह आसन्ती कौन था ? गाथा के अनुसार आसन्ती का पुत्र बसन्ती था। कत्यूरों की अस्कोट वाली वंशावली में मूल पुरुष शालिवाहन देव के बाद ३१ वें क्रम में आसन्तिदेव तथा ३२ वें क्रम वासन्तिदेव का नाम आता है। वासन्तिदेव का उत्तराधिकारी कटारमल्ल देव बताया है। डोटी वंशावली में आसन्तिदेव तथा वासन्तिदेव का नाम २० वें तथा २१ वेंक्रम में आया है। पाली पछाऊँ वाली वंशावली में आसन्तिदेव तथा वासन्तिदेव का नाम प्रारम्भ में ही आया है और फिर गौरंगदेव का नाम आया है। गाथा में वासन्तिदेव के बाद अजोपीथा तथा गजोपीथा के नाम आये हैं। पाली पछाऊँ वाली वंशावली में आठवें तथा नवें क्रम में आजबराई तथा गजबराई के नाम आए हैं। बहुत सम्भव है गाथा के अजोपीथा तथा गजोपीथा नाम इन्हीं के लिए आए हों, क्योंकि गजबराई के दो पुत्र सुजानदेव तथा प्रीतमदेव से दो अलग-अलग शाखाओं का प्रस्फुटन हुआ जिसकी एक शाखा में वीरमदेव (ब्रह्मदेव) तथा दूसरी में धामदेव पैदा हुए। धामदेव प्रीतम देव का पुत्र था। गाथा के अनुसार पृथ्वीपाल की हुई रानियाँ थीं। सबसे बड़ी रानी मानसिंह की पुत्री गाऊँली देवी थी। गाऊँलीदेवी की शाखा में राजसिंह, राजाधिंग, सिरासावला, खुश बावला, राजा बगिया और राजा धामसाही थे। पृथ्वीपाल की मँझली रानी धर्मा देवी थी, उसकी शाखा में राजा एतोमल, गौतीमल, सैंत चोरिया, बाम गुसाई. लूलालाड़ग साही और रंगीला मालूसाही हुए। रंगीले मालूशाही ने रंगीली बैराठ में राज्य किया और बड़े वैभवशाली ढंग से स्वयं को और प्रजा को प्रसन्न रखा। गाथाकार के अनुसार मालू के सैनिक गैंडे के खाल की बनी ढाल का प्रयोग करते थे। उसके दरबारी आमात्य तथा सामन्त बड़े शक्तिशाली थे, वे दुलसाही को श्रद्धापूर्वक नमन करते थे। वे राजा नीलकंठकी भूमि (सम्भवतया नालबा) से रानी जिया की पालकी लाए। ऐसा लगता है पृथ्वीपाल ने अपने नाम की उपाधि देव से पाल कर दी थी और उसी का अनुकरण करके या किसी आन्तरिक या बाह्य विप्लव के कारण उसकी सन्तानों ने मल्ल, बम, शाही इत्यादि अलग-अलग नाम की उपाधियाँ धारण करली हों, तथा सोरा, डोटी तथा सीर के माण्डलिक राजाओं के साथ

अपना पक्ष प्रबल कर लिया हो।

पृथ्वीपाल की छोटी रानी मालवा की राजकुमारी 'जिया' थी। पिता मालवा के नरेश थे और माता इसी पर्वतीय अंचल की खाती वंश की पुत्री हो। एक जनश्रुति के आधार पर जिया खाती (स्थानीय माण्डलिक राजा) की पुत्री थी। जिया का दूसरा नाम प्यौंला तथा पिंगला भी मिलता है। गाथाकार के अनुसार इसी जिया के तीर्थव्रतों एवं दान-पुण्य के आधार पर उसने संतजी या धामदेव या दुलशाही नामक पुत्र प्राप्त किया। यही दुलशाही मालूशाही का पिता था। सम्भावना है कि गजबराई के दूसरे पुत्र प्रीतमदेव का दूसरा नाम ही पृथ्वीपाल भी हो, जिसका पुत्र धामदेव जो दक्षिणी गढ़वाल में पातलीदून की ओर किला बनाकर रहता था।

कत्यूरियों की दूसरी शाखा पाली पछाऊँ की थी, जिसमें कई पीढ़ी-बाद सारंगदेव के दो पुत्र उत्तमदेव तथा विरमदेव थे। ब्रह्मदेव अनाचारी, कामुक, विलासी था। इतिहास में सुलभ इस वंशावली में सुजानदेव--सारंग-देव--वीरमदेव तीन पीढ़ी के नाम तो गाथा से मिलते है, किन्तु इलणदेव से नारंगदेव नाम नहीं मिलते हैं। इतिहास में वीरमदेव के भाई का नाम वाग-देव है जबकि गाथा में उत्तमदेव। पाण्डे जी द्वारा प्रदत्त वंशावली में इलण-देव तथा तिलणदेव से मिलते जुलते नाम इलराजदेव तथा तिलराजदेव १०वें तथा ३१वें क्रम में मिलते हैं, किन्तु बाद के नाम गाथा से भिन्न हैं। नीम-देव की रानी कटरिया--कटेहर की राजकुमारी थी और उसके सात सुन्दर कन्याएँ थी, जिनमें कामसैंक तथा दूदकेला बड़ी रुपवती बतायी गयी हैं। मालूशाही गाथा की अनेक श्रुतियों मे मालूशाही के कई विवाह बताये गये है। राजुली लाने से पूर्व मालूशाही विवाहित था और उसकी सुन्दरतम् स्त्री का नाम कामरैंण (कामशयनी) था, जिसे वीजन नामक संगीतज्ञ ने मालूशाही से पुरस्कार स्वरूप माँग लिया था। दूदकेला नाम बफौलों की माला(अजुवा बफौल गाथा के अनुसार) का माना गया है। सम्भवत: इसी दूदकेला का विवाह ' बफौली-कोट ' कर दिया हो। बफौल गाथा में दूदकेला को महरों की पुत्री माना है।

गाथाकार ने वीरमदेव के भाई उत्तमदेव की पत्नी का नाम रानी कुंजावती बताया है। इस रानी की शाखा में हथिया कुँवर ने कौसानी के पास हथछीना का नौला बनाया और जियारानी को तुर्कों की कैद से मुक्त किया तथा धौमासारीहाट में राजधानी बनायी। राजा उत्तमदेव के दीवानों

में भीमा कठायत सबसे प्रिय था। उसने गिवांड़ में राजधानी बनायी और प्रजा पर अत्याचार किये। थापा तथा परिहार जातियाँ उसके पक्ष में थीं। उत्तमदेव की तीसरी-चौथी पीढ़ी में छिपलिया पीर था जो साधु वेष बनाकर रहता था, किन्तु चरित्र से भ्रष्ट था। उसने छिपुलकोट में अपनी राजधानी बनायी।

डा० प्रयाग जोशी ने रतनचन्द की गाथा दी है जिसके अनुसार वे भारतीचन्द के पुत्र थे। रतनचन्द के शत्रु मल्ल (सम्भवतया कत्यूरी शाखा के डोटी व सीरा के राजा मल्ल) हो गये। रतनचन्द ने त्राण पाने के लिए चौकोट आगर के मैंदुवा सौन सुभट से प्रार्थना की किन्तु वह नहीं आया। फिर खिमासारी हाट में कत्यूरी राजा से सहायता की प्रार्थना की गई। राजकुमार हंसकुंवर बड़ा पराक्रमी था और वह रतनचन्द की सहायता के लिए चम्पावत पहुंचा। रतनचन्द की एक रूपवती कन्या सरुगङ्गा थी जिसे रतनचन्द ने तहखाने में छिपा दिया, किन्तु सरु ने हंसकुंवर के पास एक गुप्त सन्देश भेजकर उसे सलाह दी कि मल्लों को पराजित करके वह उसे इनाम में मांग ले। हंसकुंवर ने वैसा ही किया। सरु बैराठ गयी।

इस कथानक में आयी सरुगंगा का प्रसंग एक दूसरी लोक गाथा 'सम्पावहीत' में भी आया है, जहाँ उसे राजुली की माता गाऊंली (सुनपति की पत्नी) माना है, किन्तु मालूशाही गाथा में इसका उल्लेख नहीं है। गाथा में राजा उत्तमदेव के सात कुंवरों के नाम हैं—जिसमें हंसकुंवर तथा हथिया कुंवर दोनों का नाम आया है। रतनचन्द ऐतिहासिक व्यक्ति हैं जिसने चम्पावत में १४५० से १४८८ तक ३८ वर्ष राज्य किया, उसके पिता का नाम भारतीचन्द ही मिलता है। रतनचन्द ने डोटी के कत्यूरों को हराकर चन्दवंश की विजय पताका फहराई और शोर के बम राजाओं को हराकर उनका राज्य भी अपने राज्य में मिलाया। रतनचन्द ने सोराड़ी, देउपा, पुरचुड़ा, पड़ेर तथा चिराल पाँच प्रकार के राजपूतों को कालीपार से लाकर यहां बसाया ताकि राजभक्ति का परिचय दे सकें। गाथा में वर्णित मल्लों की शत्रुता इतिहास सम्मत है। रतनचन्द की गाथा का ऐतिहासिक महत्व है। किन्तु सरुगंगा तथा राजुली की माता गांउली को एक नहीं माना जा सकता है।

डा० जोशी जी ने अपने पुस्तक के दूसरे भाग में 'सम्पावहीत' की गाथा दी है, जिसमें सरुगंगा को चम्पावत के राजा धौवीचन्द ध्रुवचन्द की पुत्री माना

है, यद्यपि चन्द वंशावली में किसी का यह नाम भी नहीं मिलता है। इस कथानक के अनुसार सुनपति व्यापार करते हुए जब चम्पावत पहुंचा तो वह पांचवर्षीय सरुगङ्गा से विवाह करने हेतु धोबीचन्द की सलाह पर चांदी की चूड़ी पहना गया और स्वयं व्यापार करने चला गया और कई वर्षों तक लौटकर नहीं आया। सुनपति के न आने पर धूपचन्द बड़े चिन्तित हुए। सरुगङ्गा की राय पर पुत्री के विवाह के लिए उन्होंने डुगडुगी पिटवा दी कि जो धूपचन्द के मकान के पीछे बने अन्धकूप को भर देगा, उसी के साथ सरुगङ्गा का विवाह होगा। उस समय जुनौली कोट में सम्याव हीत रहता था जिसने चतुर-बुद्धि का उपयोग करके कुएं को पानी से भर दिया। अतः ध्रुवचन्द ने उससे कन्या का विवाह कर दिया। उसी समय नरसिंह धौनी की विवाह वाली हिर्वा-हेमा का साथ हुआ था। नरसिंह की वीरता से राजा विक्रमचन्द घबराता था अतः उसने राजभक्त नरसिंह धौनी की हत्या करा दी। विवाह के बाद सम्याऊहीत नवपरिणीता सरुगगा को छोड़कर कार्यवश तराई भावर चला गया। वर्षों बाद सुनपति जब चम्पावत पहुंचा और उसने सरुगंगा मांगी तो ध्रुवचन्द ने भाई की बीमारी के बहाने सरु को सम्याऊ-हीत के घर से मायके बुलाया और हठात् अर्द्धरात्रि में ही सुनपति के साथ भोट भेज दिया।

दुःखी एवं विवश सरु भोट चली गयी किन्तु उसका मन सम्यावहीत के प्रति लगा रहता था। भोट से सरु ने कौए को अपना दूत बनाकर तराई भाबर अपने पति के पास भेजकर सारा वृतान्त कहलाया। क्रुद्ध हीत धूपचन्द के पास गया और उसने अपनी पत्नी सरुगगा की पूछताछ की। धूपचन्द ने छल से विष देकर उसे मारने की चेष्टा करनी चाही। परन्तु हीत के साले श्रीखण्ड ने उसे सचेत किया कि वह विष का भोजन न खावे जो उसकी हत्या के निमित्त बनाया गया है। क्रुद्ध होकर हीत ने अपने श्वसुर का शिर काट दिया और अपने साले श्रीखण्ड के साथ सरुगगा की खोज में भोट प्रदेश चला गया। हीत और सुनपति में घोर युद्ध हुआ, अन्त में हीत ने सरुगगा को छीन लिया।

उक्त गाथा से कई प्रसङ्गों का रहस्योद्घाटन होता है। राजुली के पिता सुनपति नामक भोटिया व्यापारी की ऐतिहासिकता सिद्ध करने में हमें मदद मिलती है। यद्यपि सरुगङ्गा तथा राजुली की माता गाऊँली का एक होना स्वीकार नहीं किया जा सकता है। मालूसाही गाथा में बागेश्वर

बाघनाथ को राजुली मामाकोट (ननीहाल) का गेवना बताया है जब कि सरगङ्गा चम्पावत के चन्द राजा की पुत्री थी। दूसरा नरसिंह धौनी की बारात एवं सम्यावहेत की बारात का एक ही लग्न एवं मुहूर्त में होने की बात से कालक्रम के कुछ और रहस्य खुलते हैं। राजा विक्रमचन्द का समय इतिहास के अनुसार १४२३-१४३७ ई० है।

इतिहास में विक्रमचन्द्र को शिव का भक्त बताया है। उसके बालेश्वर मन्दिर के ताम्रपत्र में शाके ११४५ अंकित है। इससे लगता है कि उसने गद्दी पर बैठते ही सन् १४२३ ई० में शिव मन्दिर का जीर्णोद्धार करके दानहेतु यह ताम्रपत्र जारी किया। इतिहास पुष्टि करता है कि विक्रमचन्द पहले धार्मिक व्यक्ति थे, बाद में वे बड़े विलासी हो गये। इसी कारण उसके पुत्र भारतीचन्द ने खश सरदारों से मिलकर विद्रोह किया और १४ वर्ष तक शासन करने के बाद विक्रमचन्द को भागना पड़ा। इतिहास तथा लोकगाथा के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि विक्रमचन्द ऐतिहासिक है जिसका समय नरसिंह धौनी एवं सम्माऊ हीत (खश सरदार) एवं सुनपति के साथ ही पन्द्रहवीं शदी के पूर्वार्द्ध में माना जा सकता है और यही समय मालूशाही का भी माना जा सकता है। अत: हम मालूशाही के समय को १४०० ई० से १४५० ई० के बीच मान सकते हैं। यह हो सकता है कि मालूशाही द्वारा अन्तर्जातीय कन्या राजुली से विवाह करने और योगी वेश में उसे प्राप्त करने की सफलता की घटना ने आगे चलकर गङ्गनाथ को भाना-जोशी (अन्तर्जातीय परकीया स्त्री) को सन्यासी बेश में पाने के लिए प्रेरित किया है।

डा०जोशी ने अपने संग्रह के दूसरे भाग में जोशीमठ वाले आसन्दी राजा की गाथा को संकलित किया है। उसी गाथा में नृसिंह भगवान द्वारा आसन्दी की स्त्री की परीक्षा लिये जाने, और नृसिंह द्वारा आसन्ती को शाप देने की घटनायें हैं। इतिहास में आसन्तीदेव एवं वासन्तीदेव नाम कई मिलते हैं, अलग वंशाव वंशावलियों में उनके नाम अलग क्रम में हैं। केवल पाली पछाऊँ की एक शाखा के नामों में आसन्तीदेव तथा वासन्तीदेव का नाम प्रारम्भ में ही मिलता है। सम्भव है यही आसन्ती देव जोशीमठ से कत्यूर आया हो, ऐसी मान्यता हम तभी कर सकते हैं जब गाथा एवं इतिहास के मध्य साम्य ढूँढ़ने का प्रयास करें।

राजा वीरमदेव-ब्रह्मदेव द्वारा अपनी मामी के साथ यौन सम्बन्ध

स्थापित करने का प्रसङ्ग इतिहास में अंकित है। डा० जोशी ने वीरमदेव की एक गाथा संकलित की है जिसमें बताया है कि वीरमदेव ने अपने खेतों में रोपाई हेतु अपने मामा से सपरिवार मदद माँगी। जब मामा सपरिवार उसे मदद करने आया तो वीरमदेव ने अपनी मामी के साथ व्यभिचार किया। पर यह बीरमदेव कौन था, इस सम्बन्ध में पर्याप्त खोजबीन एवं प्रमाण प्रस्तुत किये जाने हैं। हो सकता है कि यह बीरमदेब परवर्ती काल का कोई छोटा माण्डलिक राजा हो।

निष्कर्ष—हमे इतिहास, गाथाओं, जन-श्रुतियों, एवं अवशेष रूप में बची हुई सांस्कृतिक परम्पराओं इत्यादि को समन्वित रूप से देखने से विवेच्य गाथा मालूशाही के मुख्य पात्र मालूशाही एवं उसकी वंश परम्परा को समझने में निश्चित रूप से सहायता मिलती है। इससे हम यह स्थिर कर सकते हैं चन्दों से पहले कत्यूरी वंश का साम्राज्य इस पर्वतीय अंचल में था। उनमें से कई राजा बड़े दानी, धर्मात्मा प्रजा-पालक थे। यह भी सत्य है कि पहले कत्यूरों की राजधानी जोशीमठ थी जो साम्राज्य विस्तार या किसी अन्य कारण से कत्यूर घाटी को स्थानान्तरित कर गई। इस राजवंश के बाद चन्दवंश का आगमन हुआ। पराजित होकर इन कत्यूरियों ने चन्दों के साथ अपने वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित कर लिये और मिल जुलकर रहने लगे। अपने राज्य में किसी प्रकार के विद्रोह की आशंका न रहे यह समझकर चन्दों ने भी कत्यूरियों के वैवाहिक सम्बन्धों को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

मालूशाही एक ऐतिहासिक व्यक्ति था। मालूशाही का समय पन्द्रहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध स्थिर किया जा सकता है, वह कत्यूरी वंश का कोई माण्डलिक राजा था। सुनपति को भी बहुत से लोग ऐतिहासिक व्यक्ति मानते हैं, और तर्क देते हैं कि उसने गढ़वाल के सीमावर्ती क्षेत्रों तक व्यापार को बढ़ाया। सुनपति की पत्नी गाऊँली को बड़ी दानी बताया गया है और कहा गया है कि उसने रानी बाग (चित्रशिला) से कैलाश मार्ग तक हर पड़ाव में धर्मशालाऐं बनायी थीं। आज भी एक रूप एवं आकार की बहुत सी धर्मशालाऐं इस मार्ग में जीर्ण अवस्था में मौजूद हैं, जिन्हें भोटियानी की धर्मशालाऐं कहा जाता है। किन्तु बिना ऐतिहासिक तथ्यों के हम उन्हें गाऊँली द्वारा ही निर्मित होने का दावा कर सकते हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि मालूशाही की गाथा का नायक एक ऐतिहासिक राजा है जो किसी छोटे अंचल में राज्य करता था। गाथा में उसके राज्य

के वैभव का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करना तो चारण सुलभ अतिशयोक्ति का ही फल है। चन्दशासन की स्थापना मालूशाही के समय चम्पावत में हो चुकी थी। मालूशाही के समय की प्रजा में बड़ी अनुशासनहीनता एवं अव्यवस्था थी और राजदरबारों में सामन्तों एवं राजगुरुओं का प्रभाव था।

(आ) प्रकाशित वस्तु की समीक्षा

साहित्य रचना में सृजन कार्य जितना महत्वपूर्ण है, साहित्य अनुशीलन में समीक्षा या समालोचना कार्य भी अपना उतना ही महत्व रखता है। वस्तुतः तब तक साहित्य उपयोगी नहीं बन सकता है, जब तक कि उसका अनुशीलन न किया जाय। अनुशीलन से साहित्य का बहुजन हिताय वाला पक्ष उभरता है। कोई भी साहित्यकार तभी अपना प्रयास सार्थक मानता है, जब उसकी कृति का उपयोग अधिक लोग करें। यद्यपि स्वान्तः सुखाय रचनाकार भी अपना दावा करते हैं, किन्तु उनकी संख्या है भी तो बहुत कम। पुनश्च, स्वान्तः सुखाय तो भक्ति, मनन, चिन्तन, तप, साधना, समाधि इत्यादि कार्य होते हैं। अभिव्यक्ति पक्ष से युक्त होकर, वर्ण, शब्द, वाक्य या पदों का आश्रय पाकर जो व्यक्तिगत अभिव्यंजना होती है वह पाठक या श्रोता सापेक्ष होती है। उसमें अकेले ही स्वान्तः की तुष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती है।

सम्यक् अनुशीलन ही एक प्रकार की समीक्षा या समालोचना है। अनुशीलन के भी दो पक्ष हैं—प्रथम—स्वान्तः सुखाय और द्वितीय—अभिव्यंजनापरक। यदि हम पढ़कर, सुनकर, समझकर या तर्क-वितर्क आदि के बाद या रस ग्रहण कर अपनी मानसिक क्रिया में दूसरे को भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में भागीदार बनाने का प्रयत्न करें तो यहीं पर से समीक्षा के द्वार खुल जाते हैं। समीक्षा से रचनाकार तथा उसकी कृति का सम्यक रूप हमारे सामने आता है। रचनाकार को उचित महत्व मिलता है और उसकी कृति के अनुशीलन में अधिकाधिक लोग प्रवृत्त होते हैं। रचनाकार तथा उसकी कृति को उचित प्रसिद्धि दिलाना और उसका उचित मूल्यांकन करना समीक्षा के द्वारा सम्भव है। समीक्षा से किसी रचनाकार की प्रसिद्धि कम नहीं होती है। परवर्ती युग के लिये किसी भी ऐतिहासिक व्यक्ति, घटना, या रचनाकार की जानकारी इतिहासकार या समालोचक द्वारा ही प्राप्त होती है। परन्तु इतिहासकार या समालोचक का कार्य इतना सरल नहीं है। निष्पक्षता, सहिष्णुता

और रचनात्मक दृष्टिकोण ये तीनों नेत्र उसके लिए आवश्यक हैं। तीसरी आँख संहार के लिए न होकर भविष्य द्रष्टा के कार्य के लिए होनी चाहिए।

इस अध्याय में 'मालूशाही' प्रेम गाथा के सम्बन्ध में प्रकाशित सुलभ सामग्री लेकर उसकी समीक्षा करने का प्रयत्न किया गया है। हमने इस गाथा को एक सुसमायोजित एवं सुसंकलित रूप दिया है, अतः हम शुद्ध समीक्षक या समालोचक कदापि नहीं हैं। कुछ विद्वानों, लोक साहित्यकारों आदि ने इस गाथा से सामग्री लेकर कुछ रचनाएं प्रकाशित की हैं। इन प्रकाशित रचनाओं की विविधता, विचित्रता, असंगतियों तथा अनर्गलताओं से ही प्रेरित होकर हम इस रचना के संकलन के लिए प्रयत्नशील हुए। इस गाथा के अन्य रचनाकारों के साथ हमारा जो दृष्टि-भेद है, वह पूर्व पृष्ठों पर स्पष्ट कर दिया है। अपना प्रयास रहा है कि स्वाभाविक दृष्टि से ही इन प्रकाशित रचनाओं पर दृष्टिपात किया जाय। आगे रचनाकारों को पृथक रूप में लेकर उनके विचारों मान्यताओं को समीक्षार्थ लिया गया है।

श्री यमुनादत्त वैष्णव द्वारा लिखित उपन्यास 'राजुली मालूशाही' के कथानक का प्रारम्भ इस प्रकार है—प्रारम्भ में मिलम ग्लेशियर के पास सुनपति का खेमा लगा है, जहाँ पर राजुली अपनी माता से बिराट नगर के मालूशाह की प्रशंसा सुनती है और राजुली मालूशाही के प्रति अपने प्रेम-भाव को माता गाऊंली से व्यक्त करती है। उधर सुनपति राजुली के विवाह की बात हुणदेश के ऋषिपाल से करने को कहता है, जिसको सुनकर गांगुली दुखी हो जाती है।

सुनपति का व्यापारी खेमा आगे बढ़ता हुआ जब जौलजीबी के मेले में पहुँचता है तो वहां एक सिद्ध पुरुष के मुख से महाभारत की कथा सुनते समय राजुली को पता चलता है कि द्वाराहाट ही बिराट नगरी है, अतः मालू को देखने की कामना से वह वहाँ जाने का निश्चय करती है। बागेश्वर उत्तरायणी के मेले में राजुली 'दुग' की चोचरी सुनकर मुग्ध होती है। जब खेमा तराई भावर की ओर प्रस्थान करता है तो राजुली सुनपति से बिराट नगर होकर चलने का आग्रह करती है जिससे वह गांङली के कहने पर स्वीकार कर लेता है। कत्यूरी घाटी में होकर काफिला बैराट की ओर चलता है, मार्ग में मालू के विषय में अनेक चर्चाएँ राजुली सुनती है। रङप नदी के किनारे सैंम मन्दिर के पास सुनपति अपना पड़ाव डालता है। प्रत्येक

मंगल को दर्शनार्थी मन्दिर में दर्शन हेतु आते हैं, वे राजुली के अप्रतिम सौन्दर्य को देखकर अवाक् रह जाते हैं। राजुली को वहाँ पास के एक शिला-खण्ड के विषय में पता चलता है कि प्रायः शिकार से लौटते समय वहाँ राजकुमार मालू चौपड़ खेलने बैठ जाता है। निदान राजुली वहीं मालू की प्रतीक्षा करती हैं। अगले दिन वह पास बने अग्नियारी देवी के मन्दिर में बैठी होती है तभी मालू वहां पहुंचता है और उसे देवी समझकर अर्चना करने लगता है। परिचय होने पर दोनों प्रेम करने लगते हैं। मालू अपने अंगरक्षकों से राजुली का परिचय कराता है। चोरी-छिपे उन दोनों की मुलाकातें होती रहती हैं। वसन्तोत्सव में जब राजुली सम्मिलित होती है तो सुनपति को उसके प्रेमालाप का पता चलता है और वह तुरन्त अपना खेमा बैराट से उठाकर आगे चल देता है। इससे राजुली मन ही मन घुटने लगती है। मालू बियोग में पागल सा हो जाता है। उसकी माँ धर्मा उसे समझाने की चेष्टा करती है।

एक रात मौका पाकर राजुली पुरुष वेश धारण करके अपने खेमे से भाग जाती है और दिन रात यात्रा करके आधी रात को बैराट नगर में प्रवेश करती है। राजुली के गले में पड़े अनेकों तावीजों में से एक स्वतः खुल जाता है और उसमें से एक मोहक सुगन्ध फैलने लगती है जिसके कारण सभी पहरेदार मूर्छित हो जाते हैं। जब वह मालू के शयनकक्ष में पहुंचती है तो वह भी बेहोश हो जाता है। तब राजुली अपनी अंगूठी के साथ एक पत्र मालू के सिरहाने रखकर वापिस लौट जाती है। उस पत्र में वह स्पष्ट कर देती है कि उसका पिता उसे हुणदेश ले जाकर शादी करने वाला है, यदि उससे पहले कुछ कर सको तो उत्तम है। प्रातः चेत होने पर जब मालू प्रियतमा की अंगूठी और पत्र को देखता है तो बहुत दुःखी होता है। वह पत्र पढ़ने के उपरान्त द्रोणागिरि पर जाकर योगविद्या सीखता है। तत्पश्चात् वह योगी वेश धारण करके राजुली को लाने की इच्छा से हुणदेश की ओर प्रस्थान करता है। माता धर्मा के समझाने पर भी वह नहीं रुकता।

राजुली हुणदेश के प्रस्तावित विवाह का विरोध करती रही। मालू राजुली की खोज में निरन्तर उत्तर दिशा की ओर बढ़ता रहा। जब सुनपति को मालू के आने की बात मालूम हुई तो उसने अपने गुप्तचरों को मालू के पकड़ने का आदेश दिया। दार्शनिक उपदेश देता हुआ, अपने कुल के इष्ट-देवताओं की कृपा से भोट की सीमा में स्थित शिव मन्दिर तक पहुंचा। साधुवेश में मालू के आगमन की बात सुनकर राजुली प्रसन्न हो गई।

विषवत संक्रान्ति के दिन भोट प्रदेश में बर्फ गिरने से ठण्ड बढ़ जाती है। सुनपति के कर्मचारी सिद्दू-बिद्दु नामक दो व्यक्तियों को मालू के भ्रम में बन्दी बनाते हैं। सुनपति उनकी सुनवाई करने हिण्डी देवी के मन्दिर में जाता है। सिद्दू-बिद्दू अपने को छुड़ाकर सुनपति को भुलावे में लाकर नीचे गिरकर उसके शस्त्र छीन लेते हैं। भयत्रस्त सुनपति वापस लौट जाता है। वे दोनों ऐन्द्रजालिक जड़ी-बूटी से सुनपति के प्रहरियों को अचेत कर अन्य बन्दियों को मुक्त करके विषवत का उत्सव मनाने की तैयारी करते हैं। मालू साधुवेश में सौकाणा में एक शिव मन्दिर में रहता है, जहाँ ऐक लंगड़ा उसका शिष्य बन जाता है। लंगड़ा मन्दिर में रखी पुरानी पोथियों की प्रतिलिपियाँ तैयार करता था। विषवत् के दिन मन्दिर में सभी नवदम्पति एवं बालाएं दर्शनार्थ आयीं। मालू भी राजुली की प्रतीक्षा करता रहा, लम्बी प्रतीक्षा के बाद राजुली वहां आयी। योगी मालू तथा राजुली हाथ में हाथ मिलाकर नृत्य करने लगे। इस प्रकार रोज राजुली समय निकालकर मालू से मिलती रही। उधर मालू संगीत विद्या मे प्रसिद्धि पाता गया। लोग उससे संगीत सीखने आने लगे। राजुली भी अपनी सखियों सहित संगीत सीखने के निमित्त अपने पिता सुनपति से उसे अपनी अतिथिशाला में टिकाने को कहती है। सुनपति राजुली की बात मान लेता है। योगी मालू राजुली तथा उसकी सखियों को संगीत सिखाता है। कुछ दिनों बाद सुनपति को राजुली एवं मालू के अभिसार का पता लग जाता है। वह सोचने लगा कि बल-प्रयोग से तो कत्यूरियों को नहीं जीता जा सकता अतः मालू को कूट उपायों से मारने की योजना बनायी जाय।

राजुली स्वयं मालु को भोजन देने जाती और वे दोनों एक ही थाली में खाना खाते। लूले शिष्य ने इसकी खबर सुनपति को दे दी। राजुली का प्रणय भेद जानकर सुनपति ने राजुली को मालू के पास जाने पर रोक लगा दी। मालू राजुली की प्रतीक्षा करता रहा। एक दिन खीर में विष डालकर सुनपति ने मालू को अपनी अतिथिशाला में निष्प्राण कर दिया।

सिद्दू-बिद्दू ने बैराठ लौटने पर मालू की माता को भोट के कटु अनुभव बताये। चिन्तित होकर धर्मा ने अपने छोटे भाई मिरतुसिंह को, जो गढ़वाल का राजा था, बुलाया और मालू की रक्षा हेतु भोट प्रदेश पर हमला करने को सुसंगठित सेना तैयार करवाई। उधर रात को सुनपति ने अपने नौकर चामू से मालू को दूरस्थ हिमनदी के तट पर बर्फ की गुफा में डलवा

दिया आषाढ़ के महिने में ऋषिपाल हूँण की बारात सज धज कर आयी। मालू के अचानक गायब हो जाने के रहस्य से अनभिज्ञ राजुला मालू के आने की प्रतीक्षा करती रही। विवाह होने पर निष्प्राण, उदासमना राजुला हूँण देश चली गयी। झूना शिष्य अपने किये हुए पर पछताता हुआ दुखी हो गया।

बर्फीली गुफा में, मालू की चेतना लौटी तो उसने स्वयं को बर्फ शिला से जकड़ा पाया। उसके अंग-प्रत्यंग निष्प्राण होगये थे। वह गुफा से बाहर निकलने के लिए चेष्टा करने लगा। बैराठ की सेना सज धज कर जौलजिवी नामक स्थान पर पहुंची। सुनपति ने भी भाड़े की सेना तैयार कर ली। बैराठ के राजमंत्रियों ने मंत्रणा की कि पहले हम किसी प्रकार मालू को रिहा करें। एक दूत सुनपति के पास गया, सुनपति ने बताया कि मालू की मृत्यु हो चुकी है।

विवाह के बाद राजुली मालू के मर जाने की खबर पाकर असहनीय दुख से व्यथित होगयी। वह अपने शरीर को अभी भी मालू की धरोहर मानकर ऋषिपाल के संसर्ग से बचने के लिए स्वयं को अविकसित यौवना और अल्पवयस्का बताकर बचती रही। उधर बैराठ और भोटिया सैनिकों में घनघोर युद्ध हुआ। बैराठ की सेना के समक्ष भोटिया सैनिक टिक नहीं पाये। सिद्दू बिद्दू साधु वेश में मालू की खोज में सुनपति के महल, कोषागारों को ढूँढने लगे। उनकी मुलाकात भयभीत झूना से हुयी जिसने मालू की हत्या तथा उसको एक कन्दरा में डालने का वृतान्त बताया। सिद्दू-बिद्दू के साथ नगाड़ा भी निकल पड़ा और वे हिमकन्दराओं में मालू की खोज करने लगे।

हूणदेश में ऋषिपाल राजुली को अपने प्रति आसक्त न देखकर उसे मनाने के लिए अनेक युक्तियाँ कुटनियों द्वारा कराने लगा। राजुली उन कुटनियों से अपनी धर्मपरायणता के बारे में कहने लगी कि मैंने 'देवमातृक' पूजा के समय बारह वर्ष तक कुँवारे रहने का प्रण लिया है, अस्तु, इस अवधि तक राजा मुझे अछूता रखें। पहले तो ऋषिपाल राजुली की धर्मपरायणता पर विश्वास करता रहा किन्तु बाद में मालू जन्य विरहावस्था का आभास होने पर उसने राजुली को सात कमरों के मध्य घोर कारावास में डालकर कठोर यातनाएँ देनी प्रारम्भ कर दी।

झूना सहित सिद्दू-बिद्दू ने हिम-कन्दराओं से मालू के अचेत शरीर को निकालकर उसे सचेत किया। एक धावक के साथ एक मोनाल पक्षी के जोड़े को हूँणदेश भेजा। धावक ने बौद्धभिक्षु का रूप धारण कर मोनाल-युग्म

को एक पत्र सहित राजुली के बन्दीगृह मे भेजा। राजुली अतीव प्रसन्न होकर मालू द्वारा अपनी मुक्ति की प्रतीक्षा करने लगी। गोगल द्वारा दिये गये पत्र से राजुली दूसरे दिन अत्यन्त प्रसन्न दिखायी दी, जिसकी सूचना कुटनियों ने ऋषिपाल तक पहुँच यी।

मालू के संकेत होने पर डूना ने एक समारोह का आयोजन किया जिसमें नाना प्रकार के जन्तुओ के मुखौटे लगाकर प्रेत, ताण्डव एवं अन्य नृत्य किये। मालू ने अपने मामा मिरतू से अनुरोध किया कि वे सेना सहित हूणदेश पर आक्रमण करें और राजुली को बन्दीगृह से मुक्त कराये। मिरतू ने शरद-काल में हूणदेश की यात्रा को कठिन बताते हुए उससे कहा कि तुम जीवित होगये हो और हमने मुनपति को हरा दिया है, जीत हमारी है अतः हमें वापस लौटना चाहिए। मालू राजुली के बिना लौटना नही चाहता था, उसने अकेले ही साधु वेश में हूंण देश का तैयारी को और उसके साथ सिद्दू बिद्दू भी हो लिए। जगह-जगह मिरतू ने रक्षक नियुक्त कर दिये। धावन भोनाल पक्षी युगल को लेकर पहले ही पहुँच गया था। कुछ दिन यात्रा करते पर सिद्दू-बिद्दू ने बन्दरों का रूप धारण किया और मालू को चक्रांग पक्षी का रूप धारण कर ऋषिपाल के बन्दीगृह में प्रवेश कराया। उन्होंने तांत्रिक उपकरणों एवं विद्या से राजुली को भी पक्षी रूप में प्रातःकाल होते ही वहा से उड़ा लिया।

कुमाऊँनी सैनिक इधर विश्राम एवं मनोरंजन करते हुए राजुली मालू की प्रतीक्षा में थे। डूना पण्डित मिरतू के पास जाकर राजुली और मालू के विवाह को वैदिक विधान से सम्पन्न करने के लिये स्वयं को राज-पुरोहित नियुक्त करने की याचना करता है। इतने मे टिटहरी पक्षी ने राजुली मालू के शीघ्र आने की सूचना दी। जिस गृह मे मालू नृत्य सिखाया करता था उसमें डूना कन्यादान की तैयारी करने लगा। गाँगुली अपने वैधव्य वेश में राजुली के आने की प्रतीक्षा में थी। किसी ने कहा कि गांगुली वैधव्य रूप में कैसे कन्यादान करेगी? डूना पण्डित ने चतुरता के साथ गांगुली का हाथ मिरतू के हाथ में रख दिया।

प्रातःकाल होने पर ऋषिपाल को जब ज्ञात हुआ कि कुमय्याँ बाजीगर राजुली को पक्षी बनाकर उड़ा ले गये हैं तो उसने सभी हूंणदेश के पक्षी पालकों, ऐन्द्रिजालिकों, बाजीगरों से असंख्य पक्षियों को आसमान में छुड़वा दिया। सारे हूणदेश के आकाश में अगणित पक्षियों का पारस्परिक युद्ध होने

लगा। मालू राजुली को साथ लेकर मार्ग में भयंकर तूफान, हिमपात के कारण निर्धारित विवाह की बेला मे नही पहुँच सका। वह तीसरे प्रहर वहाँ पहुँचा। दिन रात चलने के कारण माल्‌ थक चुका था। वह विश्राम के लिए चला गया। राजुली चौथे प्रहर अपने माँ से मिलने चली गयी। राजुली-मालू के विवाह के लिए तैयार मण्डप पर उस दिन उनकी शादी नही हो पायी। उस दिन उस मण्डप मे गागुली और मिरतू का विवाह सम्पन्न हुआ। प्रातःकाल डूना ने विधिवत विवाह का अनुरोध किया तो माल्‌ ने कहा कि जो बर्फीला तूफान हूंणदेश मे आया है, उसके कारण यहाँ भी कही हिमपात न हो जाय, अतः दल को शीघ्र बैराठ चलना चाहिए। राजुली से उसका विवाह तो बैराठ के मन्दिर मे पहले ही हो चुका है। मालू के प्रस्ताव को मानते हुये बैराठ जाने की तैयारियां होने लगी। डूना को बताया गया कि उसे राज्याभिषेक के समय राजपुरोहित बनाया जायेगा। वह अपने चलने के लिए घोड़े या पालकी की व्यवस्था कर ले। डूना प्रसन्न होकर देवताओ की स्तुति करता हुआ राजा मालू की जय-जयकार करता हुआ गीत गाने लगा

श्री यमुनादत्त वैष्णव ने उपन्यास के "निवेदन" में कत्यूरी राजा के शक बताते हुए कनिष्क का वंशज माना है।[१] एक ओर तो ये शक से शौक मानते हैं, दूसरी ओर कत्यूरियों को भी शक मानते हुए विरोधाभास वाली बात कहते है। उन्होंने मान्यता दी है कि सुनपति हूंण[२] था, जबकि वह शौक (भोटिया) था। सीमान्तवासी इन व्यापारियों को शूद्र बताना उचित नहीं है। शौक की व्युत्पत्ति सीमा पर शुल्क वसूल करने वाले शौल्क, शौक[३] भी निराधार है। लेखक ने 'माल' का अर्थ वाह्य आवरण या अन्तरंग का विलोम माना है। यह अर्थ कुमाऊँनी में नहीं है। कभी-कभी मधुरता, मनोहरता सुस्वादु एवं सुन्दरता के लिए 'माल' शब्द का प्रयोग किया जाता है। बैलों के मुख पर लगायी जाने वाली जाली को लेखक ने 'माल' कहा है। वस्तुतः वह 'मुवाल' या 'म्वाव' है जो मुखार मुखाल शब्द से बना प्रतीत होता है। वैष्णव जी ने कालिदास के मेघदूत एवं मल्लिनाथ टीकाकार का सन्दर्भ देते हुए माल का अर्थ शैल माना है। वस्तुतः माल (तराई-भाबर) जाने के लिए आरोहण न कर अवरोहण करना पड़ता है। क्योंकि माल पर्वत प्रदेश का

---

१. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक'—पृ० ३

२. वही, पृष्ठ ३–४, ३. वही, पृ०

चरण स्थल है, जो समतल है। अस्तु, 'रुह्' धातु में ल्यप् प्रत्यय का प्रयोग करके माल जाने को आरोहण नहीं करना पड़ता, अपितु अवरोहण करना पड़ता है। कुमाऊँ में 'माल' शब्द (माल-ताल) का प्रयोग व्यापारिक वस्तुओं से लिया जाता है। यह शब्द विदेशी भाषा के प्रभाव से यहाँ प्रचलित है। कुमाऊँ की व्यापारिक मण्डियाँ तराई भाबर में थीं, अतः माल शब्द तराई-भाबर के लिए प्रचलित होगया। 'माल' से मिलते कई शब्द यहाँ प्रचलित हैं उन सबको तराइ भाबर के लिए प्रयोग में लाना उचित नहीं है।[1] लेखक ने मालूशाही को हीर-राँझा से एक हजार वर्ष पुराना माना है,[2] जो युक्ति संगत नहीं है। मालूशाही का समय गोरखपन्थ से भी बाद का है, क्योंकि इस प्रकार की प्रेम गाथाऐं सूफी आन्दोलन के बाद की है। अतः मालूशाही का समय १४ वीं सदी के बाद का है। लेखक ने माना है कुमाऊँनी साहित्य में कतिपय अर्थहीन पद तुकबन्दी के लिए प्रयुक्त हुए बताए हैं,[3] जो सत्य है, किन्तु उसकी तुलना उपनिषदों के 'निपातों' से करना सर्वथा असंगत है।

उपन्यास के प्रारम्भ में मिलम हिमनद के पास तम्बू लगाने का चित्रण असंगत है। मिलम इत्यादि स्थल तो भोटिया लोगों के स्थायी निवास रहे हैं, फिर उस बर्फीली प्रदेश मे तम्बू लगाने वाली बात कहाँ तक सत्य कही जा सकती है? सुनपति का व्यापार दमिश्क एवं भूमध्यसागर तक बताकर इतिहास एवं भूगोल की उपेक्षा की है। वस्तुतः ये भोटिया सीमावर्ती ज्ञानिम एवं तकलाकोर की मण्डियों से तराई भावर तक जाकर व्यापार करते थे। उत्तर में ल्हासा और दक्षिण में मुरादाबाद, लखनऊ और दिल्ली तक कोई विरले ही जाते थे। भोटिया, हूंण मूची, शक, मंगोल इत्यादि कबीले अलग-अलग हैं, उन्हें एक ही मानना उचित नहीं है। राजुली की माता कल्पना करती है कि मेरी बेटी आर्य (दर्शन) या असुर्य (आसिरिया) या हूणदेश जायेगी।[4] वस्तुतः यह कल्पना सर्वथा असंगत है, क्योंकि इतनी दूर में वैवाहिक सम्बन्ध रखना कभी नहीं हुआ। बीतराग से बिराट[5] मानने की कल्पना भी असंगत है। सुनपति द्वारा गांगुली के सामने अपनी पुत्री राजुली के अनिश्च

---

१. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' पृष्ठ ५।
२. से ४. वही—पृष्ठ ७, ७-८ व ५।
५. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव अशोक पृ० १०

सौन्दर्य का वर्णन[१] कुमाऊंनी, भोटिया और भारतीय मर्यादा के सर्वथा विपरीत है। द्वाराहाट की नदी स्वर्णपा से गोरी नदी की तुलना करने पर गोरी नदी को गंदला बताया है,[२] जबकि गोरी नदी का जल मिलम हिमनद से निकलकर अपनी शुभ्रता, निर्मलता एवं स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध है।

लेखक ने पृष्ठ ८ में सुनपति के जिस व्यापारिक मार्ग का वर्णन किया है वह गलत है क्योंकि लेखक ने पृष्ठ १५, १६, में सुनपति का काफिला काली और गोरी नदी के संगम जौलजीबी पर पहुंचाया है। जौलजीबी के मन्दिर में नागा बाबा द्वारा भागवत के पाठ के साथ गीता के भी पाठ का उल्लेख है,[३] जबकि उत्तराखण्ड के मन्दिरों में, सामूहिक एवं सार्वजनिक रूपेण गीता का न सामूहिक पाठ ही होता है और न प्रवचन। राजा विराट[४] के महाभारत कालीन विराट नगर का उल्लेख इतिहास सम्मत नहीं है। लेखक का यह वर्णन कि माल खतम होने पर भेड़ें कौड़ियों के भाव सोर घाटी में बेच दी जाती थी[५] एक अनर्गल तथ्य है। भोटिया अपनी भेड़ों को बूढ़ा और रुग्ण होने पर ही बेचते थे। मासी फूल का अर्थ 'मानस' (दुर्लभ) किया है।[६] वस्तुतः सुगन्धितकाय यह वनस्पति नैर, सम्यो, गुग्गुल इत्यादि के समान है, जो उच्च हिम-पर्वतों में उत्पन्न होती है, जहाँ ग्रीष्म में बर्फ पिघल जाती है। सुनपति के काफिले को नासिक में पहुँचाया गया है,[७] जबकि काफिला व्यांस चौदास की ओर मुड़ा था। दो विभिन्न दिशाओं का एक ही सीध में आना कैसे सम्भव हुआ? लेखक ने केले के लिए 'माणा' का अर्थ एक सेर से लिया है[८] वस्तुतः 'माण' के बर्तन की मोटाई के बराबर मोटे केले थे। 'माण' एक पात्र का प्रमाण माना जाता है। पहले आठ मुट्ठी का एक माण और आठ माणा की एक नाली मानी जाती थी। व्यापारिक दृष्टि से यह माण छः मुट्ठी की होगयी और छः माण की एक नाली मानी जाती है।

बागेश्वर मेले में सात सिलिङ से च्यूर (महुए) के फल बिकने आते थे[८] जो एक अनर्गल कल्पना है। च्यूरे के फल कुमाऊँ में कभी नहीं बेचे जाते है। च्यूर का फल आषाढ़ और श्रावण में पकता है, उसे अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता है जब कि उत्तरायणी का मेला माघ संक्रान्ति को बागेश्वर

---

१. से ३. वही—पृष्ठ ११, १४, १७ व १८

४. राजुली-मालूशाही-यमुनादत्त वैष्णव, पृ० २१।

५. से ६. वही, पृ० २३, २६, २८ व २८।

में होता है। पुनश्च, मात शिलिंग स्थान पिथौरागढ़ से चार मील दूरी पर स्थित है, जिसकी ऊँचाई लगभग पांच हजार फिट है, वहाँ म्यूरे का होना असम्भव है। शिलिंग का वन्य-वृक्ष, जो सघन, शीतल एवं स्वच्छ हवा प्रसरित करता है, प्रायः ऊँचे पर्वत शिखरों में होता है। अतः म्यूर और शिलङ का एक स्थान पर विकसित होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

उत्तरायनी के मेले मे राजुली दुगवालों की छपेली में मग्न होगयी।[1] विषवत् संक्रान्ति को सुनपति का काफिला जौलजीवी से उत्तर की ओर चला था, फिर वह माघ संक्रान्ति को बागेश्वर कैसे पहुँचा? प्रगट है कि पूर्वापर की घटनाओं पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया है। यह भी बताया है कि छपेलीगीत मालू सम्बन्धी था, जबकि अभी तक मालू प्रेमी के रूप में इतना उभरा हुआ नहीं था कि वह गीतों का विषय बन जाता। राजुली अपने पिता से कहती है कि मैं भी आप साथ तल्ला देश बिराट को चलूंगी, यात्रा में मैं आपकी सहायिका बनूँगी।[2] उस समय सुनपति बागेश्वर में था। बागेश्वर से माल तराई जाने के मार्ग दो ही थे, या तो अल्मोड़ा-भवाली होते हुए हल्द्वानी या फिर रानीखेत–द्वाराहाट (बैराठ) भिकियासैंन मासी होते हुए रामनगर होकर दोनों मार्गों से बैराठ पास ही था, अतः राजुली का इतना हट करना कहाँ तक समीचीन है?[3] मानषी शब्द का अर्थ लेखक ने तत्कालीन प्रचलित भाषा कहा है।[4] वस्तुतः मनेसि या मानसी शिक्षित वर्ग की भाषा के लिए प्रयुक्त होता था। आज भी हिन्दी, अंग्रेजी बोलने को कुमाऊँ अंचल के लोग 'मनेसी ढालण' कहते हैं। यह 'मनेसी' शब्द 'मनस्वी' या 'मनीषी' शब्दों से बना है जो शिष्ट व्यक्तियों की भाषा के लिए प्रयोग किया जाता है।

बन-कुटी में राजुली का खेल में बैठना और मालू का उससे साक्षात्कार होना,[5] अस्वाभाविक लगता है। भला, वह कन्या कड़ाके की सर्दी में उस वन कुटी में क्यों बैठी? जब कि उसे मालूम था कि वहां के अचारे, कुमय्यां नारियों का हठात् हरण करते हैं। रहप नदी में राजुली का बिम्ब देखकर, उससे साक्षात्कार होना अधिक स्वाभाविक लगता है। मालूशाह राजुली से कहता है कि मुझे ऐसा लगता है कि जैसे तालाब में पड़े तुम्हारे प्रतिबिम्ब से बातें कर रहा हूं।[6] स्पष्ट साक्षात्कार में जल बिम्ब का प्रसंग कैसे आया?

---

१. राजुली मालूशाही–यमुनादत्त वैष्णव–पृ० ३० ।

२. से ५ वही—पृ० ३३, ३४, ४१ व ४७।

६. राजुली मालूशाही– यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' पृ० ५३

लेखक ने बताया है कि मालू वस्त्राभूषणों को उतारकर देवी के दर्शन करने गया था।[1] जबकि कत्यूरिये मन्दिर मे वस्त्राभूषणों एवं आयुधों से सुसज्जित होकर जाते थे। नंगे सिर मन्दिर में जाना अपशकुन माना जाता था। मालू कहता है कि मैंने अपने अंगरक्षकों से तुम्हारी रूपराशि और 'ज्ञान गरिमा' की बात सुनी है।[2] रूपराशि का बखान तो उचित है परन्तु अशिक्षित राजुली की ज्ञान-गरिमा का बखान कैसे सम्भव है? इसी प्रसग में कि मालू एवं राजुला निर्जन में मिलन का सुख पा रहे थे, किन्तु घर से दूर दुराचारी, कत्यूरों के क्षेत्र में राजुली का सुनपति ने घर से बाहर इतना देर तक रहना कैसे सहन किया होगा? माल का स्वयं को सुनपति से कम धनवान मानना,[3] उचित नहीं लगता है। एक भोटिया व्यापारी चाहे कितना भी धनी हो, तत्कालीन किसी राजा से कम ही धनी होगा।

महाभारत की गाँधारी को राजुली की प्रमातामही बताया है,[4] जो असंगत है। मालू अपने अंग रक्षकों परिचय राजुली से कराता है,[5] जो स्वाभाविक नही लगता।

श्री पचमी—वसंत पंचमी के बाद युवराज के घर मे होली के आगामी उत्सव समारोह का उल्लेख मिलता है,[6] जबकि कुमाऊंनी परम्परा में माता या पिता की मृत्यु के एक वर्ष तक होली, बसन्तोत्सव, या रंग खेलने की परम्परा वर्जित है। लेखक ने बताया है कि राजुली बैराठ में चॅवर गायों के पीठ पर बठकर भेड़ों का पहरा देती थी,[7] वस्तुतः चंवर गायें इतनी स्थूलकाय होती है कि वे इन पहाड़ी मार्गों में आ-जा नहीं सकती है और न वे तिब्बत के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों में जीवित ही रह सकती है। अतः बैराठ में चॅवर गाय का आना असंगत है। इसी प्रकार 'मोनल' पक्षी जो केवल हिमवत् पर्वतो मे ही होता है, उपन्यासकार ने उसे भी निचली भूमि में उतारने का दुराग्रह किया है।

बसंतपचमी को फूल देहली[8] का त्यौहार मानना असंगति है। लेखक ने नीले रग के 'बुरुस' के फूल की चर्चा की है, जबकि वह लाल होता है। 'सम्यो' नामक एक सुगन्धित पौधा जो उच्छ हिम शिखरों के पास होता है,

---

१. से ५. वही पृ० ५४, ५५, ५६, ५७ व ५७।
६. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' पृष्ठ ६०।
७ व ८. वही - पृष्ठ ६१, ६३,।

वह द्वाराहाट में कैसे पैदा होगया ? लेखक ने न जाने किस वनस्पति शास्त्र से कई फूलों की नाम-परिगणना मात्र की है। ये फूल न तो इस स्थान की जलवायु में होते हैं और न एक मौसम में ही खिलते हैं। उनका विकास क्रम बसन्त से शरद तक चलता है। अतः पाठकों को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। उपन्यासकार ने विरही मालू को चित्रित करते हुए कहा है कि वह अपनी माता से कहता है कि वह राजुला को उसकी पत्नी बनाने हेतु बुला दे। यह असंगत है, क्योंकि कोई भी पुत्र अपनी माता के सामने अपनी प्रेमिका के सौन्दर्य का वर्णन नहीं करेगा।

उत्तरायनी के मेले में जब गाँगुली व धर्मा मिली थीं तो वे दोनों गर्भवती थी और पुंसवन संस्कार के बाद ही उन्होंने बागनाथ में एक साथ पूजा की।[1] अधिकांश स्थानकों में यही है कि दोनों जब मनौती के लिए आयी तो वे निःसन्तानी थीं। अतः लेखक की यह बात असंगत लगती है। लेखक ने महाभारत कालीन गांधारी को राजुली की प्रमातामही बताया है। कहाँ अतीत के गर्भ में समाया हुआ हजारों वर्ष पूर्व की गान्धारी, कहां अल्ठनी गावों के आस-पास की राजुली इतनी असंगति रखना[2] उचित नहीं लगता है। बिना वनपाल की अनुमति से जंगल में शिकार खेलने के आरोप में मालू दो बाघकों को बन्दी बनाता है तथा वनपाल की लापरवाही के लिए उसे दण्डित करने की बात करता है।[3] आज के युग की भाँति जंगल व्यवस्था की तुलना मालू के समय से करना उचित नहीं लगता। उस समय तो जंगल अधिक थे बस्ती कम। मालू को शंका है कि वह सुनपति से कम धनी है, अतः राजुली उसे निर्धन समझकर वर्णन करे।[4] राजुली भी यह समझती है कि राजकुमार *ऊँचो जाति के हैं मैं भोटिया कन्या हूँ, कहीं राजकुमार मुझे निम्न समझकर मेरे प्रेम को ठुकरा न दे।* वस्तुतः प्रेम में ऊँच-नीच का भेद नहीं होता, फिर प्रेमी-प्रेमिका के मनों में इस प्रकार की भेद-बुद्धि की शंका उठना असम्भव है,

श्री अशोक जी ने "जब गेई.......धुरा बाटा, गाड़ छिड़ा हुक बर्फैंऊ जानी।"[5] पद का अर्थ करते समय राजुला की यौवन एवं सुन्दरता को निर्झरणी बताया है। परन्तु "धुरा—जानी" पद का स्पष्ट अर्थ है कि राजुला

---

१. राजुली मालशाही—यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' पृष्ठ ७०।
२. से ५. वही—६९, ७३, ७५ व ७७।

को देखने वाले सभी दर्शक चाहे वे उच्च पर्वत शिखर (धुरा) में हों या मार्ग में (बाट) चल रहे हों, नदी नाले (गाड़) के किनारे हों या निर्झर (छीड़) के पास कार्यरत हों, वे सभी विस्मय, विमुग्ध रह जाते थे।

राजुली को पाने के लिए सात गणराज्यों के प्रमुखों के मल्लयुद्ध का उल्लेख है।[1] वस्तुत: वे सात गणराज्य के राजा न होकर गल-घण्टक के रोग वाले सात भाई 'गर्रा' थे। द्वाराहाट और बागेश्वर के बीच दूरी ही क्या है कि उसमें सात गणराज्यों का विस्तार हो? मालूशाह के समय में कोई गणराज्य कुमाऊँ में नहीं था। सात गणराज्य प्रमुख न होकर वस्तुत: सात कठ ग्रन्थधारी थे, और वे राजुली को तब मिले जब राजुली अकेले ही भोट प्रदेश से मालूशाह से मिलने जा रही थी। लेखक ने मल्ल युद्ध की सारी शब्दावली का प्रयोग कर अपनी बहुज्ञता का परिचय दिया है[2] परन्तु वर्णन में तारतम्यता न आने से कथानक का प्रवाह टूट सा गया है।

राजुला को बूढ़े थोकदार का प्रणय प्रस्ताव मिलता है।[3] वस्तुत: यह भी तब मिलता है, जब राजुली अकेले ही भोट से बैराठ जा रही थी। लेखक ने थोकदार शब्द की व्युत्पत्ति का सम्बन्ध हठात ४०० ई० पू० के 'सीथियनों' से जोड़ा है। तथ्य यह है कि अंग्रेजों ने इन थोकदारों को जन्म दिया। ये थोकदार अंग्रेजों के पिट्ठ भक्त होते थे। जो धन वसूल कर अंग्रेजों को देते थे तथा स्वयं भी खाते थे। "झुकामुक·········द्वारहाट"[4] का जो मूल गाथा का पद है वह प्रसंगानुकूल नहीं है। उक्त पद में राजुला के अकेले द्वाराहाट जाने का वर्णन है जो पृष्ठ ८० के तीसरे परिच्छेद के बाद आना चाहिए।

जाड़ों की ऋतु में सुनपति का काफिला द्वाराहाट से वापस लौटा था। अत: शीत ऋतु में तो द्वार बन्द कर मालू सोया होगा। राजुला के लिए कुण्डियां किसने खोली होंगी? पृष्ठ ८३ में बताया है कि मालू के शयन कक्ष में स्फटिक मणि के प्रकाश से दीप्त था, पृष्ठ ८४ में राजुला द्वारा चकमक से मालू के कक्ष में दीपक जलने की बात कही। जब कमरा स्वयं प्रकाशित था तो फिर दूसरे प्रकाश की क्या आवश्यकता पड़ी? मालू के न जागने पर राजुली सोचती है कि प्रात: होने पर राजकुमार स्वत: ही जाग जायेंगे, तभी उनसे साक्षात्कार करूँगी। अत: कुछ ही क्षणों के लिए क्यों उतावली करूँ?[5]

---

१. से ५. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' ७८, पृष्ठ ७९, ८१ व ८४।

परन्तु उसी क्षण क्या हुआ कि राजुला प्रातः होने से पहले ही बिना दर्शन के केवल एक पत्र लिखकर ही वापस होगयी ? यह पूर्वापर के तारतम्य का व्यवधान कथानक को शिथिल कर देता है। उल्लिखित प्रेम पत्र में "आकाश में उड़ते हुए पक्षी अपने पद चिह्न नहीं छोड़ जाते, और न जलचर ही समुद्र में विचरण करते हुए अपने चरण चिन्ह छोड़ते हैं इसी प्रकार देव, आप भी दृश्यमान होते हुए भी मेरे लिए अगोचर ही बने रहे।"[१] यह उपमा उचित नहीं लगती। इसी प्रसंग में बताया है कि राजुला प्रेमपत्र को समुद्रित करना चाहती थी,[२] एक व्यापारी की पुत्री के पास अपनी कैसी मुद्रा होगी ? मुद्रा तो केवल राजा की होती थी जो विशेष फरमानों एवं पत्रों पर ही लगायी जाती थी। राजकर्मचारियों तथा मालू के अचेत होने का कारण लेखक ने राजुली के गले का खुला ताबीज माना है जिससे राजुली भी परिचित थी, फिर उसने वह तावीज बन्द क्यों नहीं किया ? मालू द्वारा उसकी प्रेमिका राजुला के पिछली रात, उससे मिलने के लिए आयी हुई घटना का जो वर्णन है उसमें साधु का संश्लिष्ट अर्थ में आध्यात्मवाद की ओर ले जाकर अर्थ करना,[३] अस्वाभाविक लगता है। इससे कथानक की सहज गति नष्ट होती है। साधु जब योग-दीक्षा देता है तो लेखक ने साधु द्वारा मालू की जो प्रश्नावली प्रस्तुत की है वह नितान्त अप्रसांगिक है। अर्थात–मालू ....रहे हो ? किलै .. ... फोकि ख्वारा।[४]

लेखक ने बताया है कि सुनपति का काफिला उत्तर की ओर बढ़ रहा था, साथ में राजुली भी थी।[५] इससे पहले (पृष्ठ ८७) राजुली प्रातः होने से पहले मालू के सिरहाने प्रेम-पत्र रखकर लौट आयी थी। उसके लौटने का कोई भी वर्णन उपन्यास में नहीं है। न यह ही स्पष्ट है कि इतने दिनों तक गायब रहने पर उसके पिता सुनपति ने उसके प्रति क्या व्यवहार किया ? इस प्रकार की असंगति कथानक को नीरस बना देती है। 'कफुवा' का अर्थ कौआ बताया है,[६] जबकि 'कफुवा' पक्षी कुमाऊँ अंचल का विशेष पक्षी है जो बसन्त से ग्रीष्म काल तक 'काफल' पकने की सूचना देता है। उसकी बोली काफी मीठी एवं विरहोद्दीपक होती है।

---

१. से ६. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव, पृष्ठ ८६, ८७, ९०, ९५, ९७, व ९८।

सुनपति के वचनों से मक्त किए हुए सिदुवा द्वारा—"निकार सनान '''' हवा बाँकै"[१] पद जो गीता के 'नैनं छिन्दति शस्त्राणि ''''' न शोष्यति मारुत:' का कुमाऊँनी अनुवाद है, का पाठ करना उचित नहीं है। लेखक ने स्पष्ट किया है कि शौक्याण के शिव मन्दिर में विषवत् संक्रान्ति को प्रथम मिलन के अवसर पर मालू एवं राजुली परस्पर नाचने लगे थे,[२] तो क्या पशु शिष्य को बुरा नहीं लगा होगा? क्या तब मन्दिर में और कोई नहीं था। क्या सुनपति तक किसी ने बात नहीं पहुँचाई होगी? लेखक ने बताया है कि योगी तब नृत्य एवं संगीत सम्राट के रूप में वहाँ प्रसिद्ध हो गया था, और राजुली रोज उससे मिलती थी। क्या सुनपति को यह सब पता नहीं हुआ होगा? तो उसने राजुली को जाने से रोका नहीं होगा? अस्तु, लेखक का यह कथानकीय अस्वाभाविक लगता है।

मन्दिर की अतिथिशाला से मालू के शव को उठाने उस दिन कोई नहीं आया और शव के ऊपर बर्फ की बौछारें रात को पड़ने लगीं।[३] क्या मालू भोजन कक्ष या शयन कक्ष में भोजन करता हुआ मारा गया? उसका शरीर खुले प्रांगण में किस प्रकार आ गया? इसी प्रसंग में बताया है कि केवल हूना ही मालू के शरीर को देख रहा था, तो क्या हूना को भोजन देने उस दिन कोई नहीं आया? यह असंगति कैसी? फिर उस रात हूना ने देखा कि कोई जंगली जानवर सी काली आकृति, जो बाद में दो व्यक्तियों के रूप में स्पष्ट हुई, मालू के शरीर को उठा रही थी। जबकि बर्फीली रात में, तो वस्तुएँ चमकते बर्फ के प्रकाश से स्पष्ट दिखायी देती हैं। अतः काली अस्पष्ट छाया को देखने का प्रश्न कैसे? लेखक ने ऋषिपाल हूंण की बारात में प्रत्येक वहां की कंटियों के ऊपर हरी पालक की गड्डियाँ रखवाई[४] हैं। बारात आषाढ़ के महिने में है, पहाड़ों में पालक तो जाड़ों में पैदा होता है। बरसात में तो उसके पौधे ही गल जाते हैं तो फिर यह पालक कहाँ पैदा हुआ होगा?

पुनश्च, यवन एवं तुर्क देश से लाई हुई दासियों को भी बारात में शामिल किया है।[५] १४ वीं सदी के बाद तिब्बत के हूंण राजा के यहाँ क्यों कर यूनान एवं तुर्की से दासियाँ आने लगीं। हूंण क्यों तुर्क दासियों को अपनी

---

१. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव 'अशोक' पृष्ठ ११४।
२. वही, पृष्ठ १२२–१२८ ३. वही, पृष्ठ १३७।
४. वही, पृष्ठ–१४०। ५. वही, पृष्ठ १४१।

परिचारिकाऐं बनाऐंगे ? यूनान देश तो पहले से ही सभ्य एव विकसित था, वहाँ की दासियाँ हूंण राजा की सेवा में क्यों जायेंगी ? जब सुनपति एव चामू मालू की लाश को हिमनदी की ओर ले जा रहे थे, तो हूना मन्दिर के कलश के नीचे छज्जों पर चढ़कर सारा दृश्य छिपकर देख रहा था।[१] जो हूना बिल्कुल भी नही चल पाता, वह मन्दिर के शिखर तक कैसे चढ़ा ? यह बहुत बड़ी असंगति है।

सिद्दू-बिद्दू बिना मालू का पता लगाये लौटकर बैराठ में धर्मावती रानी को भोट प्रदेश की गाथा सुनाने लगे।[२] पहले लेखक ने बताया है कि बिषवत् संक्रान्ति के दिन मालू साधुवेश में शौक्याण के शिव मन्दिर में था और सिद्दू-बिद्दू हिण्डी देवी के मन्दिर में थे। दोनों मन्दिर सुनपति के घर के पास ही थे। सिद्दू बिद्दू बड़े पराक्रमी थे, उन्होने सुनपति तथा उसके प्रहरियों को भयभीत कर दिया। तो क्यों वे दोनो मालू का पता लगाने नही गये ? बर्फीली गुफा में अचेत मृत मालू जब कुछ चेतना पाता है तो वह बर्फ से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करता है।[३] वस्तुत: यह संघर्ष एकदम कृत्रिम, असत्य, अस्वाभाविक, और अविश्वसनीय है। मृत शरीर जीवित होना ही सम्भव नहीं है। बर्फ के बीच भी पसीना हो जाय, जिससे कि बर्फ पिघलने लगे और तत्काल फिर पसीना सूख जाय तो बर्फ भी उसी साँचे में जमने लगे यह निराधार है। इतनी बर्फ के बीच मानव जीवन की कल्पना ही ठीक नहीं, फिर मालू कैसे सचेत हुआ ? मालू पुनरुज्जीवित होने पर सिद्दू-बिद्दू तांत्रिकों के साथ, हूंणदेश रथ में बैठकर प्रयाण करता है,[४] जो एक अनर्गल तथ्य है। पहाड़ों पर रथ की कल्पना हास्यास्पद है। सुनपति के नौकर चामू को मालू के विषय में गलत सूचना देने के अपराध में जीभ काटकर बन्दीगृह मे डाल दिया गया था[५]। किन्तु जब हूना बन्दीगृहों की सफाई करा रहा था तो उसे चामू मिला उससे हूना की बात चीत हुई है। चामू—"भाई आँखें तो""""" """"पहिचानूं भी तो कैसे ?"[६] लेखक ने बताया है सुनपति ने चामू की आँखे फोड़ दी थी, पूर्वापर, कथन कथ्य, घटनाक्रम में ही लेखक ने बड़ी असंगति एवं विरोधाभास रखा है। लेखक ने बताया है कि गिरतूसिंह ने हूना

---

१. से ३. राजुली मालूशाही, पृष्ठ १४३, १३६, १४६ से १५६।
४. राजुली मालूशाही—यमुनादत्त वैष्णव अशोक, पृष्ठ १६३।
५. व ६. वही, पृष्ठ १६६ एवं १६६, व २०६

के अनुरोध पर गाँगुली से विवाह कर लिया।[1] कथानक के इस अंश को डॉ. पुत्तूलाल शुक्ल ने भी अपनी 'मालूशाही' में जोड़ा है। यह उचित नहीं जान पड़ता। धार्मिक गाँगुली भला इतनी शीघ्र अपने वैधव्य को छोड़कर मिरतूसिंह से विवाह करेगी? यह प्रक्षेपण अनर्गल, तथ्यहीन तथा संस्कृति के विपरीत है।

लेखक ने अपना बुद्धि कौशल दिखाने के लिए कुमाऊँ के सीमावर्ती स्थानों का सम्बन्ध सुदूरस्थ, दुर्गम स्थानों से जोड़कर उन्हें हठात् दुरूह बना दिया है। घटनाओं का सम्बन्ध इतिहास के प्रारम्भिक एवं अज्ञात तथ्यों में स्थापित किया है। वर्णन शैली में पाठकों को भरमाने के लिए तत्सम्बन्धी शब्द कोषों से कठिन शब्द पारिभाषिक शब्दों को खूब ठूँस-ठूँस कर रख दिया गया है। यदि हम लोक-जीवन में व्याप्त मालूशाही की गाथा के सामने इसका रूप देखें तो त्रुटियों, मिथ्यावादिता और असंगतियों के ऊपर आवरण चढ़ाकर पाठक को दिग्भ्रमित किया गया है।

इस लोक कथा पर आधारित डॉ. पुत्तूलाल शुक्ल के आञ्चलिक प्रबन्ध काव्य[2] में लेखक ने प्रारम्भ में हिमालय का सुन्दर वर्णन किया है। मकर संक्रान्ति पर बागेश्वर मेले में शौक देश का व्यापारी सुनपति अपनी पत्नी गाँगुली सहित सन्तान प्राप्ति की मनौती के लिए मन्दिर में आता है। वहाँ बैराठ की रानी धर्मावती भी सन्तान की कामना से आयी थी। धर्मा तथा गाँगुली में परस्पर भावी अपत्य सम्बन्ध स्थापित करने का निश्चय होता है। कालान्तर में धर्मा ने मालूशाह नामक पुत्र तथा गाँगुली ने राजुली नामक कन्या को जन्म दिया। राजुली यौवनावस्था को प्राप्त होने पर एक दिन अपनी माता से पूछती है कि फूलों में श्रेष्ठ फूल कौन है? देवों में सबसे बड़ा देवता कौन है? गाँव में सबसे बड़ा गाँव कौन है? और राजाओं में सबसे बड़ा राजा कौन है? गाऊँली बताती है कि फूलों में कमल, देवों में महादेव, गाँवों में द्वाराहाट तथा राजाओं में मालूशाही श्रेष्ठ है। मालूशाही की चर्चा सुनकर राजुली के मन में मालू के प्रति अनुराग उत्पन्न होने लगता है।

एक बार सुनपति अपने व्यापारिक काफिले के साथ द्वाराहाट पहुँचा। सुनपति भेड़-बकरियों की रखवाली के कार्य को राजुली को सौंपकर स्वयं बैराठ नगरी में व्यापार करने चला गया। राजुली रहप नदी के किनारे, देवा

---

१. वही, पृष्ठ २२९ एवं २३०।

२. मालूशाही—पुत्तूलाल शुक्ल 'चन्द्राकर', विवेक प्रकाशन, लखनऊ.

के मन्दिर के पास एक अट्टालिका में बैठ गयी। मालू जब देवी दर्शन करने के बाद एक जगह बैठकर रहप नदी के प्रवाह को देख रहा था तब उसकी दृष्टि जल में पड़े राजुली के बिम्ब पर पड़ी। वह उस बिम्ब को साक्षात देवी समझकर स्तुति करने लगा। राजुली नीचे उतरी और उसने मालू से साक्षात्कार किया। यह उनका प्रथम मिलन था। दोनों ने मन्दिर में जाकर परस्पर समर्पण का संकल्प किया। किसी न किसी बहाने रोज वे आपस में मिलने लगे। यह बात सुनपति तक पहुँची। सुनपति ने 'फूल देली' बसन्तोत्सव (चैत्र की संक्रान्ति का पर्व) को निकट बताकर अपना खेमा वहाँ से उठाकर भोट प्रदेश को चल पड़ा। सुनपति ने निश्चय किया कि वह राजुली का विवाह मालू से नहीं, हूंणदेश के ऋषिपाल से करेगा जो उसे धन देकर उसके व्यापार को भी बढ़ायेगा।

राजुली के चले जाने के बाद मालू बड़ा दुखी रहने लगा। उधर राजुली भी मालू के विरह में दुखी रहने लगी। राजुली ने अपनी मां से अपना विवाह मालू से करने को कहा। माता गाऊँली ने राजुली को बताया कि मालू की माता धर्मा उसकी सहेली है, अत: उसका विवाह मालू के साथ सहज हो जायेगा। राजुली कुछ दिनों तक मालू के आने की प्रतीक्षा करती रही, किन्तु जब वह नहीं आया तो वह मालू से मिलने द्वाराहाट को चल पड़ी। मार्ग में सान गनाँ और एक बूढ़े थोकदार ने राजुली को भरमाने की चेष्टा की परन्तु राजुली उन्हें चकमा देती हुई आगे बढ़ी। रात्रि को मर्दाने वेश में बैराठ के महल में पहुँची, जहाँ मालू सोया हुआ था। राजुली ने मालू को जगाने का भरसक प्रयास किया परन्तु वह उठा नहीं। उसने मालू के पैरों के नीचे एक पत्र लिखकर रखा और उसके गले में माला डालकर वह वापस लौट गयी। मालू होश में आने पर इस घटना से विरह से व्यथित होने लगा। मालू योगी का रूप धारण कर, माता के मना करने पर भी, वह राजुली की खोज में चल दिया। वह शौक देश के एक शिव मन्दिर में पहुँचा, अन्य दर्शनार्थियों के साथ आयी राजुली को उसने और राजुली ने मालू को पहचान लिया।

राजुली के अनुरोध पर सुनपति ने जोगी रूपी मालू को अपने महल में टिका दिया। एक दिन जब सुनपति ने जोगी को राजुली के साथ प्रेमाचार करते देखा तो सुनपति ने विषमिली खीर मालू को खिलायी, जिसको खाते ही योगी मालू अचेत होगया। उसको तब हिम शिला के नीचे डाल दिया गया। हूंण राजा राजुली को व्याहने जब बारात लाया तो राजुली

और उसकी माता बहुत दुःखी हुयी शादी के बाद राजुली शौक देश से विदा हो गयी। हूँण देश को जाते समय राजुली को मोनल पक्षी ने सूचना दी कि मालू अभी जीवित है, अतः वह (मोनल) मालू को राजुली से मिलाने का प्रयत्न करेगा। हूंण राजा जब राजुली के अभिसार कक्ष में पहुँचा तो उसने बड़ी चतुरता से यह वचन ले लिया कि वह बारह वर्ष तक उसे अपनी कन्या के समान समझें। हूँण ने वचन तो दे दिया परन्तु उसमें छल प्रपंच की शंका करते हुए उसने राजुली को कैद कर दिया। धर्मा ने स्वप्न में देखा कि मालू संकट में पड़ा है। धर्मा ने अपने भाई मृत्युसिंह को सन्देश भेजकर मालू का कुशल लाने को कहा। मृत्युसिंह फौज लेकर भोट को चल पड़ा। मृत्युसिंह सन्यासी वेश में शौक देश में घूमने लगा। राजुली की सखी बिजुली ने मृत्युसिंह को मालू को जहर देकर मारने तथा शव को अमुक स्थान में दफनाये जाने की बात बतायी। युक्ति पूर्वक मृत्युसिंह ने उस शव को बाहर निकाला और सिद्‌दू बिद्‌दू तांत्रिकों द्वारा शव में तंत्र बल से प्राण संचार करवाये। इसी बीच मोनल ने आकर सन्देश दिया कि 'राजुली हूंण ऋषिपाल की कैद में बन्दी है, तुम उसे जाकर छुड़ाओ, मैंने उसे मालू के जीवित रहने का समाचार दिया है।'

उन लोगों ने मंत्रणा की कि यदि हूंण देश पर हमला किया जाये तो ऋषिपाल राजुली को पहले ही मार देगा अतः मालू को तंत्र विद्या से एक तोता बनाकर उड़ाया गया, उसके पास एक दूसरा जंतर था जिसको राजुली के गले में बाँधकर वह भी तोता बन जायेगी, जंतर खोलकर दोनों अपने वास्तविक रूप में आ सकते थे। तोता रूपी मालू उड़ता हुआ हूंणदेश पहुँचा जहां राजुली बड़ी दुखी अवस्था में थी, तोता उड़ते हुए राजुली की गोद में जा बैठा। राजुली ने उसके गले में बांधे जन्तर को खोला तो मालू वास्तविक रूप में आ गया, जिससे वह प्रसन्न हुई। दोनों ने तब अपने गले में जन्तर बाँधे और दोनों तोतों तोता बनकर आकाश में उड़ चले। पहरेदारों ने खबर दी कि मालू और राजुली तोता बनकर उड़ गये हैं। तब क्रोधित ऋषिपाल ने एक तांत्रिक लामा को अपनी सहायता करने बुलाया। मालू और राजुली को पकड़ने की इच्छा से वह लामा ऋषिपाल को प्रसन्न करने हेतु बाज बन कर उस दिशा में उड़ने लगा जिधर वे तोता-तोती रूप में गये थे। शीघ्र ही बाज ने तोता-तोती को पकड़ लिया और उनको वापिस हूंण देश

चलने को बाध्य करने हेतु अपनी चोंच एवं पंजों से प्रहार करने लगा। इस प्रकार आपस में लड़ते-झगड़ते तोता-तोती और बाज भारत की सीमा के अन्दर आ पहुँचे। मिरतू सिंह अपने साथियों के साथ वहां मालू और राजुली के लौटने का इन्तजार कर रहा था। जैसे ही एक कत्यूरी तांत्रिक ने तोता-तोती रूपी मालू और राजुली को बाज के हमले से त्रस्त देखा उसने उनकी सहायता हेतु एक तीर छोड़ दिया। निदान उस तीर के लगते ही बाज मर कर पृथ्वी पर आ गिरा। घायल अवस्था में तोता-तोती भी अपनी सेना के बीच आकर उतर गये। शीघ्र ही वे अपने असली रूप में आगये, तब सभी प्रसन्न हुये।

कुछ ही समय बाद ऋषिपाल अपनी सेना के साथ वहां आ पहुंचा। कत्यूर सेना ने हूण सेना को चारों ओर से घेर लिया और मारकाट प्रारम्भ कर दी। राजा ऋषिपाल मिरतू सिंह के हाथों मारा गया और पराजित हूण सेना अपने देश को लौट गयी। सुनपति ने जब ऋषिपाल की मौत का समाचार सुना तो वह अपनी सेना लेकर कत्यूरों से आ भिड़ा। मगर कत्यूरी सेना के सामने उसकी एक न चली और अन्त में वह भी मारा गया। विजयी कत्यूरों की सेना मालू और राजुली के विवाह की तैयरी करने लगी। पति की मृत्यु से दुखी गांऊली ने बेटी का कन्यादान किया। मिरतू सिंह ने गांऊली को दुखी देख उसकी मांग अपने हाथ से भर दी (यह प्रसंग डा० शुक्ल ने स्वयं जोड़ा है)। इस प्रकार राजुली और मालू खुशियां मनाते बैराठ पहुँच कर राजसुख भोगने लगे।

श्री चिन्तामणि पालीवाल की पुस्तक–कुमांऊ के सम्राट में लेखक ने प्रारम्भ में ही मालू शाही के राज्याभिषेक का विषद वर्णन किया है। उसमें श्रेष्ठ गायक, वादक तथा नर्तक बुलाये गये थे जिनमें गायक बिजुवा और नर्तकी छगना भी थे। राजा मालू शाही अपनी रानी कमसैंण (कामश्यनी) के साथ सिंहासन पर विराजमान थे। संगीत को सुनते ही कमसैंण बिजुवा पर मोहित होगयी और उसने राजा की आज्ञा पाकर बिजुवा के गीतों पर नृत्य करना प्रारम्भ कर दिया। उसी समय मौका पाकर उसने बिजुवा से कहा कि तुम्हारे संगीत पर प्रसन्न होकर जब राजा इनाम मांगने को कहें तब तुम इनाम में मुझे मांग लेना। निदान बिजुवा से राजा ने जब पुरस्कार मांगने को कहा तो उसने रानी कमसैंण को ही

मांग लिया। राजा को यह बात चुभी, प्रत्यक्ष में कहा कि मेरा आधा राज्य ले लो, रानी न मांगो। पर विवश हो विजवा को रानी सौंपनी पड़ी। दिखावटी विलाप करते हुये रानी चली गयी। इससे दुःखी राजा मानसिक रोगग्रस्त हो गया। धर्मा चिन्तित हो गुरू गयाली के पास गयी। उसने धर्मा को बभूत मालू के सिर पर लगाने को बताया। मन्त्रित बभूत लगाने से मालू ने गहरी निद्रा में प्रातः स्वप्न में जंगल में भटकने पर अनिंद्य सुन्दरी राजुली को देखा, प्रेमपाश में आबद्ध उत्तरायनी के मेले में पुनर्मिलन की बात तय हुयी।

राजुली व मोती भोटिया व्यापारी सुनपति की सुन्दर पत्नी से उत्पन्न हुयीं। एक बार सुनपति राजुली के साथ रंगीली बैराठ रुका। वहां मालू राजुली से मिला और आकृष्ट हुआ, राजुली भी। पिता से राजुली ने मालू के साथ विवाह की इच्छा बतायी। बारह वर्षीया राजुली का उधर से ध्यान हटा कर सुनपति ने आगे यात्रा प्रारम्भ की। युवती होने पर भी राजुली ने मालू से विवाह की इच्छा माता-पिता पर व्यक्त की। सुनपति बैराठ की बुराईयां बताता, पर वह दृढ़ थी। वह मालू से मिलने का उपाय सोचती। एक दिन मां से, स्वप्न में बागनाथ देखने और सन्तान प्राप्ति के बाद माता पिता द्वारा भेंट आदि चढ़ाने की बात बताती है। और अकेले मन्दिर में पूजा करने जाने को कहती है—कि बागनाथ का आदेश है। अनुमति प्राप्त कर उत्तरायनी मेले पहुंचती है। मेले में कुरूप बाईस भाई को चकमा देती हुयी मालू को ढूंढती है। न मिलने पर, शिव से, यात्रा मंगलमय हो, प्रार्थना कर बैराठ को चलती है। प्रतिकूल आकाशवाणी की भी परवाह नहीं करती।

मार्ग में कलुवा, फतुवा, व लच्छी-गुच्छी से अपने को बचाती हुयी, स्त्रियों से मार्ग पूछ कर राजमहल में, तन्त्र से स्वय को बिल्ली बनाकर, प्रवेश कर जाती है। महल में सबको बेहोश कर मालू के शयनागार में पहुँचने पर उसे सोता देख, भोजन बनाती है। उसके लिये परोस, स्वयं खाकर एक पत्र में यात्रा का वर्णन लिख उसे चुनौती देती है कि यदि वह सूर्यवंशी होगा तो अवश्य सौक्याण आयेगा। पत्र सिरहाने रख चल देती है।

यहां शंका है कि मार्ग में मुसीबत में राजुली ने तान्त्रिक उपकरण प्रयुक्त क्यों नहीं किये?

मालू पत्र पढ़ वचन निभाने की प्रतिज्ञा कर योगी वेश में, सैकड़ों कत्यूर तथा गयालीनाथ व खाकनाथ तान्त्रिकों के साथ भोट के लिये चल देता है। मार्ग में राजुली पर अत्याचार करने वालों को परास्त करता है। तब तक राजुली किसी अन्य की हो चुकी थी। हिलमोती, खिलमोती के

विवाह के प्रस्ताव को ठुकराने पर वह मालू व साथियों को विषाक्त भोजन से अचेत कर देती है। ज्ञानीदास मन्त्रों द्वारा सचेत करता है और पक्षी रूप में उड़ा देता है।

अन्त में योगी वेश में मालू का राजुली से मिलन हुआ। पक्षी रूप में दोनो गुरू के पास आये और पक्षी रूप छोड़ फिर बैराठ जाने को तैयार हुये। कालू शौक पुत्री सहित शिकार से लौटने पर राजुली को न पाकर सेना सहित युद्ध के लिये चल दिया। सात दिनों तक चले ऐन्द्रजालिक युद्ध का फैसला न हुआ। सुनपति ने फैसला पंचों पर छोड़ दिया। तब मन्त्र द्वारा गुरुओं ने राजुली के दो रूप बनाये। वास्तविक राजुली मालू को मिली। जब कि प्रथम चयन आक्षपाल ने किया।

भोटियों ने बरात की दावत में विषाक्त भोजन दिया। राजुली के पहले ही सचेत कर देने से अनिष्ट न हुआ। इससे भोटी आश्चर्य चकित हुये। तब दहेज दे बरात बिदा की। पंचायत के फैसले से असन्तुष्ट हूंण सुनपति पर क्रोधित हुये। सुनपति के अनुरोध पर उसकी छोटी पुत्री रेणुका मोती से विवाह कर वापिस लौट गये।

कत्यूरों ने विजय प्राप्ति की खुशी में बागेश्वर में पूजा आदि का आयोजन किया और बैराठ पहुंचे खुशीयां मनायी गयीं। गौने के लिये आये मालू का सुनपति ने स्वागत किया और सुनपति भी बैराठ आया। तब से भोट व कत्यूरियों में मित्रता हो गयी। तभी से वे भोटियों को 'मितुर' कहकर पुकारते हैं।

श्री चिन्तामणि पालीवाल ने 'कुमाऊँ के सम्राट' (पृष्ठ १५०) में इस मत को स्पष्ट किया है कि विवाह में कत्यूरियों सहित कूट उपायों द्वारा मालू मारा गया, किन्तु लेखक ने अपना मंतव्य व्यक्त नहीं किया है।

बागगिरी गोस्वामी की 'राजा मालसाई विनोद' पुस्तक के अनुसार— हरिद्वार में कुम्भ स्नान पर्व पर स्नानार्थ आये हुये सुनपति व पत्नी गाऊँली का साक्षात्कार शिवाड़ के राजा धर्मदेव व रानी से हुआ। दोनों निसंतान थे। भावी संतान प्राप्ति पर परस्पर अपत्य-सम्बन्ध स्थापित करने का निश्चय दोनों पक्षों ने किया। ईश्वर की कृपा से बैराठ में पुत्र और सुनपति के कन्या ने जन्म लिया। पुत्री के विवाह योग्य हो जाने पर सुनपति नजदीक विवाह करना चाहता था। कुरूप रुदुवा हूँण ने अपने पुत्र से राजुली के विवाह की स्वीकृति दे दी।

स्वप्न में मालू राजुली मिलते हैं। मालू माता-पिता द्वारा हरिद्वार में दोनो के विवाह कर देने वाला वचन बताते हुये उसे अपनी परिणीता पत्नी बताता है। प्रातः दोनों स्वप्न की बात माता-पिता से कहते हैं किन्तु स्वीकृति नहीं मिलती। हठ करने पर मालू को महल में बंद कर दिया। उसकी आत्मा छुछुत पक्षी बन राजुली के समीप पहुँची। उस सुन्दर पक्षी को देख, राजुली की प्रार्थना पर बागनाथ की कृपा से दोनों पक्षी रूप से उन्मुक्त हो घूमने लगे। बागेश्वर मेले में पुर्नमिलन की बात तय कर अलग हो गये।

मेले में जाने का उपाय सोचकर राजुली पेट दर्द का बहाना कर, माता पिता से स्वप्न में बागनाथ देखने और उनके द्वारा संतान प्राप्ति के बाद उन्हें भुला देने की बात कहती है। कहती है उनका मेरे लिये आदेश है कि मैं अकेले उनके दर्शन को जाऊं। स्वीकृति मिल जाती है। मेले में जब उसे मालू नहीं मिलता तब शिव के सामने आर्त्तनाद करती है। आवेश में शिव की एक आँख फोड़ देती है। बागनाथ शाप देते हैं। रास्ते में, अपनी सुन्दरता के कारण आकृष्ट हुये लोगों से अपने को बचाते हुये मालू के महल पहुँचती है। सोता देखकर मालू के सिरहाने पत्र रख लौट जाती है। मालू सम्पूर्ण तैयारी के साथ सन्यासी वेश में भोट आता है। भोट जाने से पूर्व संगीत उत्सव में बीजन द्वारा पुरस्कार में कमसैंण को मांगने वाली घटना वर्णित है। मार्ग में मालू राजुली को सताने वालों को परास्त कर सुनपति की फौज से भिड़ता है। दोनों ओर से घोर ऐन्द्रजालिक युद्ध हुआ। तब योगी वेश में वह राजुली से मिलता है। भिक्षा रूप में राजुली द्वारा बनाया भोजन खाने का अनुरोध करता है और राजुली से पैर धुलाने की हठ करता है। ऐसा न करने पर शाप की धमकी देता है। पैर धोते समय राजुली पहचान लेती है, तब साथ भोजन कर अवसर पाकर छिनौड़ी खेत से निकल आते हैं। राजुली के अपहरण पर युद्ध होता है, जिसमें भोटिये हारे। तब विवाह के समय कुछ पूरीयों में विष मिलाया। परीक्षण के तौर पर एक पूड़ी कुत्ते को खिलायी। भाग्यवश वह विषयुक्त नहीं थी। राजुली सहित सभी कत्यूरियों ने पूड़ीयां खाईं, अचेत हो गिर पड़े और सभी का प्राणान्त होगया। भोटिये सफलता पर खुश हुये।

डॉ० गोविन्द चातक की 'गढ़वाली लोक गाथा' पुस्तक में मालूशाही का कथानक इस प्रकार है—बैराठ के राजा दोलासाह की अस्सी वर्षीय रानी पँवारी को गर्भ रहा। पुत्र जन्म पर ज्योतिषियों ने बताया कि पाँच दिनों में

इसका विवाह तय कर दो अन्यथा पाप लगेगा। उनकी राय पर शौक्याण देश के सोनूशाह की पुत्री राजुली से मंगनी पक्की की। मालू के लिये राजुली के ग्रहों का नाड़ी-वेद था, फलतः राजा स्वर्ग वासी हो गये। मन्त्रियों ने सोचा ऐसी अभागिन को बहू न बनायेंगे। विवाह योग्य होने पर बैराठ से कोई खबर नही आयी। राजुली की सुन्दरता पर मुग्ध जलन्धर राजा विजयपाल ने चेतावनी दी कि राजुली से विवाह करें या वह उठा ले जायेगा।

चाची छमुना से बात चीत में राजुली को बचपन में तय हुयी शादी की बात विदित हुयी। तब राजुली बैराठ को चली जबकि सोनूशाह के इष्ट भैरव ने मना किया। तब उसने मालू को निद्रा सम्मोहित किया। मालू को निद्रा मे देखकर एक पत्र लिखा कि उसने इतने समय तक सुधि नहीं ली। और जलंधर देश आने को लिखा, और अँगूठी पहनाकर वापिस होगयी।

मालू योगी वेश में जलंधर पहुँच राजुली से मिला। मालू यक्ष शिष्य था, उसने यक्षिणी बुलाई जिसने कैई भैरव उत्पन्न हो विघ्नी लोगों के कलेजे खाने लगे। मालू राजुली को ले बैराठ लौटा, मालू की जय-जयकार हुयी।

डॉ० भिवानी दत्त उप्रेती की 'कुमाऊँनी लोक साहित्य तथा गीतकार' पुस्तक में हरिद्वार में राउँली की सुन्दरता पर धर्मदेव का मूछित होना, सन्तान होने पर दोनों का विवाह करने का निश्चय राजुली और मालू का स्वप्न मे मिलना, राजुली का भाग कर मालू से मिलना, सोता देखकर पत्र रखना, संयासी वेश में मालू का लौट आना और विजय प्राप्त कर राजुली से विवाह कर दावत में जहर मिला खाना खाने से कत्यूरियों के मरने की घटना वर्णित है।

डॉ० त्रिलोचन पाण्डे का 'कुमाऊँ का लोक साहित्य' में मालूशाही की गाथा को रमौल गाथा के साथ परम्परागत गाथाओं में रखा है। मालूशाही को बेजोड़ रचना मानते हुये कहा है कि इसमें हूंण देश से लेकर काठगोदाम तक सम्पूर्ण भू-भाग का कलेवर समाया हुआ है। इसमें सामन्ती व्यवस्था पर प्रकाश पड़ता है। लोक प्रियता के कारण इसके कैई मध्यकालीन स्थानीय रूपान्तर मिलते हैं, पर मूल इतिवृत समान ही है।

काफी पूजा-पाठ तथा अनुष्ठानों के बाद भी जब बैराठ के राजा दुलसायी और शौक्याण देश के सुनपति को सन्तान प्राप्त न हुयी तो बागनाथ दर्शन को भी पहुंचे वहाँ सोने की बालियाँ, भेंट आदि चढ़ाई। तब बागनाथ

ने आदेश दिया माघ संक्रान्ति को त्रिवेणी स्नान का, त्रिजुगी पीपल में पानी चढ़ाने तथा जौ तिलों का होम करने का। कहा—जो पहले आयेगा उसे पुत्र, बाद में आने वाले को पुत्री प्राप्त होगी। तब बैराठ में मालूशाह और सौक्याण मे राजुली उत्पन्न हुयी। राजुली के ग्यारह साल की होने पर उसके विवाह की चर्चा होने लगी।

मां से मालूशाह के बारे में सुन राजुली उससे अपना विवाह कर देने को कहती है। मां विखेपाल से उसकी शादी तय होने की बात बताती है। पिता से जिद कर वह उसके साथ चलने को तैयार हो जाती है, जो व्यापार करने जा रहा था। द्वाराहाट में पड़ाव पड़ता है। वहां मालूशाही से राजुली की भेंट होती है जो प्रेम में परिवर्तित हो जाती है। विवाह का संकल्प भी ले लेते हैं। किन्तु कुछ समय बाद राजुली का विवाह विखेपाल से हो जाता है। तब राजुली भाग कर रास्ते में कष्ट झेलती हुयी सोये हुये मालू के पास पहुंचती है। वहां सौकाण आने की चुनौती भरा पत्र लिख मालू के पास छोड़ आती है। तब मालू सब कुछ छोड़ योगी बनकर सौक्याण पहुचता है। राजुली पहचान उसे अपने पास छिपा रखती है। कुछ दिनो बाद मालू को दामाद रूप में कृत्रिम स्वीकृति मिल गयी। एक दिन मौका मिलते ही विष की खीर खिला मालू की हत्या कर दी गयी। और विखैपाल को राजुली को ले जाने के लिये सूचित कर दिया।

बैराठ राजमाता को स्वप्न से घटना का आभास मिलता है। अपने भाई को सेना सहित भेजती है। तान्त्रिक मालू मे प्राण संचार करते हैं। तोते रूप में मालू राजुली से मिला। विखैपाल की सेना को हरा राजुली को मालू बैराठ लाया। तथा कई वर्षों सुख पूर्वक राज्य करा। (पाण्डे जी अनुसार यह कथानक बारामण्डल क्षेत्र का है)

डॉ० त्रिलोचन पाण्डे जी ने इस गाथा के प्रमुख पाँच रूप माने हैं। बारामण्डल में उपलब्ध, पाली पछाऊँ में प्रचलित जोहार की ओर प्रचलित, सोर-सीरा में प्रचलित, भीमताल के आस-पास का क्षेत्र। इन रूपान्तरणों में साधारण अन्तर है। पाली पछाऊँ वाला रूप सारी घटनाओं का केन्द्र बैराठ मानता है, जोहार वाले रूप में जादू टोने की प्रथा अधिक है तो भीमताल के समीपस्थ क्षेत्र का कथानक घटनाओं का केन्द्र स्थल भावर की ओर बताता है। श्री पाण्डे जी ने कथानकों के विविध रूपों की समानताऐं इस प्रकार दिखाई हैं—

१. सभी कथानकों में मालूशाही नाम समान है। जबकि राजुली का नाम रंजुला, राजुला, राजुली इत्यादि मिलते हैं।
२. हूंण राजाओं के कुरूप आकृति का वर्णन समान है जबकि उसका नाम कहीं चंद विखैपाल है तो कहीं उदैपाल है।
३. देव कृपा से सन्तान होने तथा गर्भ-गंधाक्षत करने की बात समान है।
४. राजुली का सौक्याण देश से भाग कर बैराठ पहुंचने का वर्णन और स्थानों के नाम एक से हैं।
५. मालू के सिराहने पत्र रखने, उसे शौक्याण जाने के लिए माता की शपथ दिलाने और उसके सोते रहने की चर्चा समान रूप में मिलती है।
६. मालू की सात रानियाँ तथा उसका राजपाट छोड़कर सौकाण देश जाकर राजुला से मिलने का उल्लेख समान है।
७. राजुली की अनुपस्थिति में मालू को विष दिया जाना और उस घटना की जानकारी बैराठ में स्वप्न द्वारा होना समान रूप से उल्लिखित है।
८. मालूशाही का पुन: जीवित होकर युद्ध के पश्चात राजुली के साथ आनन्द पूर्वक लौटना सब में है।
९. मंत्र-तंत्र, युद्ध वर्णन, पूर्वानुराग, सौन्दर्य वर्णन तथा सुनपति की समृद्धि का वर्णन समान है।

मुख्य अन्तर इस प्रकार हैं–

1. भीमताल वाले रूप में सुनपति शौक व हूंण देश के राजा चन्द पृथ्वीपाल का नि:सन्तान होना तथा रानीबाग के चित्रशिला मन्दिर में एकत्र होकर वरदान प्राप्त करना कहा गया है। दोनों की भेंट एकाएक मन्दिर में होती है, बैराठ की चर्चा अभी नहीं होती है।
२. जोहार के रूपान्तर में गाँऊली सौक्याण हूंणदेश के प्रलोभन में पड़कर अपना वचन बदल देती है, जबकि भीमताल वाले रूप में पूर्व वचनानुसार ही राजुली का विवाह हूंण देश में कराया है।
३. बारामण्डल वाले रूप में सुनपति राजुली का अनुरोध मानकर उसे अपने साथ ले जाता है, जोहार वाले रूप में नहीं ले जाता है।
४. हूंण देश में विवाह कराए जाने के पूर्व भीमताल वाले रूपान्तर में मालूशाही योगी बनकर राजुली के निकट जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है, पाली पछाऊँ वाले रूप में राजुली स्वयं ससुराल से दुखी होकर भागती हुई बैराठ पहुँचती है।

५. पाली पछाऊँ वाले रूप में राजुली का मालूशाही के घर कुछ दिन रहने का उल्लेख है। वह मार्ग के कठिनाइयों के अतिरिक्त, कँड़ा, दोराल आदि व्यक्तियों के दुर्व्यवहार की चर्चा करती है, जिन्हें मालूशाही तुरन्त मार देने की आज्ञा देता है, राजुली भोजन बनाते समय एक दिन जान-बूझ कर अत्यधिक नमक मिर्च मिला देती है, जिस कारण मालू रुष्ट होकर उसे निकाल देता है। यह प्रसंग अन्यत्र नहीं मिलता है।

६. बैराठ की रानी अपने भाई मिरतुआ को भेजती है, जो स्वयं बड़ा जादूगर था। यहाँ गुरु का वर्णन नहीं आता है।

७. भीमताल वाले रूप में राजुली के सौन्दर्य पर स्वयं शिवजी मुग्ध हो जाते हैं। राजुली क्रुद्ध होकर उन्हें मूक हो जाने का शाप देती है। यह प्रसंग और जगह नहीं है।

८. राजुली का स्वयं मंत्र-तंत्र शक्तियों में निपुण होना सभी रूपान्तरों मे वर्णित नहीं है। वह अपने मंत्र बल से मालूशाही को जीवित करती है लेकिन अन्य रूपों मे यह श्रेय गुरु या मिरतुआ भाई को दिया जाता है।

(इ) गाथा में श्रुति-गत वैविध्य-

लोक साहित्य की परम्परा प्राचीनकाल से ही अखण्ड व अजस्र रूप से लोक जीवन में प्रवाहित होती आयी है। लोक-साहित्य लोक का साहित्य है, अतः उसका जन्म लोक के साथ ही माना जा सकता है। यद्यपि प्रत्येक युग में मानव समाज की अतिशिष्ट कही जाने वाली सभ्यता विकसित होती गयी और इस प्रकार लोक साहित्य की व्याप्ति उसके प्रारम्भिक तट तक होती रही। मानव सभ्यता के विकास के अतीत में जो ग्राह्य अवशेष अथवा स्मारक थे वे सब लोक जीवन की विकासशील परम्परा में विगलित होते हुए, लोक जीवन के एक निश्चित रंग से रंजित होते हुए हमारे सामने परम्परागत रूप से दृष्टिगोचर होते हैं, अस्तु, लोक-जीवन की व्याप्ति बड़ी दीर्घ और समृद्ध रही है। इसी लोक-जीवन की सार्थक एवं परम्परागत अभिव्यक्ति ही लोक साहित्य है।

लोक साहित्य की मौखिक व श्रुति परम्परा लोक-जीवन के प्रारम्भ से ही अव्याहत एवं अविरल धारा के रूप में सुलभ होती है। वह वेदों की ही तरह श्रुति परम्परा द्वारा संचरित होती आयी है, यद्यपि आज के युग में शिक्षित व बुद्धि-जीवी लोग, लोक साहित्य के संकलन, सम्पादन, अनुशीलन

व अनुसंधान के निमित्त लोक साहित्य को लिखित रूप में सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहे हैं, किन्तु यह लोक साहित्य की कोमल, विकासशील आत्मा के साथ अधिक न्यायोचित कदम नहीं कहा जायेगा। यद्यपि यह कार्य अपने में कष्ट-साध्य, महत्वपूर्ण, उपयोगी और आवश्यक सा भी होगया है। लोक जीवन की संस्कृति व उच्छ्वास निःश्वास से अनुप्राणित लोक साहित्य की सहज व उन्मुक्त व्याप्ति को मसि और कागज से बाँधा नहीं जा सकता है। गतिशीलता ही इसका प्राण है, यही कारण है कि कुमाऊँ का लोक गायक अपनी विद्या को 'दन्त-वेद' या 'दन्त-भारत' कहता है।

लोक साहित्य में अभिजात साहित्य की भाँति व्यक्ति विशेष उसका रचनाकार नहीं होता है, वह तो सम्पूर्ण लोक-जीवन की कृति मानी जाती है, परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि समूचे लोक-जीवन ने किसी समय में एक स्थान में बैठकर किसी सभा समिति, गोष्ठी या अधिवेशन के रूप में विचार-विनिमय अथवा भावाभिव्यक्ति द्वारा लोक-साहित्य का प्रणयन किया हो। वस्तुतः मूल में तो कोई न कोई व्यक्ति विशेष अवश्य ही रहा होगा जिसने कि लोक साहित्य के किसी मूल रूप का सृजन किया हो, जिसने लोक-जीवन की समष्टिगत अनुभूति को अपनी प्रतिभा का रंग देकर लोक-जीवन के अनुमोदनार्थ उसके सम्मुख प्रस्तुत किया हो। लोक ने उस व्यक्ति की अनुभूति में अपनी समष्टिगत अनुभूति के दर्शन पाकर उस व्यक्ति का प्रयास सराहा हो और उसे इस प्रकार की रचना व अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित किया हो। उस व्यक्ति की निजी अनुभूति एवं अभिव्यक्ति में जो कुछ ग्राह्य व लोकप्रिय था उसे लोक-जीवन ने स्वीकारा हो और जिसके स्मारक चिह्न परवर्ती काल के लोक साहित्य में परम्परागत रूप से पाये जाते रहे। इस रचना प्रक्रिया में व्यक्ति विशेष की निजी चहक लोक-जीवन के समष्टिगत जीवन में तिरोहित होगयी। यही कारण है कि लोक-साहित्य में किसी व्यक्ति विशेष का व्यक्तित्व और कृतित्व स्पष्ट नहीं हो पाता, समूचा लोक-जीवन उसे अपनी कृति मानता है। मनुष्य की व्यक्तिगत चेतना और अनुभूति का लोक-जीवन की समष्टिगत चेतना और अनुभूति के सम्मुख समर्पण का लोक-साहित्य एक ज्वलन्त उदाहरण है। लोक गाथाओं में तो यह बात और भी अधिक स्पष्ट होती है।

सारा लोक-जीवन लोक साहित्य की रचना नहीं करता, न उसकी परम्परा को आगे बढ़ाता है। लोक-जीवन में कुछ विशिष्ट वर्ग होता है, जो

पीढ़ी-दर-पीढ़ी परम्परागत रूप से इस दायित्व का निर्वाह करते हुए इसे अपनी आजीविका का साधन बनाता है और लोक रंजन भी करता रहता है। ऐसा वर्ग समाज में 'लोक गायक' नाम से जाना जाता है जिसे कभी भ्रमवश लोक साहित्य का प्रणेता भी समझ लिया जाता है वस्तुतः यह बात नहीं है वह तो एक ऐसा वर्ग है जो किसी निश्चित उद्देश्य व परम्परा के कारण लोक-साहित्य के संचरण की प्रणाली को अग्रसारित करता रहता है, उस पर कर्ता का आरोप करना दिग्भ्रमित होना है। प्रत्यक्ष रूप से सहृदय एवं रसिक का कार्य लोक गायक करता है। अतः किसी भी लोक साहित्य में उस लोक-जीवन के समष्टिगत व्यक्तित्व की छाप झलकती है। लोकगाथाएं इस कथन के समृद्ध उदाहरण हैं।

लोक-जीवन की सांस्कृतिक मान्यताऐं, धारणाऐं, जीवन मूल्य और लोक तत्व की वल्लरी इत्यादि परम्परागत रूप से पल्लवित तथा पुष्पित होते हैं। किसी रूढ़िगत धार्मिक और सामाजिक मान्यता, परम्परा के कारण उसके मूल कलेवर को बदलने का साहस किसी भी युग के लोक गायक नहीं कर सकते हैं। यदि परिवर्तन आता भी है तो उसके बाह्य आवरण तथा पर्यावरण में ही अर्थात् शरीर व आत्मा वही रहती है केवल परिधान व प्रसाधन में अन्तर आता है। श्रुतिगत वैविध्य का प्रभाव लोक साहित्य के छन्द-विधान, भाषा, गेयतत्व, शैली-कल्पनातत्व, घटनाक्रम, नामकरण इत्यादि पर पड़ता है।

इस श्रुति परम्परा में वैविध्य के कारणों को इस प्रकार नामांकित किया जा सकता है-क्षेत्रीयता, लोक गायक की समसामयिक चेतना, स्थानीय प्रकृति का बिम्ब, स्थानीय रंग का पुट, लोकगायक तथा रचनाकार का पीढ़ी परिवर्तन, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक व्यवस्था में परिवर्तन, लोक गायक की निजी प्रतिभा, शिक्षा व अनुभव, समसामयिक लोक विज्ञान की अनुकूलता के अनुरूप लोकरंजन की भावना, और लोकगायक की स्वच्छन्दता इत्यादि। इस श्रुति-वैविध्य के कई प्रत्यक्ष और परोक्ष परिणाम होते हैं, जिन्हें हम अध्ययन की सुविधा के लिए कुपरिणामों व सुपरिणामों की संज्ञा दे सकते हैं। इनमें से सुपरिणाम ही अधिक आते हैं। जो मुख्य इस प्रकार हैं—लोक साहित्य का सतत विकास, (जो परिवर्तन और परिवर्द्धन प्रक्रिया से युक्त होता है।) गेयतत्व एवं लय की श्रीवृद्धि, भाषा के विविध रूपों का परिचय, विभिन्न अंचलों व क्षेत्रों की और युगों की लोक भावनाओं, मान्यताओं एवं धारणाओं का दिग्दर्शन, लोक साहित्य की विकास-परम्परा, व्यक्तिगत परम्परा

एवं रुचि को महत्वपूर्ण स्थान मिलना इत्यादि। अभिजात साहित्य में मिले पाठभेद को कुपरिणाम ही कहा जाता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि श्रुति वैविध्य से लोक साहित्य को तथाकथित हानि की अपेक्षा लाभ ही अधिक पहुँचा है।

इन विचारों के परिप्रेक्ष्य में विवेच्य गाथा में भी श्रुति वैविध्य की कमी नहीं है जिससे इसकी लोकप्रियता स्वतः सिद्ध हो जाती है। मुख्य रूप से इस गाथा की अग्रलिखित श्रुतियाँ प्रमुख हैं—दानपुर एवं जोहार क्षेत्र, कत्यूर तथा बेरेरी क्षेत्र, चौगर्खा व रीठागाड़ क्षेत्र, द्वाराहाट क्षेत्र, गंगोली क्षेत्र, सोर-चम्पावत क्षेत्र। इन क्षेत्रीय श्रुतियों में कहीं नायक के चरित्र को अधिक पक्षपात दृष्टि से उभारा है तो नायिका राजुली के सौन्दर्य एवं चरित्र के प्रति अत्यधिक उदारता दिखाई गयी है। कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जहाँ पर दोनों पक्षों को समदृष्टि से देखते हुए उनके बीच सन्तुलन रखा गया है। हमने मालूशाही लोक गाथा के इस श्रुति वैविध्य के अन्तर को कथावस्तु के विकास और घटनाक्रम के साथ-साथ अलग-अलग सोपानों और संख्याओं के माध्यम से अग्रलिखित प्रकार से स्पष्ट किया है—

१. गाथा के प्रारम्भ में किन्हीं श्रुतियों में दुलशायी के राज्य वैभव का सुन्दर वर्णन तथा पुत्र-प्राप्ति के लिए दुलशायी द्वारा, दान, पुन्य, व्रत, उपासना आदि का उल्लेख विस्तार से हुआ है तो किन्हीं श्रुतियों में इसका संकेत मात्र उपलब्ध होता है। दुलशायी का नाम कहीं धर्मदेव भी आया है और इनकी रानी को बिलौर के राजा खाती की पुत्री भी माना है। धर्मा के नाम के आगे 'जिया' विशेषण कहीं-कहीं उपलब्ध होता है।

२. राजा दुलसायी तथा सुनपति का अपनी पत्नियों सहित तीर्थ स्नान का वर्णन सर्वत्र मिलता है, परन्तु कुछ लोक-गाथा मानते हैं कि ये हरिद्वार गये, कुछ कहते है—बागेश्वर बागनाथ में उत्तरायनी के समय गये, कोई गायक मानते हैं कि अल्मोड़ा नन्दादेवी के मन्दिर में गये तो कुछ गायकों की मान्यता है कि ये लोग गाथापुरी (रानीबाग) काठगोदाम के समीप गये। यह भी मान्यता है कि जब सम्पूर्ण तीर्थों में इन्होंने पूजा-अर्चना इत्यादि उपासनाएँ सन्तान प्राप्ति के लिए कर लिए तो उपर्युक्त तीर्थ स्थानों के (अपनी-अपनी मान्यतानुसार) देवताओं ने स्वप्न द्वारा अपने यहाँ बुलाकर-पुत्र-वर का आश्वासन दिया।

अस्तु सौंकाण (भोट प्रदेश) से सुनपति तथा बैराठ से दुलासाही अपनी पत्नियों सहित वहाँ गये, जहाँ पूजा अर्चनादि के बाद धर्मा तथा गाँगुली ने सन्तान की प्राप्ति पर भविष्य में अपत्य सम्बन्ध स्थापित करने का संकल्प किया।

३. अनेक श्रुतियों में मालूशाह के नौ विवाहों का उल्लेख हुआ है, जिसमें उसकी अन्तिम दो रानियों का नाम छेबुला तथा भैसुला भी मिलता है। कुछ श्रुतियों में मालूशाह की केवल एक रानी कमसैण का उल्लेख मिलता है जिसको बीजन नामक संगीतज्ञ कमसैण की गुप्त मंत्रणा पर ही पुरस्कार स्वरूप माँग लेता है। कमसैण को बीजन द्वारा मांगे जाने की दो मान्यताएं हैं—प्रथम तो मालूशाह के राज्याभिषेक के समय बीजन के संगीत से प्रभावित कमसैण उस बीजन से गुप्त मंत्रणा करती है कि जब राजा पुरस्कार माँगने को कहे तो वह उसे पुरस्कार स्वरूप माँग ले। राजा के बीजन को पुरस्कार स्वरूप माँगने को कहने पर बीजन द्वारा कमसैण को माँग लेना। द्वितीय मान्यता है कि जब राजा मालूशाह राजुली को लाने सौंकाण जा रहे थे तो उस समय एक नृत्य का आयोजन किया जाता है। उधर कमसैण सोचती है कि राजा भोट से लौटे या नहीं, या लौट भी जाय तो उसकी नवेली राजुली उसके सामने होगी। अतः बीजन से कूट मंत्रणा करके वह बीजन के साथ चली जाती है।

४. राजुली मालूशाह के यौवनावस्था में प्रवेश होने के बाद उनके प्रेमोदय की घटना को लोक गायक अनेक रूपों में लेते हैं—

(अ) कहीं तो राजुली यौवनावस्था में प्रवेश होने पर अपने माँ से पूछती है कि माँ देशों में देश, दिशाओं में दिशा, वृक्षों में वृक्ष राजाओं में राजा कौन श्रेष्ठ है? उसकी माता गाऊँली द्वारा बैराठ के राजा मालूशाह को वैभव तथा समृद्धशाली तथा सर्वगुण-सम्पन्न बताने पर राजुली के मन में मालूशाही के प्रति प्रमोदय हो जाता है, जो मालूशाह से मिलने की उत्कष्ट अभिलाषा और उसके प्रेम में एकनिष्ठ होकर रात दिन सोच में पड़ जाती है।

(आ) माता के द्वारा मालूशाह के गुणों की चर्चा सुनने के पश्चात् राजुली व्यापार को जाते हुए अपने पिता सुनपति से अनुरोध करती है कि वह भी उसके साथ जायेगी, व्यापार को जाते हुए सुनपति का पड़ाव

बैराठ में पड़ता है। जहाँ राजुली तथा मालूशाही का प्रथम मिलन अगियारी देवी के मन्दिर के समीप मालूशाह के स्नानागार के पास होता है, दोनों प्रेमी एक दूसरे से कई दिनों तक मिलते रहते हैं। सुनपति को जब यह गुप्त भेद मालूम होता है तो वह इसे अपनी प्रतिष्ठा पर धब्बा लगने का कारण समझ कर वहाँ से दोनों प्रेमियों को अलग कर देता है।

(इ) किन्हीं श्रुतियों में यह मिलता है कि मालूशाह एवं राजुली ने एक दूसरे को स्वप्नावस्था में देखा। स्वप्न में ही यह बात होती है कि हम-दोनों के माता-पिता ने मकर पर्व पर अपत्य सम्बन्ध स्थापित किया था। अतः हम एक दूसरे के हैं। स्वप्नावस्था से जागने के पश्चात् दोनों अपने माता-पिता से स्वप्न की बात बताते हुए आपस में विवाह कर देने को कहते हैं। उनके माता-पिता उनकी बातों को टाल देते हैं। मालूशाह अपनी बात पर हठ करता है तो धर्मा उसे समझाती है, और बगौरी सोमनाथ के मेले का आयोजन करवाती है--जहाँ अनेक स्थानों से सुन्दर युवतियाँ आयीं रहतीं हैं। धर्मा कहती है कि जो युवती उसे पसन्द आये वह उसका वरण करे, परन्तु मालूशाही वहाँ पर राजुली के समान सुन्दर कन्या को जैसी किसी को नहीं देखता है। वापस घर आने पर वह राजुली के वियोग से अत्यधिक व्यथित हो जाता है। धर्मा उसको कठोर कारावास में बन्द कर देती है।

(ई) कहीं पर यह देखने को मिलता है स्वप्नावस्था में मालूशाह छुछुत नामक पक्षी बनकर सौकाण राजुली के पास पहुंचता है। राजुली भी छुछुनी बन जाती है, इस प्रकार दोनों प्रेमी पक्षी रूप में स्वच्छन्द आसमान में विचरण करते हुए प्रेमालाप करते हैं। अन्त में मालूशाह राजुली से कहता है कि वह आगामी उत्तरायनी के मेले में अकेले ही आये, जहाँ दोनों का पुर्नमिलन होगा।

(उ) कहीं पर केवल स्वप्नावस्था में एक दूसरे के मिलन के पश्चात् प्रेमोदय की बात व्यक्त है।

५. सुनपति राजुली के विवाह के लिए हूंणदेश जाता है जिसमें कहीं तो सुनपति नगरकोट रुदुवा हूणियाँ के पुत्र अक्षिपाल से राजुली की मँगनी करता है तो कहीं कालू शौक के पुत्र से तथा कहीं हूंणदेश अजीतपाल के पुत्र चनरी विखेपाल से मँगनी कर आता है।

६. राजुली के बैराठ गमन के प्रसंग में भी दो प्रकार की बातें सामने आती हैं-जिसमें कुछ लोक-गायक तो यह मानते हैं कि राजुली मालूशाह के स्वप्न की मंत्रणा के अनुसार ही पेट दर्द का बहाना बनाकर बागेश्वर उत्तरायनी के मेले में जाती है। मेले में मालूशाह को न पाकर वह बैराठ चली जाती है।

कुछ लोक गायक मानते हैं कि राजुली आषाढ़ के महिने में बैराठ जाती है। पिता की अनुपस्थिति में (वह अपनी पुत्री की मँगनी के लिए गया हुआ था) अपनी माँ से आग्रह करती है वह उसे बैराठ जाने की अनुमति दे दे पिता के लौटने से पूर्व ही वापस आ जायगी। इकलौती पुत्री की जिद्द पर गाँगुली उसे अनुमति दे देती है। किन्हीं श्रुतियों में यह मिलता है कि राजुली माँ से कहती है कि हे माँ। मेरा विवाह मेरे पिता हूणदेश करने वाले हैं, जब मेरा विवाह हो जायेगा तो मैं नैनीहाल (माकोट) नहीं जा पाऊँगी। अतः मैं नैनीहाल हो आती हूँ। इस बहाने वह बराठ को चली जाती है।

७. बैराठ जाती राजुली को किन्हीं श्रुतियों में रिङूणिया धार में परियाँ तथा पाङुली उड्यार में दो भाई रमौल सिदुवा-विदुवा मिलते हैं, जो राजुली को बहिन के रूप में मानते हुए उसे अकेले बैराठ जाने से रोकते हैं। किन्हीं श्रुतियों में रमौलीकोट के सिदुवा नामक रमौल को राजुली के प्रति आसक्त होता हुआ दिखाया है।

८. उत्तरायनी के समय, जाती हुई राजुली को मार्ग में उसके मामा की दो पुत्रियाँ हिलमोती और खिलमोती, जो राजुली से नृत्य करने का अनुरोध करती हैं, का भी उल्लेख आया है। किन्ही श्रुतियों में हिलमोती और खिलमोती का प्रसंग उस समय आया है जब मालूशाह राजुली को पाने सौकाण पहुंचता है। उस समय ये दोनों मालूशाही को सन्देश देती है कि राजुली अन्यत्र ब्याही जा चुकी है। वे मालुशाही से विवाह का प्रस्ताव भी रखती हैं।

९. कोई तो मानते हैं कि कमस्यार में बाइस भाई कमस्यार राजुली को अपनाने का प्रयास करते हैं, जहाँ से राजुली बड़ी चतुरता से निकलने में समर्थ हो जाती है। कुछ श्रुतियों में, राजुली तेजम, भैंसयाल, तल्ला-मल्ला दानपुर, धरमघर, काण्डा कालसिण होते हुये बागेश्वर पहुंची।

१०. उत्तरायणी के अवसर पर राजुली के बागेश्वर पहुँचने पर मेले की

चहल-पहल, का सुन्दर चित्रण हुआ है। जहाँ विभिन्न स्थानों के व्यक्तियों के आने का उल्लेख मिलता है। मेलों में गाये जाने वाले गीतों की रंगीनता में राजुला का मुग्ध होना, विभिन्न स्थानों से आये हुए व्यक्तियों द्वारा राजुली के रूप-सौन्दर्य की चर्चा करना तथा बाईस भाई गनाओं, कण्ठग्रन्थिधारी तथा क्रमस्यारों का राजुली को पाने के लिए परस्पर होड़ आदि का भी सुन्दर चित्रण उपलब्ध होता है। आषाढ़ के महिने में बैराठ को जाती हुई राजुली जब बागेश्वर पहुँचती है तो सरयू नदी के अथाह जल प्रवाह का चित्रण, राजुली तथा सरयू नदी का आपसी वार्तालाप, सरयू द्वारा राजुली को अकेले बैराठ जाने से रोकना, राजुली के अनुरोध पर सरयू नदी द्वारा राजुली को मार्ग देना आदि का सुन्दर चित्रण भी मिलता है।

११. बागनाथ के मन्दिर में पहुँचने पर राजुली द्वारा पूजा अर्चना का उल्लेख तथा बागनाथ के शाप का वर्णन प्रायः सभी श्रुतियों में मिलता है, परन्तु किन्हीं श्रुतियों में राजुली के अनिद्य सौन्दर्य को देखकर बागनाथ को भी कामासक्त दिखाया है।

१२. बागेश्वर से आगे जाने पर राजुली के मार्ग भूल जाने का भी उल्लेख हुआ है। जब वह कत्यूर होते हुए जा रही थी तो उसे खोली नामक स्थान पर बाइस भाई पटियार मिलते हैं जो राजली को अपनाना चाहते हैं, परन्तु राजुली वहाँ से छुरड़ रूप में निकलने में समर्थ हो जाती है। किन्हीं श्रुतियों में पटियारों का कोई उल्लेख नहीं हुआ है।

१३. आगे मार्ग में राजुली को मनस्यारों (बेरेरौं) के नौ भाई गनों मिलते हैं, जो राजुली को अपनाना चाहते हैं। किन्ही श्रुतियों में ये गनाँ उसे तब मिलते हैं जब वह उत्तरायनी के मेले में मालूशाही को खोज रही थी।

१४. सोमेश्वर के चार भाई बोरों की रपाई का वर्णन, उनका राजुलो के प्रति आसक्त होना, राजुली द्वारा रूप परिवर्तन द्वारा झुपुल चौर पहुँचने का उल्लेख किन्हीं श्रुतियों में हुआ है किन्हीं श्रुतियों में नहीं हुआ है।

१५. जिन श्रुतियों में राजुली जब कत्यूर-कौसानी होते हुए जा रही थी तो उसे प्रथम हरुवा कहैड़ (कहीं पर कलुवा कहैड़ भी मिलता है) मिलता है जो अपने हलवाहे से राजुली के सौन्दर्य की चर्चा सुन उसे

एक गुफा में ले जाता है। उसके सात पुत्र (कहीं पर नौ पुत्रों का उल्लेख है) राजुली को स्वयं अपनाना चाहते हैं, अतः वे अपने पिता को अपने मार्ग का रोड़ा समझकर मार देते हैं। पिता को श्मशान ले जाने पर मौका पाकर राजुली वहाँ से आगे चली जाती है। कहीं पर यह मिलता है कि जब हरुवा राजुली को अपने महल में लाता है तो उसके लड़के पिता के दुष्कर्म पर नाराज होते है, वह एक गुफा में राजुली को ले जाता है, राजुली द्वारा यूकान्वेषण करने पर हरुवा को नींद आ जाती है, और राजुली वहाँ से आगे चली जाती है। कहीं यह मिलता है कि जब हरुवा अपने पुत्रों से शादी की बात कहता है तो उसके पुत्र जब उसको डोली में बिठाकर ले जा रहे थे तो उसकी बहुऐं जंगल गयीं हुई थीं, जो यह सोचती हैं कि उनके ससुर का देहान्त होगया है और वे मृत समझे हुए ससुर के कपड़ों को जलाकर, नहा धोकर रोने लगती हैं। परन्तु हरुवा के पुत्रों के वापस घर आने तथा वस्तुस्थिति से अवगत होने पर वे पश्चाताप करने लगती हैं। उधर हरुवा राजुलो को पकड़ता है तो राजुली द्वारा हाथ छुड़ाने के प्रयास में हरुवा गिर कर मर जाता है। कहीं, राजुली को जब हरुवा कहैड़ घर लाता है तो उसके पुत्र और बहुएँ जंगल गये थे, हरुवा के पौत्र अपने माता-पिता को घर आने के लिए आवाज देते हैं। वे समझते है कि वृद्ध पिता स्वर्गवासी होगये हैं ऐसा जानकर पुत्र सिर मुड़ाकर बहुएँ बाल फैलाकर घर को आती हैं तो पिता को राजुली के सम्मुख बैठा देखकर लज्जित होते हैं। हरुवा राजुली को लेकर जंगल चला जाता है जहाँ से राजुली बड़ी चतुरता से अपने को हरुवा के पंजे से मुक्त करती है।

१६. फचुवा, फथुवा दूँराव राजुली को दुनागिरी (कहीं-कहीं उखोलेख की चढ़ाई मे मिलने का भी प्रसंग आता है) में मिलता है। कहीं तो यह मिलता है कि जब वह राजुली को अपनी साली मानकर अपने यहाँ चलने को कहता तो राजुली प्यास का बहाना बनाकर उससे पानी की माँग करती है और पानी लाने को गये फचुवा की अनुपस्थिति में वहाँ से निकल भागती है। कहीं यह तब उपलब्ध होता है जबकि राजुली फथुवा से शिर के बल नाच करवाती है और अपनी धोती को एक ठूँठ में डालकर चकमा देकर नाचते हुए फथुवा को छोड़कर चली

जाती है। किन्हीं श्रुतियों में यह मिलता है कि उस दिन फथुवा के घर में उसके पिता का श्राद्ध था वह दही दूध की महड़ी (कावरी) लगाकर घर जा रहा था तो मार्ग में उसे राजुली मिल गयी। पिता के श्राद्ध होने के कारण घुटे सिर वाला फथुवा श्राद्ध को ही भूल गया, राजुली के रूप का लोभी फथुवा घुटे सिर से उल्टा नाच करता रहा, उसे यह ज्ञात नहीं हुआ कि राजुली एक ठूँठ में एक वस्त्र डालकर वहाँ से कूच कर गई। जिसे वह राजुली समझ बैठा था वह राजुली का चमत्कार था। फथुवा पश्चाताप करता हुआ वापस गाय-भैंसों के साथ जंगल को चला गया।

१७. आगे महरूड़ी कोट में राजुली को महर मिलते हैं। किन्हीं श्रुतियों में दो भाई महर लच्छी गच्छी का नाम आया है तो कहीं सात भाइयों और कहीं छः भाइयों का प्रसंग आया है, आषाढ़ के महिने में जाती राजुली जगह-जगह रोपाई का कार्य देखती है, जब महरूड़ी कोट पहुंची तो सात भाई महरों की भी उस दिन चाँदी खेत में रोपाई का कार्य बड़ी धूम-धाम से हो रहा था। राजुली के रहप नदी में नहाते समय एक बड़ा पत्थर पैर से नीचे गिर गया जिससे खेत में जाती हुई गूल का पानी बन्द हो गया। महरों के बहुरे हलवाहे वहाँ आकर राजुली को देख उसके सौन्दर्य की चर्चा करते हैं। महर राजुली को डोली में बिठाकर अपने महल में ले जाते हैं। राजुली उनको अपना भाई कहकर पुकारती है। महर क्रोधित हो उसे वस्त्र हीन करके केले के बगीचे में फेंक देते हैं, राजुली केले के पत्तों के वस्त्र बनाकर मालूशाह के महल में जाती है। कुछ श्रुतियों में यह घटना इस प्रकार मिलती है कि सात भाई महर जंगल शिकार खेलने को गये हुए थे तो उन्हें राजुली मिल गयी। राजुली को अपने महल में लाकर वे शादी की तैयारी करते हैं। राजुली पण्डित से अनुनय करती है कि वह किसी भी प्रकार उसकी यह प्रस्तावित शादी रुकवा दे। वह पण्डित को अपने हाथ की अँगूठी देकर अपने वश में कर लेती है। पण्डित महरों से कहता है कि इसके साथ यदि शादी करोगे तो तुम अपनी मौत को बुलावा दोगे। क्रोधित महर राजुली को वस्त्रहीन करके नदी में बहा देते हैं। कत्यूरों की कुल देवी की कृपा से राजुली किनारे लग जाती है और उसी की कृपा से उसको

वस्त्र मिलते हैं जिन्हें पहनकर वह मालूशाही के महल को जाती है।

१८ कुछ लोक गायक मानते हैं कि बागनाथ के शाप के कारण राजुली द्वारा मालूशाही को अनेक उपायों द्वारा जगाने पर भी वह निद्रा से जागा नहीं। किन्हीं श्रुतियों में मिलता है कि जब वह महल के पास पहुँची तो मालू के महल के पहरेदार कुत्ते भौंकने लगे, अतः उसने अपने मंत्र बल से सारी बैराठ में निद्रा का सम्मोहन फैला दिया जिसके प्रभाव से मालूशाही भी वंचित नहीं रहा। महल में जाने के लिए राजुली द्वार पर बँधे हाथी से अनुरोध करती है, हाथी उसे अपने सूँड में रखकर महल में रख देता है। किन्हीं श्रुतियों में हाथी का कोई प्रसंग नहीं आया है। कहीं पर राजुली उसे सोया जानकर उठाना उचित नहीं समझती है। मालूशाही को एक पत्र लिखकर सौकाण आने की चुनौती देकर वापस लौट जाती है।

१९. प्रातःकाल पत्र को पढ़कर मालूशाही विरह से व्यथित हो माता धर्मा के काफी समझाने के बाद भी वह मानता नहीं है और सम्पूर्ण कत्यूरों के साथ योगी वेश में सौकाण जाता है। कुछ श्रुतियों में योगी वेश में अकेले ही जाता है। उसके गुरु रिणी-फिणीदास जिनका नाम कहीं पर गयालीनाथ और खाकनाथ भी आया है, फथुवा, सात भाई महर तथा हरुवा कहेड़ के पुत्र भी साथ जाते हैं। किन्हीं श्रुतियों में मालूशाही महरों तथा फथुवा को मार देता है।

२०. कत्यूरी सेना, तथा भोटियों की सेना में घनघोर तांत्रिक युद्ध होता है। इस युद्ध के ढंग, छल प्रपंच और कूटनीति विषयक कई श्रुतियाँ उपलब्ध हैं। संक्षेप में ये इस प्रकार हैं—

(अ) कत्यूरी सेना के जब हूंमधुर पहुँचती है तो वह विष के प्रभाव से अचेत हो जाती है। कुछ मानते हैं कि कत्यूरी सेना गुरुओं के तंत्र-मंत्र के प्रभाव से पक्षी रूप में सौकाण को उड़ती है, दूसरी ओर का दल बाज पक्षी। इसी प्रकार एक पक्ष साँप बनकर युद्ध करता है तो दूसरा दल नेवला।

(आ) कुछ श्रुतियों में जब हूंमधुर में नौ लाख कत्यूरों को विष लग जाता है तो मालूशाह अपने गुरुओं के साथ अकेला रह जाता है। गुरु उसे बताते हैं कि राजुली चतरी विखेपाल के लोहे के महल में बन्द है। मालूशाह को पंचरंगी शुक बनाकर भेजते हैं। मालूशाह बड़ी कठिनाई

से सारङ्गी रूप में राजुली को लोहे के महल से मुक्त कराता है। चनरी विखेपाल बाज पक्षी बनकर सुवा-सारंगी का पीछा करता है परन्तु असफल होता है।

(इ) जब मालूशाह योगी वेश में अलख लगाता हुआ सुनपति के महल के पास पहुंचता है, राजुली पिता से अनुरोध कर महल में टिका लेती है। राजुली का अधिक आना जाना देख सुनपति के मन में शंका उत्पन्न होती है कि वह मालूशाही है। क्रोध से जलता हुआ सुनपति कहता है कि मैं अब तुम दोनों का विवाह कर देता हूं। राजुली जब नदी तट पर गयी, सुनपति खीर में विष मिलाकर मालूशाह को अचेत कर देता है। उसको वर्फ शिलाओं में डाल देता है। राजुली मालू को न पाकर विलाप करती है। सुनपति राजुली को हूंणदेश चनरी विखेपाल को सौंप देता है। मालूशाह की आत्मा स्वप्न में सम्पूर्ण व्यथा को अपनी माता से कहती है। धर्मा अपने भाई मृत्युसिंह गढ़वाली को सन्देश भेजती है। मृत्युसिंह सिदुवा रमौत तथा सेना के साथ सौकाण जाता है, जहाँ मृत मालू के शरीर को तंत्र-मंत्रों से पुनरुज्जिवित करते हैं। मालू को तोता पक्षी बनाकर हूंणदेश भेजा जाता है। राजुली को मालू तोता रूप में ही लौटा लाता है। मार्ग में चनरीविखेपाल बाज पक्षी के रूप में मालू व राजुला के शरीर को क्षत-विक्षत करता है। वे दोनों एक जंगल में गिरते हैं, मृत्युसिंह भी सेना सहित वहाँ पहुंच जाता है, जो मंत्रों से मालू व राजुला को जीवित करता है। हूंण तथा कत्यूरों का युद्ध होता है। हूंण हार जाते हैं।

(ई) कुछ श्रुतियों में यह भी मिलता है मालू को पिंजरे का छुछुत पक्षी, जो राजुली को उसके बैराठ आने समय से ही पहचानता था, उस छुछुत को सन्देश वाहक के रूप में राजुली के पास भेजा जाता है। वापस लौटते हुए छुछुत को बिरली मार देती है। मृत छुछुत को राजुली एक पिंजड़े में रख देती है। मृत छुछुत की आत्मा स्वप्न में कत्यूरी गुरुओं से अपने मारे जाने का सन्देश देती है। पुनः एक कत्यूर को बाज पक्षी बनाकर उस पिंजड़े को लाने के लिए भेजा जाता है तथा फिर छुछुत को जीवित बनाया जाता है। पुनः मालूशाह छुछुत के मार्ग-निर्देशन में योगी वेश में राजुला को अक्षीपाल के महाँ से

मुक्त कराकर वापस आकर अपनी सेना सहित घर लौट आता है।

(उ) कहीं यह भी उपलब्ध होता है कि मालूशाह राजुली से मिलने के लिए स्वयं छुछुत पक्षी बनकर जाता है। राजुली के महल में एक बिल्ली उसको मार देती है। राजुली उस मृत छुछुत को एक पिंजरे में रखकर पूजा करती है, मृत छुछुत की आत्मा अपना सन्देश कत्यूरी गुरुओं से कहती है। कत्यूरी गुरु एक कत्यूर को बाज पक्षी बनाकर भेजते हैं, जो पिंजड़े सहित छुछुत को वापस लाता है। मालू को जीवित किया जाता है। पुनः मालू योगी वेश में राजुली के पास जाता है और राजुली सहित कत्यूरों के पास लौट आता है।

(ऊ) एक श्रुति है कि भोटियों तथा हूणों ने कत्यूरों से दुरभि सन्धि का प्रस्ताव रखा। राजुली किसकी हो इस मामले पर पंच-फैसला दें। तंत्र विद्या से राजुली का एक अन्य कृत्रिम-प्रतिच्छायात्मक रूप बनाया गया। भाग्यवशात् प्रतिच्छाया रूप अक्षीपाल को मिला। बाद में राजुली से विवाह करके लौटते हुए कत्यूरी सेना के सामने हूंण राजुली को वापस लौटाने को कहते हैं। कत्यूरियों द्वारा मना करने तथा सुनपति द्वारा भी राजुली को मालू की परिणीता बताये जाने पर हूंण फिर सुनपति के पास जाते है। सुनपति अपनी छोटी पुत्री रेणुका को अक्षीपाल हूँण के साथ विवाह करके विदा कर देता है।

(ए) कुछ श्रुतियों में मिलता है कि सुनपति की सेना तथा हूंणों की सेना संयुक्त रूप में भी जब किसी भी प्रकार कत्यूरी सेना के साथ युद्ध में विजयी नहीं हुई तो उन्होंने कूट उपायों द्वारा यह तय किया कि 'वे अब राजुली को मालूशाह को देने को तैयार है अतः ये विवाह करके, विधि विधान द्वारा राजुली को ले जाए।' विवाहोपरान्त भोजन के समय भोजन में अनेक विषों को डाल दिया गया, कुछ लोक गायक तो मानते हैं कि भोजन करने से पूर्व राजुली के द्वारा विष डालने का संकेत उनको मिल गया था। उन्होंने एक ऐसी जड़ी मुँह में डाल ली थी कि विष का भोजन का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

(ऐ) कुछ गायक मानते हैं कि राजुली को मालूशाह द्वारा हूंणदेश से वापस लाने के पश्चात फगुवा द्वं राव तथा सुनपति में मल्ल युद्ध होता है। फगुवा सुनपति को मारने को तैयार होता है तो राजुली के अनुरोध

पर उसके शिर के बाल आधे घुटवा और मुँह में कालिख पोत कर उसको छोड़ दिया जाता है। तब सुनपति क्षमा माँगता है। कत्यूर लोग राजुली को ले बैराठ चले जाते हैं।

(ई) शिल्पगत विशेषताएँ

साहित्यकार अपनी रचना का स्वयं ही अभियन्ता, अधिदर्शक, श्रमजीवी, शिल्पी और सर्वोपरि नियन्ता है। लोक साहित्यकार के लिए तो यह उक्ति शत-प्रतिशत चरितार्थ होती है' क्योंकि लोक गायक व्यष्टि में समष्टि होता है, एक होकर, अनेक होता है, व्यक्तिगत अस्तित्व से युक्त होते भी सामूहिक लोक-चेतना से युक्त होता है। लोक-गायक लोक-जीवन का सच्चा प्रतिनिधि होता है। वह लोक की संस्कृति, विचारधाराओं मान्यताओं परम्पराओं, मर्यादाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला, पूर्वदिशा में चहकने वाले उषाकालीन विहग की भाँति है जो लोक-चेतना से आविर्भूत होकर एक नये और स्वर्णिम दिन की घोषणा करने का संकल्प करता है। साहित्य में शिल्प विधान के प्रश्न पर कहा जा सकता है कि शिल्प वैशिष्ट्य हर शिल्पी की अपनी विशेषता है। इसलिए तो कहा है कि 'शैली मनुष्य की अपनी होती है जिसमें उसका निजत्व और व्यक्तित्व सहजरूप से संस्कारगत होकर समाविष्ट होता है।' शैली के विषय में अंग्रेजी की 'स्टाइल इज दि मैन हिमसेल्फ' उक्ति बहुत प्रचलित है।

लोक साहित्य कंठ परम्परा द्वारा सैकड़ों वर्षों से पीढ़ी-दर पीढ़ी लोक जीवन में संचरित होता आया है, जिसके द्वारा लोक-जीवन के जीवन्त तत्वों का वहन होता आया है। लोकगायक जो किसी समूह का प्रतिनिधित्व करता है यदि कहीं उसका निजत्व झलकता है तो गाथाओं की शैली या शिल्पगत विशेषता में, जिसके लिए प्रत्येक लोक गायक अपने निजी प्रयोग करता है। ये प्रयोग सफल और प्रिय होने के बाद ही लोक में ग्राह्य हो जाते हैं, किन्तु उस गायक के तुरन्त बाद ही उसके परोक्ष में यह शैलीगत विशेषता भी जो कभी लोक-गायक का निजी प्रयोग था, लोक जीवन की सामूहिक भावना में विगलित हो जाता है और आने वाली पीढ़ी उसे लोक की बहुमुखी और विविध प्रतिभा का फल समझती है। काल क्रम और अंचलों के भेद के कारण विषय वस्तु में अन्तर पाया जाता है, इसी प्रकार शैलीगत विविधता एवं विशिष्टता भी प्रत्येक लोकगायक की अपनी क्रीड़ा का विलास है। यही

कारण है कि कोई भी लोक-गीत, लोकगाथा मूल में एक ही होने पर भी अनेक तर्जों में कई प्रकार के लय और तालों में गायी जाती है। ये विभिन्न लय और ताल किसी नियम से बँधे नहीं हैं, ये तो लोक-जीवन की उन्मुक्त लोक संगीतात्मक, एवं विविध अभिव्यंजनागत विलासों का परिणाम है, जिसकी चहक वहाँ की मानव तथा मानवेत्तर प्रकृति में भी ढूँढ़ी जा सकती है। इसी कारण एक ही लोक गायक भी एक ही लोक-गीत या गाथा को समय-समय पर अनेक प्रकार की शैलियों द्वारा अभिव्यक्त करता है।

सच्चा लोक गायक निरक्षर भट्टाचार्य होता है और कबीरदास की तरह फक्कड़ होता है। वह संगीत और साहित्य के नियमों में नहीं बँधता है। उसका अपना निजी शास्त्र है जो वेद और विज्ञान में नहीं मिलता बल्कि लोक में मिलता है। उसे रस, छन्द, अलंकार, भाषा की शब्द शक्ति, और गुण, धर्म इत्यादि उपादानों एवं उपकरणों से कोई मतलब नहीं। उसके मानस पटल पर जैसी अनुभूति अंकित होती है उसको अविकल्प रूपेण वह लोक के सम्मुख प्रस्तुत कर देता है। सहज रूप से मार्ग में जो रस-छन्द उसे मिल जाते हैं, उन्हें ही वह ग्रहण करता है। यही कारण है कि लोकसाहित्य का अन्तःपक्ष बहुत ही तीव्र प्रखर और अत्यधिक समृद्धशाली होता है। सहज रूप से प्राप्त होने के कारण कलापक्ष के जो अवयव लोकसाहित्य में आते हैं, वे बड़े सहज, स्वाभाविक, लोकप्रिय होते हैं और मणि कांचन की तरह स्वतः ही एक दूसरे से संयोजन करने की क्षमता रखते हैं। लोक गाथाओं में पाये जाने वाले अलंकार चाहे संख्या में कम हों किन्तु वे इतने तराशे हुए लगते हैं कि मानो लोक साहित्य कार इनका मर्मज्ञ रहा हो।

निरक्षर होते हुए भी लोक गायक अपनी प्रतिभा का बहुत अधिक धनी होता है, वह अपने लोक साहित्य की मण्डली में बृहस्पति के समान बुद्धिमान और अत्रि व वशिष्ठ की तरह अन्तर्द्रष्टा माना जाता है। यद्यपि कुछ आज अर्द्ध शिक्षित लोग भी लोकसाहित्य की श्री वृद्धि में लगे हैं। चूँकि उनकी दृष्टि स्वार्थपरक एवं संकीर्ण है, अतःउन्होंने लोकसाहित्य के उपकार के बदले उसका अपकार किया है। इसी कारण सुशिक्षित वर्ग में लोकसाहित्य के प्रति उपेक्षा, हीनता और विगर्हण की भावना घर कर रही है। आगे यह कुहासा जल्दी फट जायेगा और व्यक्ति अपना सही प्रतिबिम्ब लोकसाहित्य के निर्मल जल में देख सकेगा। इस भौंडे और सस्ते लोकसाहित्य के रूप से लोक-साहित्य के विकास की गति में भी मर्मान्तिक प्रहार एवं व्याघात हुआ है।

इसके अतिरिक्त एक ऐसा शिक्षित वर्ग भी है जो यश और धनार्जन की तीव्र अभिलाषा से, तथा दाम्भिक वृत्ति की पूर्ति के लिए शोध, परिशोध और संकलन के नाम पर रचनाऐं प्रस्तुत कर रहा है। इन दो पाटों के बीच में लोकसाहित्य के सेवक एवं सच्चे अनुशीलन कर्ताओं को पिसते हुए लोकसाहित्य के सही रूप और अपने अस्तित्व के लिए निरन्तर संघर्ष करना पड़ रहा है। यदि शासन, स्वयं सेवी संस्थाऐं, सुधी विद्वान, विश्वविद्यालय और शोध संस्थाऐं समय रहते हुए इन ग्रन्थियों को नहीं सुलझायेंगे तो यह संघर्ष और भी जटिल हो जायेगा।

विवेच्य गाथा मालूशाही के शिल्पगत विशेषताओं को हम निम्न सूत्रों व संकेतों के द्वारा संक्षेप रूप में समझ सकते हैं—

विवेच्य गाथा 'मालूशाही' एक प्रेम गाथा है, जिसमें प्रधान रस शृंगार है। शृंगार के उभय पक्ष के सुन्दर चित्रण के साथ कहीं-कहीं वियोग पक्ष इतना प्रखर है कि वियोग तथा करुण में अन्तर कर पाना कठिन है। गाथा में प्रेमी-प्रेमिका के मध्य प्रारम्भ से लेकर अन्त तक मिलन की छटपटाहट बनी रहती है। उनके मध्य मिलन के बहुत कम ऐसे क्षण हैं जिनमें उन्मुक्त केलि-क्रीड़ा का वर्णन मिलता हो। प्रेमी-प्रेमिका के मध्य पूर्वराग की स्थिति का सुन्दर चित्रण उपलब्ध होता है। इनके मध्य इस प्रेम का अभ्युदय गुण-कथन तथा स्वप्न दर्शन द्वारा हुआ है। प्रेम के उदय होने पर प्रेमियों की स्थिति अत्यन्त करुणा जनक हो जाती है। उदाहरण द्रष्टव्य है—'जब मालूशाह राजुली को स्वप्न में देखने के पश्चात् एकाएक हड़बड़ा कर उठता है तो अपना शिर, तथा छाती पीटने लगता है। उसके आँखों मे निरन्तर अश्रुधारा प्रवाहित होने लगती है और वह अपने इस दुख को उदासी मुरली बजाकर व्यक्त करने लगा'—

'भटक चारी छाती मारणो,
मटक चारी रव्वर फोड़णो
मण-मण नेतर छोड़णो,
आज गाढ़ण भैगो बैरागों को बाज
बज्यूण भै गोछ उदासी मुरली।'

इसी प्रकार राजुली के हृदय में मालूशाह के प्रति प्रेम होने पर अत्यन्त करुणाजनक है, वह अपने संग की सहेलियों को छोड़कर रात दिन मालूशाह के प्रेम में निमग्न रहती है। ऐसे ही अनेक स्थल गाथा में मिलते हैं जो प्रेमी-

प्रेमिका के मध्य वियोग की सुन्दर अभिव्यञ्जना प्रस्तुत करते हैं।

संयोग पक्ष में प्रेमी-प्रेमिका के मध्य आद्यान्त संयम की भावना बनी हुई है, कहीं भी आलिंगन, चुम्बन, दन्तकर्म, नखक्षत, सीत्कार आदि संयोग के उपांगों का चित्रण भी नहीं हुआ है। कहीं भी इस संयोग में 'पिया अंग-अंग से लपटाय स्याम-घन' का चित्रण नहीं हुआ है। संयोग के समय में भी विरह की सम्भावना बनी रहती है जिस कारण नोक-झोंक का तो वहाँ समय ही नहीं है। संयोग में भी कितनी शालीनता उस प्रेम में है इसके लिए द्रष्टव्य है एक उदाहरण--'जब मालूशाह एवं राजुली का मिलन होता है तो वे एक दूसरे को उसी प्रकार देखे रह जाते हैं मानो सूर्य, चन्द्रमा, हँस-हँसिना, कृष्ण राधिका, तोता मैना मोहित हुए हों'--

> 'माला चैरो राजुली कणी राजुली चैरे माला,
> हियैं झणी एक दुसार कणी चाइयैं रै गया।
> इजा जाणी हँसा हँसिणी छन, गैना तोता छन,
> चन्द्रमा सूर्य छन, कृष्ण राधिका छन।
> सूर्य चनरमा इजा मोहित पड़ी गया।''

यद्यपि गाथा में हास, परिहास, अन्तरलाप तथा मनोविनोद के बहुत ऐसे स्थल थे परन्तु कहीं भी सुख एवं सुखांत का चित्रण नहीं हुआ है। जहाँ कहीं भी ऐसे स्थल आये हैं भी, तो वे भी केवल सूक्ति रूप में। अस्तु, इस शृंगार में आद्यान्त शालीनता बनी हुई है, कहीं भी यह प्रेम सामाजिक मर्यादाओं का अतिक्रमण नहीं करने पाया है।

शृंगार रस के अतिरिक्त अन्य रस इसके सहायक रूप में यत्र-तत्र अपनी विशिष्टताओं से युक्त हैं। प्रधानतः वात्सल्य रस तो अपने चरमोत्कर्ष पर है। माता पिता का पुत्र के अभाव में दुखी रहना। पुत्र प्राप्ति पर सुखी होना तथा पुत्र से बिछुड़ने पर असह्य वेदना का भी चित्रण मिलता है। इसी प्रकार करुण भयानक, हास्य, अद्भुत, वीर आदि रसों का भी सुन्दर परिपाक गाथा में उपलब्ध है।

लोक साहित्य लोक जीवन की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। लोक-जीवन की विभिन्न धाराओं ने उसके कलेवर को अत्यन्त समृद्ध बनाया है। लोक साहित्य अभिजात साहित्य की तरह किसी कवि का तराशा हुआ अलंकृत काव्य नहीं है। उसमें लोक जीवन की सहज उक्तियाँ बिना प्रयास के दिन-प्रतिदिन अभिव्यक्त होती रहती हैं। अतः जहाँ भी अलंकारों का प्रयोग हुआ

है, उत्तम रूप में हुआ है। 'इसमें अलंकार नहीं केवल रस है', रामनरेश त्रिपाठी जी का यह कथन सत्य है। मालूशाही गाथा में गायकों ने जिन उपमानों का चयन किया है वे ग्रामीण वातावरण से पूर्ण तथा लोक जीवन से सम्बद्ध है, इन नवीन, मौलिक व आंचलिक उपमानों या प्रतीकों में लोक जीवन की आत्मा बोलती है। गाथा में अधिकांश रूप से सादृश्य मूलक अलंकारों का प्रयोग अधिक हुआ है। उपमा, रूपक, व्यतिरेक, प्रतीप, उदाहरण, दृष्टान्त, अनन्वय इत्यादि अलंकार गाथा में स्वतः प्रवाहित होकर निखर गये हैं। शब्दालंकारों में अनुप्रास की छटा तो यत्र-तत्र देखने को मिलती ही है, साथ ही श्लेष और यमक की भी शोभा अपने निराले रूप में विद्यमान है। सादृश्यमूलक अलंकार में जिन उपमानों को उसने लिया है वे भावानुकूलता के साथ-साथ आकृति साम्य के द्योतक है। मुख्यतया मुख के लिए पौर्णमासी का चन्द्रमा, नाक के लिए राजा की तलवार (खाण) दाँतों के लिए आश्विन माह का दाड़िम, आँखों के लिए दो भरे हुए नौले (जलाशय) उरोजों के लिए कार्तिक माह के नीबू, कमर के लिए कुरमाली की कमर, जंघाओं के लिए केले के पेड़, टखनों के लिए धोबी की मुंगरी (लकड़ी से बना हुआ एक उपकरण जिसका ऊपर का भाग तो मोटा तथा नीचे को पतला होता है, जो कपड़ों को धोने के काम में लाया जाता है।) बालों की लट के लिए पर्वत शिखर की नागिन, बदन की कोमलता के लिए पूष की पालक उभरते यौवन तथा कोमलता के लिए चैत की कैरुवा, यौवन की मादकता के लिए भाङ का पेड़, आदि असंख्य उपमान गाथा में चमत्कार की श्री वृद्धि करते हैं। जहाँ पर उपमेय और उपमान की अभेदता दिखायी है वहाँ पर रूपकालंकार की छटा भी अद्भुत है। एक उदाहरण द्रष्टव्य है जहाँ पर मालूशाही को घौंसले के कफुवे की तरह, नवनीत के ढेर की तरह, सोने के छड़ की तरह, केले के पेड़ की तरह, रिङाल के कोमल पेड़ की भाँति और उसे कार्तिक का नीबू बताकर रूपकालंकार की सुन्दर छटा विकीर्ण की है।

घोल कस कफुवा हैरो, नौंणी को विनैंग,
सुनूँ कस गेल हैरो, क्यावा कस गाब,
कार्तिक निमुवाँ जस निङाऊ कस खाम।

इसी प्रकार गाथा में दृष्टान्त, व्यतिरेक, प्रतीप, अनन्वय, आदि अलंकारों के अनेकों उदाहरण देखने को मिल जायेंगे। अतिशयोक्ति तो अलंकारों में ऐसा लगता है कि जो लोकगायक का उत्तराधिकार रूप में मिला

अलंकार है। एक उदाहरण जहाँ वह नायिका के सौन्दर्य को दिन के पहरों के परिवर्तन होने की तरह उसके सौन्दर्य के परिवर्तन की बात कहता है—रूपकातिशयोक्ति देखते ही बनती है—

जदु दिन का पहर तदु रूप छन'
उस राणी को दूजा ध्याक लागी रय,

इसी प्रकार अन्य अनेक अलंकारों की छटा भी स्वाभावोक्तियों द्वारा कला प्रदर्शन से दूर लोक-जीवन की रागात्मक भावनाओं से युक्त है।

लोक साहित्य गेयात्मक काव्य है जिसमें लोक संगीत का अभिन्न पुट रहता है। मालूशाही गाथा भी इसका अपवाद नहीं है। नाद, गेयता सर्वोपरि संगीतात्मकता इसका प्राण है। भावों की सम्प्रेषणीयता तथा छन्दों की दृष्टि से भी इस संगीत तत्व का महत्व अन्यतम है। लोक गायक स्थानीय वाद्ययंत्र हुड़के के माध्यम से अपने कथन को व्यक्त करता है। गायक के कंठ-लय के साथ स्वर मिलाने वाले दो व्यक्ति होते हैं वे भगार हिवार कहलाते हैं। कहीं-कहीं लोक गायक का दीर्घ आलाप ही छन्द पूर्ति में सहायक होता है तो कहीं पर भगारों के कंठ से निकलने वाले लयात्मक आरोह तथा अवरोहात्मक स्वर छन्दों की पूर्ति में सहायक होता है और कहीं पर वाद्य यंत्र भी छन्द पूर्ति में सहायक बन जाता है। मालूशाही गाथा अधिकांश रूप में अतुकान्त छन्दों में मिलती है जहाँ कहीं तुक बन्धन मिलता भी है तो वह स्वाभाविक तथा बिना प्रयास के मानना चाहिए, प्रथम पद जब खाली अप्रसांगिक रूप से पूरणार्थक होकर आता है तो वहाँ तुक अवश्य रहता है, गाथा में लोक-गायक ने किसी विशेष तथा भावनापूर्ण स्थलों में अन्य फुटकल लोक गीतों की तर्जों को लिया है वहाँ तुक-बन्धन अवश्य मिलता है। लोक-गीतों की तर्ज में कहीं-कहीं पर प्रथम पद अप्रसांगिक भी है। परन्तु प्रथम पद की निरर्थकता लोक गायक की प्रतिभा पर आधारित है। लोक गीतों की तर्ज में गाये जाने वाले प्रसंगों के छन्दों में कहीं-कहीं मात्रिक छन्द भी शिथिल रूप में उपलब्ध होता है।

लोक गायक इन छन्दों में एक या दो वर्णों को तो कुछ भी नहीं समझता है। वह उसके स्वरों के ह्रस्व-दीर्घ या प्लुत उच्चारण द्वारा इस प्रकार घटा बढ़ा लेता है कि मानों उसका स्वयं कण्ठ ही पिंगल शास्त्र की कसौटी में कसा हो। जहाँ पर स्वरों के उच्चारण द्वारा छन्द की पूर्ति होते नहीं देखता है तो अवशेष वर्णों को वाद्य यंत्र द्वारा ही पूर्ण कर लेता है। गाथा में टेक

पदों की पुनरावृत्ति बहुलता से है। छन्द के चरण के अन्तिम भाग की आवृत्ति जिसमें संगीत तत्व तथा गेयता द्वारा रमणीयता लायी जाती है, उसी पद में दूसरे चरण को उठाकर कथन को श्रुति-मधुर तथा रमणीय बनाया जाता है। विशिष्ट वातावरण, विशिष्ट भाव स्थलों में टेक पदों की पुनरावृत्ति अधिक पायी जाती है। पदों में लघु-गुरु का रूप अत्यन्त शिथिल है। स्तोभ प्रणाली में मात्रा स्तोभ, पदस्तोभ, तथा वर्ण स्तोभ भी देखने को मिलता है। मालूशाही गाथा में आठ वर्णों से लेकर बाइस वर्णों तक के अतुकान्त मुक्तक वार्णिक छन्द मिलते हैं। जिनमें सम वर्णों तथा बारह वर्णों के छन्दों की प्रधानता है जिसका उदाहरण द्रष्टव्य है—

राजा दुलसायी खामासारी हाट,
रङीली बैराठ महलड़ा कोट
जिया वे धर्मी गर्भव्याली है रैछ,
राणी लागी रय हुण जाण मास,
धन तेरी रूपसी बैराइठ ।

उपर्युक्त छन्द में चार चरणों में तो बारह वर्ण हैं केवल अन्तिम चरण में दस वर्ण हैं। इस अन्तिम चरण को बैराठ शब्द बैराइठ प्लुत उच्चरित होकर छन्द पूर्ति होगी। कभी कभी गायक 'धन-धन तेरी रूपसी बैराठ' के बारह वर्णों का स्पष्ट प्रयोग भी कर देता है।

कुमाऊँनी भाषा की मूल संरचनात्मक प्रवृति संस्कृत-बहुल है। संस्कृत के अनेक शब्द थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ कुमाऊँनी में प्रयुक्त हुए हैं। कुमाऊँनी बोली में विविधता अधिकांश रूप में क्रिया रूपों में देखने को मिलती है। दैनिक व्यवहार की बोली तथा साहित्यिक भाषा में काफी है। लोक-साहित्यिक भाषा में गेयता रहती है। विवेच्य गाथा मालूशाही में भी गेयता है—जिस कारण शब्दों के तोड़ मरोड़ की प्रवृति बहुधा देखने को मिलती है। गाथा में भाषा का झुकाव सर्वत्र सरलीकरण की ओर अधिक है। शब्दशक्तियाँ अपने निराले रूप में विद्यमान रहकर भाषा को अधिक सम्प्रेषणीय बनाती है। वर्णन प्रधान स्थलों, महल, प्रकृति इत्यादि में अभिधा शब्द शक्ति का उपयोग विशेष रूप से मिलता है। लोकोक्तियों मुहावरों के प्रयोग के कारण भाषा में लाक्षणिकता की अपूर्व झलक है। जैसे, अकल लितुरि, मन मन जगी गेछ मड्वा फाम जसी, अघिल कै उणियाँ, पछिल कै जाणियाँ, खोई कस खाम, खोरि रुखी गेछ, कोरवी कँकाल-मडुवा अकाल, हाड़ को हड़याठ जुग को

मधुर, आदि। रूपवर्णन, मनोभावों के चित्रण मे, शृंगार के उभयपक्षी चित्रण मे, सम्वादों में, व्यजना शब्द शक्ति का भी प्रभाव देखा जा सकता है। ध्वन्यात्मक शब्दों का प्रयोग भी यत्र-तत्र देखने को मिलता है। जैसे रैछम-तैछम, मण-मण, छपुक छपुक, घत-घत, तुड़क, खुल-खुल, इत्यादि अनेक ध्वन्यात्मक शब्द जो अर्थ को भी शक्ति, तथा प्रभावशाली बनाते है। शब्दों की पुनरावृत्ति भी है। इसी प्रकार रणन-क्वणन की प्रवृति मे पूर्ण तथा सूक्ष्म मे सूक्ष्म मनोभावों को व्यक्त करने वाले शब्द भी उपलब्ध हैं। बहुत से शब्दों मे पुल्लिंग को स्त्रीलिंग तथा स्त्रीलिंग को पुलिंग में प्रयोग हुआ है। जैसे पथा-पोथी, दूजा-दूजृ, लाटा-लाटी आदि। कुछ शब्दों तथा सम्बोधनों का जिनका सम्बन्धित अर्थ कुछ भी नही होता है कथन को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए प्रयोग में लाये जाते हैं। कभी-कभी ये शब्द टेक पद का भी काम करते है। जैसे हजा, हरी, नारायण, सिपी, भगवान आदि।

भाषा के तीन गुण प्रसाद, ओज तथा माधुर्य की छटा भी देखने को मिलती है। वर्णन प्रधान स्थलों में भाषा का प्रसाद गुण देखा जा सकता है। युद्ध आदि स्थलों में ओज गुण तथा मनोभावों के चित्रण मे माधुर्य गुण मिलता है। उदाहरणार्थ—

यो हो मायो मर्दो च्याला,
तैं बखत फथुवा कमर अड़ावहान्नो,
द रे मरदो, पूरब जानी पश्चिम जानी,
लड़नै-लड़नैं धरती हिलण भैगे हो,
यारो, धन-धन पैंगा ज्यू हो,

स्वरागम तथा स्वरालोप की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है। अनुनासिकता तथा अनुस्वार प्रचुरता के कारण भाषा अत्यन्त मधुर है। श, ष, स तथा संयुक्ताक्षरों की शिथिलता एवं अभेदता सर्वत्र विद्यमान है। अन्य भाषाओं के भी शब्द यत्र-तत्र प्रयुक्त हुए हैं। स्थानीय प्रकृति का आलम्बन एवं उद्दीपन दोनों रूपों में चित्रण हुआ है। भावों की अनुकूलता एवं प्रतिकूलता दोनों रूपों में प्रकृति चित्रण अधिक हुआ है। जहाँ वह संयोग के समय सुख संवर्द्धन का कारण है तो वियोग के समय द्विगुणित करने वाली भी है। उदाहरणार्थ—

तू उदासी झन लगै दियै,
मेरो मालू काँछ तू बतै दियै।

काटी खाँछ भागी गाड को मुसाट
छेड़ी खाँछ भागी तेरी बाणी

गाथा में अनेक स्थलो पर प्रकृति मे चेतना आरोपित कर उसे मानवीय भावनाओ से युक्त माना है, उसका प्रयोग सन्देश रूप में भी हुआ है। आकृति एवं भाव साम्य के लिए उपमानों द्वारा कथन को प्रभावोत्पादक बनाने के लिए लोक गायक ने अलकार रूप मे भी प्रकृति का चित्रण किया है। हृदय के सूक्ष्मातिसूक्ष्म भाव एव मनोविकार भी प्रकृति प्रतीक द्वारा रसाभिव्यक्ति मे सहायक हुए है। गाथा में प्रकृति तत्व उदात्त भावनाओ के द्योतक है जो अन्तः साक्ष्य के कारण प्रतीक रूप में आए हैं। अस्तु जिस प्रकृति की उन्मुक्त गोद में बाल क्रीड़ाएँ करके वह लोक साहित्यकार बड़ा हुआ है, उसके प्रति उसका आकर्षण सहज एव स्वाभाविक है। लोकगायक प्रमुख भाव की उत्कर्षता दिखाकर उसको लोक-जीवन की पृष्ठ भूमि मे यथातथ्य रूप में रखता है। मालूशाही का मुख्य प्रतिपाद्य प्रेम है, गायक कथानक संयोजन को इस प्रकार संघटित करता है कि अन्त तक उसका परिणाम प्रेम ही रहता है। लोक गायक कथानक सयोजन, उपमानों, भावना चित्रण आदि में अपनी कल्पना का अद्भुत चमत्कार दिखाता है। अनेक प्रासांगिक कथाओं को मुख्य कथानक के साथ जोड़ता है जिससे लोक-जीवन उसके कथन से प्रभावित हो जाता है। इस प्रकार लोक गायक की कल्पना शक्ति का विलाप नायक तथा नायिका के व्यक्तित्व से लेकर, स्थान, घटना विशेष, मानवीय संवेदना, सौन्दर्य चित्रण, मानसिक भावनाओं एवं अवस्थाओं इत्यादि तक देखा जा सकता है।

गाथा मे शिल्पगत विशेषताओ का अत्यन्त समृद्ध रूप देखने को मिलता है। लोक-जीवन के समस्त भाव, देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप यथार्थ धरातल में अवतरित होकर, खेलते मचलते, नये छन्दों, नये शब्दों की तोड़-मरोड़ तथा संगीत और गेय तत्व के अभिन्न पुट के साथ फूलों के सुवास की तरह सुवासित हैं। शैलीगत तत्वों के इस अतिसूक्ष्म परिचय से आने वाले अध्येताओं, लोकसाहित्य प्रेमियों, शोधार्थियों, अनुशीलकर्ताओं तथा सहृदयों में इनके गहन अध्ययन के प्रति रुचि जागृत होगी और वे आनन्द का अनुभव करेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

(उ) गाथा का कथानक-सार

मालूशाही के कथानक के सम्बन्ध में लिखित अलिखित, श्रुति-परम्परागत कथानकों और क्षेत्रीयता के आधार पर द्वार हाट से लेकर मुन्स्यारी

तक, गढ़वाल की सीमा से लेकर चम्पावत तक लोक गायकों बुजुर्गों तथा कई मेलों से गाथा के विभिन्न रूपों का संकलन करके उसे यहाँ एक निश्चित मार्ग देने का प्रयास किया है, जिसमें लोक साहित्य में पायी जाने वाली मान्यताओं, परम्पराओं धारणाओं, रूढ़ियों तथा लोकतत्व की भावना को कहीं भी तोड़ा या मरोड़ा नहीं गया है। हम यह नहीं कह सकते कि यह संकलन इस गाथा का अन्तिम पूर्ण रूप होगा, फिर भी पूर्ण आशा है कि यह संकलन इस आख्यान को और अधिक रूपों में बिखरने से बचायेगा। हमारा यह प्रस्तुत कथानक मानदण्ड न बन पाये परन्तु लोक जीवन की मान्यता स्पष्ट करने का आधार बन सके और अध्येताओं को इससे प्रेरणा मिले तो हमें सन्तुष्टि होगी।

यह प्रेमविषयक लोकाख्यान एक लोकगाथा है, जो श्रुति परम्परा से विकसित होता आया, विकास इसकी स्वाभाविक प्रक्रिया है, सम्बर्द्धन इसका स्वाभाविक गुण है, जिससे पाठ-भेद, श्रुति-भेद, विषय-वस्तु भेद, शिल्प भेद, स्थान भेद यहाँ तक कि दृष्टि-भेद भी सम्भाव्य है, जो एक विकसनशील लोक-प्रबन्ध के लिए अपरिहार्य है। इस प्रक्रिया में परिवर्तन परिवर्द्धन संशोधन आदि स्वाभाविक है, अतः इन्हें लोक प्रबन्ध परम्परा में विकृति न कहकर लोक प्रबन्ध के विकास की प्रक्रिया या संस्कृति परम्परा का एक अंग मानेंगे। कोई शोधार्थी, विद्वान या समीक्षक, लोक गायक या लोक-मीमांसक हमारे इस कथानक के प्रति कतिपय आशंकाएं उठाना चाहें तो हम यह दावा तो नहीं करेंगे कि उनकी शंकाओं या आपत्तियों का निराकरण हम अधिकाधिक रूप में कर पायेंगे, क्योंकि लोकसाहित्य में किसी काव्य शास्त्र, तर्कशास्त्र, मीमांसा, विधिशास्त्र या विज्ञान के नियम या उपबन्ध लागू नहीं होते हैं। लोक साहित्य की अपनी मर्यादा है यह अपनी परम्पराओं तथा उपस्थापनाओं के अनुसार विकसित होता है। कोई भी लोकसाहित्य का मर्मज्ञ या सुधी विद्वान, विवेकशील समालोचक, उदार मीमांसक और सहृदय लोकसाहित्य प्रेमी इस प्रकार की शंका उठाये अथवा सुझाव दे तो हम उस पर विचार करने के लिए उनके सुझावों का हृदय से स्वागत करेंगे। प्रस्तुत संकलन में हमने सम्पादन का कार्य पूर्ण निष्ठा से किया है, हमारी दृष्टि और प्रयास दोनों ही समन्वयात्मक रहे हैं। इसमें कुमाऊँ के अंचल की लोक संस्कृति, लोक साहित्य, लोक-तत्व और परम्पराओं धारणाओं सर्वोपरि लोक मनोविज्ञान के तत्वों व अवयवों को अविकृत और यथातथ्य रूप में सुरक्षित रखने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी रखी गयी है। विविधताएं बहुत हैं परन्तु उनमें

हमें कुछ न कुछ समन्वयात्मक तत्वों को देखना ही होगा, नहीं तो हमारे साधन पारद कणों और परागकणों की तरह बिखर जायेंगे। उन्हें एकत्रित करने में अनावश्यक समय व श्रम का व्यय होगा और लोक साहित्य तथा लोक संस्कृति की अस्मिता पर ठेस पहुँचेगी। भारतीय दर्शन में 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' को एक रूप में प्रतिष्ठित किया है। समन्वय की यह अन्तर्दृष्टि लोक जीवन ने ही हमारे अन्तर्द्रष्टा मुनियों, महर्षियों, और चिन्तकों को प्रदान की है। यही हमारे लोक-जीवन का भी एक स्वर है।

मालूशाही प्रेमाख्यान या प्रेम-गाथा के हमारे निजी पाठ या श्रुति के संकलित रूप का कथानक अग्रलिखित शब्दों में इस प्रकार है राजा दुलसाही का राज्य रङीली बैराठ था, जिसका सुन्दर स्वर्ण रंजित महल था, दीवान, मंत्री तथा अनेक राज भक्त एवं निष्ठावान सभासद थे। महरूड़ी कोट, चमू बान, चाँदीखेत, लखनीपुर, तामाढौन आदि स्थान भी इसी के अधीनस्थ थे। अत्यन्त स्वरूपवान पत्नी धर्मा रनिवास की शोभा थी। कत्यूरों की एक विशाल सेना थी। राजा को आधी उम्र तक सन्तान का मुख देखने को नहीं मिला। सन्तान प्राप्ति के लिए दान-पुन्य, व्रत उपासना, स्नान आदि सभी निष्फल रहे। राजा-रानी पुत्र के अभाव से अत्यन्त दुःखित थे।

एक दिन राजा महल में सोया हुआ था तो उसे स्वप्न में रानीबाग (मायापुरी काठगोदाम के पास) की चित्रशिला देवी के दर्शन होते हैं, जो स्वप्न में राजा से कहती है कि 'हे राजा तू मेरे यहाँ आकर पूजा अर्चना कर मैं तुझे मनोवांछित फल दूँगी।' दूसरे दिन उसने प्रातःकाल होते ही भेकुवा मुनचौड़ी को बुलाकर सम्पूर्ण कत्यूरों को निमंत्रण भिजवाया कि वे मायापुरी चित्रशिला यात्रा के लिए तैयार रहें। राजा रानी स्वप्न से बहुत प्रसन्न थे। आठवें दिन सुन्दर स्वर्ण जटित डोले में धर्मावती तथा राजा कत्यूरी दल के साथ मायापुरी गये। उनके साथ कत्यूरों के गुरु रिर्णा-फिणीदास भी थे। झण्डियाँ तथा पताकाएँ फहरा रही थीं। तामा विजेसार अपनी गंभीर नाद में गर्जन कर रहा था। राजा के इस दल को देखकर मार्ग चलता पथिक भी आश्चर्यचकित रह जाता।

सौकाण (भोट प्रदेश) में सुनपति रहता था, जो ऊन, नमक आदि का व्यापार हूँणदेश से लेकर तराई भावर तक अपनी बकरियों पर लाद कर किया करता था। उसकी अनिंद्य सुन्दरी स्त्री का नाम गाऊँली था। सुनपति को भी सन्तान का मुख देखने को नहीं मिला था। वह भी पुत्र-प्राप्ति के

लिए गाऊँली को साथ लेकर मायापुरी को आ रहा था। अल्मोड़ा की नन्दादेवी के मन्दिर में उसकी मुलाकात राजा दुलसायी से हुई। साक्षात्कार होने पर दोनों अपने को समान दुखी समझकर नन्दादेवी से एक साथ मायापुरी को गये। मायापुरी पहुँचने पर गाऊँली तथा धर्मा रात भर जागरण करती हुई देवी की उपासना में लीन रहीं। प्रातःकाल गंगा स्नान करके धर्मा तथा गाऊँली ने यह तय किया कि हम भावी सन्तान की प्राप्ति पर आपस में सम्बन्ध स्थापित कर लेंगे। इस प्रकार भविष्य में अपत्य-सम्बन्ध का संकल्प कर एक दूसरे को अक्षत-रोली लगा उन्होंने आपस में धर्म बाँटा। प्रसन्नचित्त दुलसायी तथा सुनपति मन्दिर में अनेक प्रकार की भेंट व उपहार चढ़ाकर अपने-अपने स्थान को चले गये। देवी की असीम कृपा से धर्मा ने एक सुन्दर पुत्र (मालूशाह) को जन्म दिया। पुत्रोत्सव के समय सभी प्रकार की खुशियाँ मनायी गयीं। दिन-प्रतिदिन मालूशाह शुक्लपक्ष की चन्द्रमा की तरह बढ़ कर युवावस्था में प्रवेश करने लगा। कुछ वर्षों बाद दुलसायी स्वर्ग सिधारे और सम्पूर्ण राज्य का भार माता धर्मा के संरक्षण में मालूशाही ने संभाला।

सौकाण देश में गाऊँली के गर्भधारण करने के समय से ही सभी सिद्धियाँ सौकाण में आने लगीं। गाऊँली ने एक सुन्दर कन्या (राजुली) को जन्म दिया। सुनपति राजुली को गोद में लेकर जब अपने महल के आँगन में घुमाता और पुचकारता हुआ कहता कि तेरा विवाह रंगीली बैराठ करूँगा तो वह खिल-खिलाकर हँस पड़ती और जब वह कहता कि तेरा विवाह हूण देश करूँगा तो वह रोने लग जाती थी। समय बीतने पर बालिका राजुली ने यौवनावस्था में प्रवेश किया और वह अपनी सहेलियों के साथ जंगल में बकरियों को चराने जाने लगी तो अपने अद्भुत सौन्दर्य से वह सबको प्रभावित किये रहती थी।

मालूशाही युवावस्था में एकान्त प्रिय होता गया। एक दिन जब वह महल में सोया था तो वह स्वप्न में अनिंद्य सुन्दरी राजुली को देखता है। राजुली भी स्वप्न में ही मालूशाह को देखती है। स्वप्नावस्था से जागने पर एक दूसरे को देखने के लिए वे अत्यन्त उद्विग्न हो जाते हैं। मालूशाही की उद्विग्नता इतनी प्रखर हो जाती है कि वह राजुली का नाम स्मरण करता हुआ विलाप करने लगता है। उसके विलाप को सुनकर धर्मा कारण पूछने लगी। अखण्ड एवं बहुत आग्रह पर उसे स्वप्न की बात माता से कहनी पड़ती है, कि मैंने सौकाण के सुनपति की पुत्री राजुली को देखा, जो अत्यन्त

स्वरूपवती है। उसके साथ विवाह करके उसे किसी प्रकार भी बैराठ लाना है। धर्मा उसे सौकाण की विषमता से अवगत कराते हुए कहती है कि वह इलाका विष और जादू का भरा है। मैं तेरा विवाह यहीं कर दूँगी और उसी का नाम तू राजुली रख लेना। पुत्र की विरहजन्य अवस्था को देखकर बमौरी सोमनाथ के मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों की युवतियों को मेले में आने का निमंत्रण देकर कहा गया कि राजा मालू जिस युवती को पसन्द करेगा उसको माता-रानी बना दिया जायेगा। इस प्रकार मेले के दिन विभिन्न स्थानों से युवतियाँ सज-धज कर वहाँ आयीं। राजा मालूशाह मेले में गया। तीन दिन तक मालूशाह मेले में घूमता रहा, परन्तु कोई भी युवती उसे राजुली के रूप की नहीं दिखायी दी। अन्ततः निराश होकर सब अपने घरों को लौट गये।

मालूशाही की वेदना अधिक तीव्र होती गयी। वह राजुली का वियोगी होकर राजकार्य से भी उदासीन होगया। अन्ततः धर्मा ने मालूशाह को महल में बन्द करके रख दिया। उधर सौकाण में सुनपति को राजुली के विवाह की चिन्ता होने लगी। वह राजुली के लिए वर की खोज में कंकर देश (तिब्बत) चला गया। राजुली अपनी माँ से पूछती है—"इजा! देशों में कौन बड़ा है? दिशाओं में कौन श्रेष्ठ है? वृक्षों में कौन श्रेष्ठ है और राजाओं में कौन बड़ा है गाऊँली उसे बताती है कि पुत्री! देशों में बैराठ, वृक्षों में वृक्ष वर तथा पीपल, तथा राजाओं में राजा मालूशाह बड़ा है जो रंगीली बैराठ में रहता है। राजुला अपने कौतूहल को अपनी माँ से व्यक्त करती है। गाऊँली कहती है कि उसका पिता उसके लिए वर की खोज में गया है। वह इस प्रकार का दुराग्रह छोड़ दे, परन्तु पुत्री की जिद्द को देखकर वह मौन रही। राजुली दिन-प्रतिदिन मालू के वियोग में दुखी रहने लगी। राजा मालूशाही का आत्मा राजुली के लिए तड़फती हुयी एक दिन छुछुती पक्षी बनकर सौकाण जाती है। अनेक घनघोर और भयावह जंगलों को पार करता हुआ छुछुत राजुली के बगीचे में पहुँचा और उसने मानवी भाषा में अपनी सम्पूर्ण वेदना राजुली से कही। राजुली उसको अपने हृदय से लगाकर आँसू बहाती है, तब छुछुत बैराठ को लौट आता है और मालू की निद्रा भंग हो जाता है। राजुली की विरहजन्य अवस्था को देखकर उसकी माँ उससे पूछती है कि क्यों वह उदास रहती है? राजुली अपनी माँ से कहती है कि तू मुझे बैराठ जाने की अनुमति दे देगी तो मैं पिताजी के लौटने से पहले घर वापस

आ जाऊँगी। पुत्री के अखण्ड आग्रह के सम्मुख माँ का वात्सल्य उसे बैराठ जाने से नहीं रोक पाया। उसने राजुली को बैराठ जाने का मार्ग बताकर उसे विदा कर दिया।

राजुली ने शृंगार साधन जुटाये, अनेक प्रकार के तंत्र-मंत्र के साथ वह बैराठ चल दी। चौऊनियां धार में उसे बाइस परियाँ तथा घाङली उड्यार (गुफा) में सिदुवा-विदुवा रमौल मिले। उन्होंने उसे अकेले बैराठ जाने को मना किया परन्तु उसके अनन्य प्रेम को देख वे उसे रोक नहीं पाये। राजुली तल्ला भल्ला सुनस्यार, तेजम, भैंसखाल, तथा दानपुर के विभिन्न क्षेत्रों को पार करती हुई बागेश्वर पहुँची। आषाढ़ की वेगवती सरयू को पार करने हेतु वह त्रिजुगी पीपल के नीचे विश्राम करने लगी। वह सरयू नदी से कहती है कि हे बहिन ! हम दोनों एक ही देश की हैं, मैं अपने प्रेमी से मिलने बैराठ जा रही हूं तू मुझे उस पार जाने के लिए मार्ग दे। सरयूनदी राजुली की अनुनय पर उसे पार जाने के लिए मार्ग देती है। सरयू और गोमती के संगम में स्नान करके बागनाथ के मन्दिर में पूजा अर्चना करते समय व्यथित राजुली की आँखों से अश्रु प्रवाह हो रहा था जिसे देखकर बागनाथ की आँखों में आँसू आ गये। राजुली इसे अपना उपहास समझ बागनाथ को उपालम्भ देने लगी। बागनाथ ने तब उसे शाप दिया कि तेरी मुलाकात मालूशाह से न हो पाये। राजुली सम्पूर्ण देवताओं को झूठा बताकर केवल मालूशाह को सच्चा बताते हुए बैराठ की ओर चली गयी।

चौफुला (चौक) में आकर वह बैराठ का मार्ग भूल गयी और कत्यूर की ओर बढ़ी जब खोली स्थान पर पहुँची तो वहाँ पर बाईस भाई पटियारों ने राजुली को घेर लिया। राजुली ने तंत्रबल के प्रभाव से सुन्दर घुरड़ी (हिरनी) का रूप धारण किया। बाईस भाई ने लट्ठों सहित राजुली का पीछा किया परन्तु वह पटियारों के हाथ न लग पायी। वहाँ से वह द्वारिका छिन होती अपने वास्तविक रूप में गिरेछिन पहुंची जहां कुछ समय विश्राम लेने के बाद वह आगे बढ़ी। चौड़फाट में उसे नौ भाई गनाँ (कण्ठ ग्रन्थि-धारी) मिले जो राजुली को अपनाना चाहते थे। राजुली ने उनसे कहा कि जो सबसे पहले अपने कुरूप गान (कण्ठ-ग्रन्थि) को काटेगा मैं उसी के साथ रहूंगी। निदान जोश में आकर उन्होंने अपने गँनों को काट डाला और वे वहीं पर धराशायी होगये। राजुली हँसते हुए आगे बढ़ी और विशूँण छिन पहुंची जहाँ पर चार भाई बौरों की रोपाई कर रहे थे उन्होंने जब राजुली को देखा तो

वे अपनी कामासक्ति को रोक नहीं पाये। राजुली उनकी बदनीयती को समझ गयी अतः तंत्र बल से वह पुतयी (तितली) रूप में झुपुल चौंर पहुँची। जहाँ पर वह अपने कानों की झुपझुपी (वालियां) भूल गयी। वह स्थान आज भी इसी कारण झुपुल चौंर कहलाता है। झुपुल चौंर से वह कहैड़ी कोट पहुँची जहाँ हरुवा कहैड़ अपने सात लड़कों बहुओं तथा नाती-पोतों के साथ रहता था। एक दिन जब हरुवा ने लड़कों से कहा कि वे उसका विवाह कर दें। उसके लड़के लज्जित हुये और उसके कहने पर कि मैं अपना विवाह स्वय कर लूँगा तुम मुझे चौराहे पर रख दो, उसके लड़कों ने हरुवा को चौराहे पर रख दिया। बैराठ जाती हुई राजुली ने मार्ग में सोये हुए हरुवा को देखा और वह उसे मरा हुआ जानकर ज्यों ही आगे जाने लगी तो हरुवा ने राजुली का हाथ पकड़ लिया। राजुली ने जब अपना हाथ छुड़ाया तो हरुवा लुड़क पड़ा और उसका प्राणान्त होगया।

राजुली जब उखोलेख की चढ़ाई पार कर रही थी तो उसे 'फतुवा' भैंस पालक मिला। उसने राजुली से साली का रिश्ता जोड़ा और कहा कि तू अब मेरे यहाँ ही रह जा। राजुली ने उससे कहा कि मैंने सुना है तुम सुन्दर नृत्य करना जानते हो अतः एक बार नाच दिखा दो। जब फथुवा नाचने लगा तो राजुली ने कहा कि पाँवों के सहारे नहीं अब तुम सिर के बल नृत्य दिखाओ। कामासक्त फथुवा सिर के बल नाचने लगा। राजुली ने अपनी ओढ़नी को एक सूखे ठूँठ पर लटका दिया और स्वयं चलती बनी। नृत्य के बाद फथुवा ने जब राजुली को कहीं नहीं देखा तो वह अपनी असावधानी पर पाश्चाताप करने लगा। राजुली गिवाड़ होती हुयी प्रसन्न चित्त महरुड़ी कोट पहुंची जहाँ सात भाई महर चाँदी खेत में धूम धाम से रोपाई कर रहे थे। कुछ देर रोपाई देखने के पश्चात् वह नहाने को रहप नदी के किनारे गयी। नहाते समय उसके पाँव से पानी के गूल का एक बहुत बड़ा पत्थर रहप नदी में चला गया फलस्वरूप पानी गूल से टूट कर नदी में ही चला गया, जलाभाव से खेत में रोपाई का कार्य रुक गया। महरों के हलिये ने जब वहाँ राजुली को बैठे देखा तो उन्होंने महरों को खबर दी। सातों भाई महर स्त्री का नाम सुनते ही रहप नदी के किनारे गये और राजुली को डोली में बिठाकर महल में ले आये। वे ब्राह्मण द्वारा लग्न विचार करवाने लगे तो राजुली ने ब्राह्मण को हीरे की अँगूठी देकर किसी भी प्रकार विवाह रोक देने को कहा। ब्राह्मण ने महरों को बताया कि जो उससे विवाह

करेगा उसकी मौत आ जायेगी तब क्रोधित महरों ने राजुली को एक सन्दूक में बन्द करके नदी में बहा दिया। राजुली कत्यूरों की इष्ट देवी की कृपा से किनारे लग गयी और बैराठ के महल की ओर चली गयी। महल के समीप पहुँचने पर जब उसने वहाँ सख्त पहरा लगा देखा तो निर्नाई (निद्रा के सम्मोहन को फैलाने वाला एक तान्त्रिक उपकरण) का डिब्बा खोल दिया। अत: सारी बैराठ निद्रा में सोगयी। राजुली ने द्वार पर बँधे हाथी को केले के पत्ते देकर अपने वश में कर लिया अत: हाथी ने राजुली को अपनी सूँड से उठाकर मालूशाह के महल के उच्च झरोखे तक पहुँचा दिया। महल में मालूशाह गहन निद्रा में सोया हुआ था। राजुली ने मालूशाह को जगाने के लिए अनेक उपाय किये, परन्तु सब निरर्थक रहा। वह करुण विलाप करती, हुई अपनी अन्तर्व्यथा से व्यथित होकर पत्र लिखने लगी। उसने लिखा 'मुझे तुमसे मिलने की जिज्ञासा थी, अत: मैं यहां तक आयी हूँ। यदि तुमको भी मेरी चाह होगी तो योगी वेश में नौ लाख कत्यूरों, के साथ भोट प्रदेश मेरा वरण करने आओगे और सात भाई महरों तथा फथुवा द्वैराव को आने से पहले परास्त करोगे।' इस प्रकार अपने सिर को धुनती बार-बार मालूशाह के चरणों में लोट-पोट होती हुई राजुली सौकाण वापिस लौट गयी।

प्रात: जब मालू की निद्रा भंग हुई तो राजुली के पत्र को देखकर तथा उसके बैराठ आकर वापस चले जाने की घटना को सोचते हुए वह अत्यन्त दुखी होगया। उसकी विरह वेदना असह्य होगयी। धर्मा उसे समझाने लगी। परन्तु उसने सौकाण जाने के लिए दृढ़ संकल्प कर लिया। गुरु रिणी-फिणीदास के पास जाकर उसने सौकाण जाने की बात कही। पहले तो वे भी उसे सौकाण जाने से रोकते रहे, परन्तु राजा को हठात सौकाण जाता देखकर वे भी अपने तंत्र-मंत्रों के साथ सौकाण जाने को तैयार होगये। सभी कत्यूर मालूशाह के साथ सौकाण जाने की तैयारी करने लगे। कत्यूरों ने योगियों का वेश धारण किया। मालूशाही की बहिन भी अपनी ससुराल से भाई को समझाने के लिए आयी, परन्तु उसने किसी की नहीं मानी। कत्यूरों की सेना बैराठ से सौकाण को चल दी। सातों भाई महर तथा फथुवा द्वैराव भी राजा से हार मानकर सौकाण को चल दिये। कहैड़ी कोट, आदि स्थानों से होती हुई कत्यूरों की सेना बागेश्वर पहुँची। बागनाथ की पूजा अर्चना करके सेना आगे को बढ़ी। हूँमल्दुर पहुँचने पर राजा की सेना को वहाँ प्रकृति में व्याप्त विष लग गया। सब अचेत होकर गिर गये। मालूशाह को दुखी

देख उसके गुरु सभी कत्यूरों का विष नष्ट करने लगे। तब मालू अकेला ही योगी वेश में राजुली की खोज में निकल पड़ा। अलख जगाता हुआ वह मल्ली जोहार पहुँचा और भोटियाँ लड़कियों से कैलाश यात्रा का बहाना बनाकर आगे बढ़ता रहा। कई दिनों तक भूख तथा प्यास के कारण जब उसका शरीर जर्जर होगया तो वह सुनपति के महल के पास पहुँचा।

सुनपति के महल के पास पहुँचकर जब उसने अलख जगायी तो राजुली की एक सहेली भिक्षा लेकर आयी। मालू ने कहा कि वह केवल गृह-स्वामिनी से ही भिक्षा लेता है। अतः राजुली स्वयं भिक्षा लेकर आयी तो वे दोनों प्रेमी एक दूसरे को देखते ही रह गये और वे दोनों अपनी व्यथा व्यक्त करने लगे। राजुली ने मालूशाह से कुछ समय के लिए वहीं रुकने का अनुरोध किया वह अपने पिता के पास जाकर अनुनय करने लगी कि 'पिताजी, आपके आँगन में एक योगी आया है आप उसे अपने महल में कुछ दिनों के लिए स्थान दे दीजिए। शायद योगी की सेवा से आपको पुत्र की प्राप्ति हो जाये।' सुनपति ने स्वीकृति दे दी। मालूशाह को महल के बाहरी कमरे (लोठभाव) में रहने के लिए स्थान मिल गया। दिन में योगी इधर-उधर जाता और सन्ध्या को लौट आता था। राजुली का योगी के पास आना जाना बढ़ गया। सुनपति सौक को जब पता चला कि वह योगी मालू है तो उसने अपनी पुत्री से कहा 'तूने आज तक क्यों नहीं बताया कि वह मालू है। मैं तेरा विवाह उसके साथ करने को तैयार हूँ।' एक दिन जब राजुली मालूशाह के कपड़े धोने गयी तो सुनपति ने गाऊँली सौक्याण की बनाई खीर में मिलाकर मालू को विष खिला दिया जिससे मालू का शरीर अचेत होगया तब उसको हिमखण्ड में दबा दिया। राजुली जब वापस लौटी तो उससे कह दिया गया कि मालूशाह बैराठ लौट गया है जिससे वह सशंकित होगयी। जब उसे अपने पिता की कूटनीति का पता चला तो वह तड़फने लगी।

सुनपति ने हूँणदेश के रिखीपाल को सन्देश भेजा कि वह बारात लाकर राजुली को ब्याह ले जाये। अतः ककर देश से राजुली की बारात आयी। राजुली करुण विलाप करती हुई और मन ही मन अपने पिता को कोसती हुई हूँणदेश को जाने लगी। राजुली के विलाप को सुनकर पशु-पक्षी भी रोने लगे। उधर मालूशाही की आत्मा स्वप्न में अपनी सम्पूर्ण व्यथा धर्मा से कहता है तब धर्मा अपने भाई मृत्युसिंह को सन्देश भेजती है। मृत्युसिंह अपनी सेना सहित सौकाण जाता है। हूँमधुर में नौ लाख कत्यूरों के साथ

उसकी भेंट होती है। मृत्युसिंह एक कौवे के माध्यम से मालू के गाड़े जाने के स्थान पर पहुँचकर उसको निकालता है - तंत्र-मंत्र के बल से मालू के विष को झाड़ा जाता है और मालू जीवित हो उठता है। मृत्युसिंह उसे वापस लौटने को कहता है परन्तु मालूशाह बिना राजुली के लौटना नहीं चाहता है। अतः मंत्र बल के प्रभाव से दो जंत्रियाँ बनायी जाती हैं, एक राजुली के लिए दूसरी मालूशाही के लिए। शुक रूप में मालूशाह राजुली के लिए हूंणदेश की ओर उड़ जाता है।

राजुली ने हूंणदेश के पण्डित को अपनी अर्न्तव्था सुनाकर बारह साल तक आँचल रुकवा दिया था। चनरी त्रिखेपाल ने राजुली को महल में बन्द करके सख्त पहरे में रख दिया। राजुली मालूशाह का नाम लेते हुए रोती रहती थी। शुकरूप में मालूशाह हूंणदेश पहुँचता है तो कई दिन तक उसे राजुली के निश्चित निवास का पता ही नहीं चला। अन्त में वह राजुली को पाने में सफल होगया राजुली उस शुक से पूछती है कि क्या तूने मेरे मायके का देश देखा है ? क्या तूने कभी मालूशाह को भी देखा है ? सुवा राजुली की गोद में जा बैठा। सुवे के गले में राजुली ने एक डोरी बँधी देखी तो उसने उसे तोड़ दिया। मालूशाह अपने वास्तविक रूप में आगया। दोनों प्रेमियों का अपूर्व मिलन हुआ। तब उन्होंने वहाँ से निकल भागने की सोची। एक जंत्री राजुली के गले में बाँधी गई दूसरी मालू के और दोनों पक्षी रूप में रात्रि के समय वहाँ से उड़ गये। चनरी विखेपाल को जब राजुली के गायब होने की सूचना मिली तो उसे ज्ञात हुआ कि सुवा के रूप में मालू राजुली को उड़ा लेगया है तो वह भी बाज पक्षी बनकर उनका पीछा करता हुआ आसमान में उड़ने लगा। बाज ने दोनों के शरीर को क्षत विक्षत करना प्रारम्भ किया। बुरी तरह से घायल सुवा-सारंगी (राजुली-मालू) एक निर्जन जंगल में गिर गये। उधर-मृत्युसिंह को इस बात का पता लगा तो उसने जंगल में आकर उनके गले में बँधी डोरी को तोड़ दिया और जड़ी बूटियों से उनका उपचार किया। मालूशाह और राजुली स्वस्थ होगये। कत्यूरों की सेना प्रसन्न होगयी।

फथुवा द्वैराव तथा सुनपति में युद्ध होने लगा। दोनों मल्ल युद्ध करने लगे। अन्त में सातवें दिन सुनपति परास्त होगया। जब फथुवा सुनपति को मारने वाला ही था तो राजुली ने अनुनय की कि उसे न मारे। उसे अपने किये का फल मिल चुका है। सुनपति की भौंहें व मूँछें साफ करदी गई और

उसके चेहरे में दही और कालिख का मिश्रण लगाया गया। मालूशाह की फौज बैराठ जाने की तैयारी करने लगी। राजा की सेना राजुला को लेकर जब बागेश्वर पहुँची तो मालूशाह ने प्रसन्न चित्त हो विधि पूर्वक शिवजी की पूजा की। बैराठ को सन्देश भेज दिया गया कि वे सकुशल लौट आये हैं तो मामा धर्मा ने बारात की पूरी साज-सज्जा भेज दी। कत्यूर खुशी मनाते हुए, बैराठ को गये। फथुवा आगे २ नृत्य करता जा रहा था। बैराठ पहुँचने पर भोज की व्यवस्था हुई। भोजनोपरान्त नौ लाख कत्यूर अपने-अपने घरों को चले गये। राजा ने फथुवा को नल्ती-मल्लो [illegible] पुरस्कृत कर जागीर में दे दी। इस प्रकार मालूशाह आनन्दपूर्वक राज्य भोग करने लगा।

मालूसाही

(म्हालूशाही)

बहुचर्चित कुमाऊँनी लोक साहित्य

की प्रेम गाथा का मूल पाठ

मालूसाही

हरी, उरन्त कै दिन, भगवान, परन्त है गय,
पूरब को दिन, भगवान, पश्चिम है गय ।
हे देवा, धारों रे डुब दिन, राम, गाड़ों रे पड़ी छाया,
संझ्या झुली गेछ, धर्म-वर्म लोक ॥

●

हरी, तब राम, घोल पंछ्यूँ ले भगवान, घोल वास लिह् हालो ।
हरी, आज राम, बाटों का भायों ले भगवान, बाट बास लिह् हालो ।
तब राम, काँठा मृगों ले भगवान, काँठ वास लिह् हालो ।
देवी तब राम, गंगा की मछोया, भगवान मंङरों है गेछ ।
हरी, आप राम, बणसिंग राजों ले, भगवान आड़बन्द लिह् हालो ।
भगवान, तब राम, गोकुला की गायो, भगवान गोकुला है गेछ ।

●

हरी, दूदी का पोखाव भरोण भै गया । नौणी का विनैग चिड़िग भै गया । नन्दू गोकुला वार-पुङा गायों को गलबन्द है गयो । भगवानों की सौकाल को धूणी जागण भैगे । बेत भरी का छनण जागण भै ग्यान । पंचबाजा पंचभाजा वाजण भै ग्यान । धूप की सुगन्धा चलण भैगे । पंचनाम दबो न्यूंती कै बोलूंलो ।

आज संझ्या की बखत ॥

तै दिन में देवी लछिमी, संझ्या घुमण भै ग्यान । लछिमी कूंछी मि ठुली हुंल । संझ्या कौली मि हुंल ठुली । लड़नै-लड़नै वर्म-लोक न्है गया । चौमुखी बरमा तनर बिचार करण भै ग्यान । जैक घर स्वामी भकती नारी । पितरों की भक्ती । दान-धर्म होल । खेलूण बालक होल तैक घर लछिमो को बास । जैक घर में अन्याथी तिरिया कुबात

बुलांछी । रात-दिन झगड़ है रछ । तैक घर संझ्या को बास । बरमज्यू ले जगमाता लछिमी ठुली बतै हैछ ।

आज भगवान हरी नारायणा ॥

घर माता लछिमी बोटायूं कै रूप,
बटोई रुप ले माता जाणे मिरतु कै लोक ।
जगमाता लछिमी न्हैगे मिरतु कै लोक,
जत्ती-दत्ती नको अन्तपात लिह लो ॥
घरों-घरों नका देबी शबद सुणली,
देयी-देयी मोवों नका लछयण हेरली,
देबी, अन्तसमय माता, भगबानों द्वारिका,
द्वारिका देखींछ माता, हीरों कै उज्याव ॥

तै दैणी द्वारिका देखिछ हीरों कै उज्याव । बार-फूल फुलिया छन, बार-फल पाकिया छन, महला कूणों में दीपक जाग्यूं छ, माता रुकमणी चाँवल ढोलंछी । तै दैणी द्वारिका में पड़ लछिमी को बास । जौंया द्यू जागण भै ग्यान । घरां-घरों माता अतुल भनार थापिण भै ग्यान । मिरतु कै लोक नर-नारायण सभा घुसी गेछ ।

आज धनी नारायणा ॥

देबी, न्यूतण लगाया, खोयी कै गणेश ।
खोयी कै गणेश न्यूंता, मूली कै नरेण ।
चौमुखी बरमा न्यूंता मैंले, बेदों कै नारद ।
देब-मुनीं सुकदेब न्यूंता, बेदों कै नारद ।
उरीण सूरिज न्यूंता, रात कै चनरमा ।
नौ लाख तार न्यूंता, ओ राजा इनर ।
भोला महादेब न्यूंता, गौरा पारपती ।
हरी सतजुगी सीता न्यूंतछी, द्वापर दुरगा ।
त्रेत्ता की तुलसी न्यूंता, कलजुगी कालिका ।

कलजुगी काली । महाकाली, जलकाली, थलकाली, न्यूंतो कै बोलाछा । अन्याई, उज्याई, बैरागी, उल्का, चामुण्डा की माता आगरन्त है जाया ।

चौपाती की माता । नैनीताल की नन्दा देवी, सोर की भगवती, हाट की कालिका । कुमूं की मालिका, कसस्यारों की चण्डिका, भद्रकाली माता, स्याँकोट की माता । बतुन भनार जागरन्त है जाया । रिखी-वंश देवता न्यूंता । शिखर, मुवैंण ज्यू, सलगाड़ नौलिंगज्यू भनार बजैणज्यू, कोटेश्वर बागेश्वर, बाघनाथ ज्यू, दण्डी-भैरव, ढुकेश्वर, थानेश्वर ।

आज संझ्या बखत न्यूतण लगाया ।।

●

हा, भगवान दैंण जाया तुमी भूमीं का भूमियां,
दैण है जाया तुमी थावी का थत्याव,
जैकी होली भूमीं तैकी ह्वली रक्षा,
सुफल है जाया तुमी यो गौं का भूमियां ।।
पंचनाम देवातो तुमी सुफल है जाया,
नर-नारी की सभा बैठी रैछ ।
भगवान, जीगै तुमार गोदी को बालक,
गोदी को बालक जिरौ पान की रिस्यार ।।

●

हा राजा, खड्गसारी राजा,
खड्गसारी को च्यल भयै राजा दुलसायी,
दुलसायी मि खालै आप राजा,
तिपुर महल लगायो सुनूं का पाथर रे,
आब, सुनूं का किवाड़ त्यारा सुनूं का पाथर ।
राजा दुलसायी भय रङगीली बैराठ ।
राजा दुलसायी यस राज भयै हो ।।

महरुड़ी-कोट त्यर धन म्यारा बिध्वातो,
यो चमूंवान त्यर चांदी को खेत,
यो चाँदो खेत त्यर खीमा सारी हाट,
यो लखनीपुर तेरी, राजा दुलसायी।
यो तेरी रङीली बैराठ राजा हो ।
राजा दुलसायी यस राज हैरो हो ।।

●

हे भुली. राजा पृथ्वीपाल राजा विखेपाल,
आज भगवान भल छ राज हो ।
हे भुली,राणी को रण्यास ह्वल घोड़ी को तवेला
यो बाँकी बैराठ आज राज बणी ग्यहो ।

सोल सौ कत्यूर रु ंनी यो बाँकी बैराठ,
चारों तरफ कत्यूरों ले घ्यर करी राखो।
भुली, ववे कत्यूर रु ंनी आज चौरास की माव,
ववे कत्यूर रु ंनी पिङली-भुती माव ।।

❁

अन्न की कुठेरी तेरी धन की मजोई,
बार-हार की सभा तेरी नौ हार कछरी ।
दरी का दिवान त्यारा धु ंनी का बजीर,
राजा दुलसायी आप रंगीली बैराठ ।।

दरे दुलसायी यस राज पाट हैरो ।
राजा दुलसायी मैंकणी खैं द्यलैं रे ।।

रैती परजा तेरी नौ लाख कत्यूर,
चाल उर्यू ंनी नौ लाख कत्यूर ।
उनर राज-पाट हैयी भल ग्य,
सुनू ँ की सिगानी तेरी रुप की पयाँन ।
चार कूणों में त्यारा दीपक जगगियाँ,
चार कूणों में त्यारा चार रे पानसा ।।

झक-मक, झक-मक हैरो हो ।
मैं कँछिये नौंणी कस-विनैगा ।।

❁

यो रंग महल ह्वल राजा दुलसायी,
छत्तीस कुठेड़ राजा बत्तीस दरीज ।
धुनीं का दिवान त्यारा पिठी का बजीर
यो त्यार ह्वल राजा जागिया पानसा ।।

●

हाथी का ह्वाद त्यारा घोड़ी का तबेला,
सुनू ं की खोयी तेरी केसुवा पहरी ।

एक दरौज पर त्यारा भेकुवा पहरी,
केसुवा पहरी त्यारा भेकुवा पहरी ।।
नौ ताल धरती हिलूंछै हो ।
धतियै की धात सुणछै रे ।।
गुरु रे रिणीदास त्यारा गुरु फिणीदास,
गुरु रे मन्तरी त्यारा गुरु जन्तरी ।
महरुड़ी कोट त्यारा चाँदी को खेत,
हाथी को ह्वाद त्यारा गायी को गौसाल ।
भीतेर रूंछी तेरी जिया धर्मावती,
येसी सतवन्ती तेरी जिया धर्मावती ।
राजा दुलसायी येसी तेरी राणी छ हो ।
ऐसी धर्मावती सतवन्ती रे ।।
यस राज वणी रौंछै रङीली बैराठ,
घोल कस कफुवा नौणी को बिनैंग ।
अन्न की कुठेरी तेरी धन की मजोई,
हुनै-हुनै तेरी हैगे आदुक उमर ।
आदुक उमर ह्वैगे राजा दुलसायी हो,
राजा आँन-औलाद के नि भयो रे ।।
सिकणी रचै द्यलै राजा दुलसायी,
ववठ भरी ऊँछ त्यारा राजपाट देखी ।
के धान करनूं कुंछै के काव रचनूं,
के धान करनूं कुंछै च्यल नि जनम ।
राजा दुलसायी जिया धर्मावती राणी हो,
के कावा रचनूं आब रे ।।

●

यो त्यारा ह्वला लाल छाजा मोहरी,
राज को महल दुलसायी बैठी भल गँछ ।
राजा रे दुलसायी सोच पड़ी रया,
अन्न धन ह्वल रे अनुली मज्थायी ।।
धरमा तेरी राणी सोच पड़ी रया,
तैं बरवत राजा रे, सोच पड़ी रौछा ।

के धान करनू क्वे देव नि भया,
गंगा नाम तुमले गध्यार नै हाला ॥

दयावतो कँ नाम ले राजा कुड पुजी हाला,
हि राणी ठाकुर मन सुव हैं रया हो।
सुण रे म्यारा स्वामी कि धान करनू,
नदुक अन्न-धन हमार आग लागी जाल ॥

एक हुँन पुतुर हमी अपुत्री रै गया,
अपुत्री रै गयाँ हमी मण-मण नेतर।
क्या हुणी करँछै राणी इतण तू सोच,
हमार भाग पर राणी औलाद नि भयी ॥

मोत्त हैरो त्रिलाप यो बिरधकाल,
राजा दुलसायी रे यो बिरधकाल।
बिरध-काल हैगे यो चौथी उमर,
चौथी रे अवस्था आयी भल गेछ ॥

क्या बिदिया रचनू औलाद को कोप,
रात टूटी छ नींल राजा दिन टूटी भूख।
के धान करनू भगवान कि बिद्दी रचनू
हमुं हुणी भगवान क् देव नि भाया ॥

❁

दान करनूं आप दयावत पुजनूं,
औलाद नि भयी के बिद्दी रचनूं।
को देव आज हमन औलाद दयल,
पुजा करनूँ बिकी पाठ ले करनूं।

म्यार दुलसायी रे बिकी सेवा करनूं हो,
कस रथ लाग राजा दुलसायी रे ॥

राणी तेरी धर्मा कस रे बुलाँछी,
सुवा कसी खापड़ी मैंण जस बोल।
धन-धन राणी मैंण कस बोल,
धन-धन राणी कसी हैरे सूरत।

राजबंशी च्यल छियै राज कमाय हो,
राजा आन औलाद के नि भयी रे ॥

दुलसायी कूंछै क्वे क्यल नि भय,
थात खाणिया क्वे क्यल नि जनम ।
हमर निरंग हैगो कां लकी जानूं,
अन ले छ हमारा धन ले भय ।
यो अन-धन हमन लागी रय हो,
दुलसायी कसी हुणो हार हैगे हो ।।
आदुक धन त्वीले लगै भल हाल,
क्वाठा में त्यारा कुरेद भरियां ।
धर्मा राणी जदुक द्याबत् छी,पुजी हाला ।
जदुक तीरथ छिया नायी भल हाला,
गाड़ गध्यारा सबै नायी हाला ।
राजा दुलसायी छाती ले फोणछै हो ।
खोर फोणछै बिलाप लगूंछै रे ।।
राजा दुलसायी वार-हार की सभा तेरी,
घोल कस कफुवा भैछंछै,
नौणी कस बिनैग दुलुवा ।
यस हुंछ कोखी को कंकाल,
के धान करनूं आप के काव रचनूं,
अन-धन लगै हालो एक बात रैगे ।।
राजा पहाड़ा द्याबत सबै पुजी हाला,
आप रैगो मायापुरी दितर शिला ध्वाक ।।

सोल सौ कत्यूर आज यो त्यार दिवान,
आयी रे भल गया त्यार मुख तीर ।
अन-खावो पाणी राजा सोक छोड़ी दिया,
तुमार भाग पर राजा औलाद नि भयी ।।
राजा दुलसायी आप सोच रे बिचार,
यो रंग महल कणी छोड़ी भल दीनूं ।
जहर खायी बेर मिले मरी जानूं,
आज हमन हुणी क्वे देवा नि भया ।।
अधोराती माज राजा तिपुर महल,
सोच रे बिचार राजा दुलसायी ।

अधोराती माज सुकाल बणी रय,
राजा रे दुलसायी स्वैणी कै सोविन ।।

किया करँछै राजा संच रे विचार,
तू लकी आयी जायै मायापुरी माजा ।
मायापुरी आवै राजा चितर शिला देवी,
चितर शिला देवी स्वैणी कै सोविन ।।

जब तू आलै म्यार दरबार,
आज रे म्यारा राजा त्वेकणी दि द्यू ंल ।
त्वीकणी दि द्यू ंल मुख मांगी वर,
राजा दुलसायी मुख माँगी - वर ।।

अधोराती माज ठस्स टूटी नींन ।
सारी रात भरी नींन हैगे भंग ।
बावन तालम त्वीले गाढ़ण लगाया,
कस बाज बज्यालै उदेख वैराग ।।

बत्तीस बाज गाडैं छत्तीस तालम,
अधोराती माज नींन हेरै भंग ।
अधोराती माज सियौ धर्मावती राणी,
धर्मावती राणी ऐगे त्यार मुख तीर ।।

सुणो म्यारा स्वामी अधोराती माजा,
किलैकी बज्याला छत्तीस तालम ।
छत्तीस तालम बाजनी यो बावन टोड़,
किलैकी म्यारा स्वामी नींन हेरै भंग ।।

राजा दुलसायी तब उदास हैयी रया,
धर्मावती बैठी रैछ त्यार मुख तीर ।
सुण मेरी राणी अधोराती द्यख ल्वैणीकै सपन,
मायापुरी बटी आज भगवानों कै सपन ।।

सुण म्यारा राणी अधोराती माज,
आज बटी राणी अठां दिन-वार ।
अठां दिन बार राणी मायापुरी जानू ं,
मायापुरी माज राणी जगतों की माता ।।

अधोराती माज भै रयीं द्वि राणी ठाकुर,
द्वि राणी ठाकुर आप आचित है रया ।

धवल सूरी बार राजा राणी ह्यैगे रात,
बार भै अजीतों कै रथ लागी गया ।।

भेकुवा मुनचौड़ी ल्वीने बलूण लगाया,
जा र म्यारा भेकुवा खीमासारी हाट ।
ववे कत्यूर रूँनी भेकुवा चौरास की माव,
ववे कत्यूर रूँनी आप तली-मली माव ।।

चार जोलिया तुमों ले भेजण लगाया,
यो चार जोलिया दुलसायी भेजण लागी रौय ।
अठां दिन बार जानूं मि चितर शिल माज,
सोल सौ कत्यूर म्यर दगड़ करी दिया ।।

अठां दिन बार को न्यूंत पड़ी रय,
अठां दिन बार को न्यूंत आयी भल जाया ।
नयीं मिणें ल्हिया पुराणा ध्वे ल्हिया,
हमों ले जाण छ माया-पुरी माजा ।

चार-धतिया धात ले लगाला,
तै वखत माजा कत्यूरो अठां दिन बार ।
अठां दिन बार आज नजीक ऐ गोछ,
सभा तेरी सोल सौ जाम हैयी गेछ ।।

●

चार भै डोल्यार मँगाया खवाया पिवाया,
धर्मावती को डोल कासण लगाय ।
जिया धर्मावती तेरी तिपुरी महल,
छै गज की लटी तेरी नौ गज धपेली ।
स्यूँनी सिंगार त्यारा पुरुब झरोख ।

राजा दुलसायी येसी बात हैरे हो,
अन-की कुठेरी धन की मजोई रे ।।

बाट को सामव बट्यूण भै गय,
मायापुरी जाणें तै बाट को सामव ।
डोली का डोल्यार बटीण भै गया,
बाट को सामव त्यारा खाजा रेकल्यो ।

धर्मावती राणी, राजा बटीण भै गया,
राजा दुलसायी हवा-चुवा दल फौज रे ॥

तै बखत त्यारा नौ लाख कत्यूर,
नौ लाख कत्यूर चुवा दल फौज।
चितर शिला ध्वाक बटीण भै गया,
मायापरी ध्वाक लागी भल रय।

राजा दुलसायी रङीली वैराठ हो,
राजा बाट लागी रया रे।

दा, त्यार तमाढौन राजा महरुड़ी कोट,
खीमा सारी हाट तेरी चाँदी को खेत।
घोल कस कफुवा राजै की कोठी,
राजा वैराग लागी रय तेरी कोठी।

राजा दुलसायी बैराग लागी गय हो,
राजा उदासी पराणी तेरो रे ॥

वैं बखत कर दुलसायी इजा,
सोवन को ड्वल वट्यूण भै गया।
छत्तीस नेवर त्यार बत्तीस झम्फान
देवी की सूरत जिया धर्मावती राणी।

देवी कस ड्वल बाट लागी गय हो।
सोल सौ कत्यूर बाट लागा-हो ॥

●

राणी धर्मावती को ड्वल बाट लागी गय,
राजा दुलशाही बाट लागी गय।
सोल-सौ कत्यूर त्यारा बटीण भै गया,
गुरु रिणीदास बुलाया गुरु फिणीदास ॥

ताँमा बिजेसार भगवान बाजण भै गय,
यो लाल निशाण राजा ओढ़ीण भै गया।
मायापुरी हुणी जाँनो बावन हजार,
बावन रे हजार यो सोल सौ कत्यूर ॥

यो बाँकी बैराठ बटी बाट लागी गया,
बाट को बटाव राजा रुकी भलगय।
फौज रे फंकार तनरी चली भल रेछ,
सोल सौ कत्यूर ह्वला सुवा कसी चाल ॥

सुवा कसी चाल हैरे मल्या कस टोल,
अधिल को दल राजा पाणी ले पिणोछ।
पछिल को दल तनर हिल लाछ नै पौंन,
सोल सौ कत्यूर तनरा बाट लागी रया ॥

●

राजा दुलसायी रात - रात दिन - दिन,
मार - मार छाड़ - छाड़ बाट लागी रया।
सोवन का ह्वला त्यारा चली ले रया,
उदेख लागी गय मन में फिकर,
यो गैली गिवाड़ आय चौखुटिय भाज।
रौबास-तौबास कनैं ऐगो अल्मोड़ी हाट हो,
म्यारा दुलसायी पुजी भल गय - रे ॥

तै बरबत बिधातो नन्दादेवी दरौज,
सिरा दिनीं ढोक पयां लिन्ही लोट।
देवी सुफल है जाया हमन हुणी,
हमर परण देवी पुर करी दियै।
माता - परण पुर करि दियै हो,
राजा येसी हुणी - हार हैगे रे ॥

●

पूरब को राज छिय सुनपति सौक,
पश्चिम को राज भय राज दुलसायी।
एक्कै भाग छिय एक्कै रे करम,
धन - बिधातो तै बखत माजा।
धन रे कस भय हुन्यल हो,
कसी हुणी - हार आयी राजो रे ॥

त्यर फौज लसङर गैठी रौछियो,
त्यर जस राज आजी ले ऊणो।
कस भाग भय कस रे करम,
यो सेली सौकाण सुनपती सौक।

सुनपती सौक ले बाट लागी रौछ,
कस भाग हैरो रे ॥

★

राजा सुनपती व्यापार करे छै.
ध्वाड़ मुखी व्यापार एक हाथ राज।
एक आंखा का छिया एक ले खुटा का,
यास दगड़िया त्यार सोबत का भया।
तकदीर को हींन कसी ले भयी,
राजा कणी ऐसी बुढ़ी आयी,
सुनपती-सौक भैरो पुरब झरौख,
भैरे तेरी सौका गाऊँली सौक्याण।
पुन्यूं कसी चांन बैसाख कसी खाम,

कैरुवा कसी काँन भैरे गाऊँली सौक्याण।
सुनपती सौक आज सोच रे विचार ॥

गंग नाम त्वीले गधार नै हाला,
देबों का नाम ले दुङ पुजी हाला।
कै दिन रुँछै तली हटी माव,
कै दिन रुँछै मली रे सौकाण।
हिलू - तिलू लाखी करबछ ढाकर,

आदु उमर न्हैगे सन्तान नि भयी हो,
मायापुरी चित्राशिला ध्वाक रैग्यो रे।

गांऊंली सौक्याण ड्वल काछी बेर,
ऊंनै - ऊँनै बाट लागी रयै।
मार - मार छाड़ - छाड़ बाट लागी रयै,
हिंगाल - हिंगाल दुसार - हिंगाल।

तब से गयै सिरी दानपुरा हो,
पुजी भल गयै ऐठाण कपकोट रे ।।

यो पुजै सौ पुजै बागेश्वर भूमीं,
बागेश्वर में रुनी बूढ़ा बागनाथ ।
बूढ़ा बागनाथ पूजा करलै भेट,
सिर द्यलै ढोक पयां लिहलै लोह ।

बूढ़ा बागनाथ ज्यू सुफल है जाया हो ।
बागनाथ बटी अधिल कै बाटा रे ।।

सुनपति-सौक बाट लागी रयै,
देबी कस ड्वल त्यर बाट लागो रय ।
सुनू को आङण सुनू को झम्फान,
पुतलिया ठाँस बाट लागी रयै,
ऊनैं-ऊनैं पूजी गयै पालाड़ी का छिना ।
ताकुव-बसौई पूजै यो कपड़खान,
डाणापाणी सुनियाँ नौमाटी ग्योछियै ।

राजगद्दी अल्मोड़ी हाट पजी गयै हो ।
देबी थान बास पड़ी गय-रे ।।

द्वि राणी राजों को एक नस तकदीर,
एक कोखी जसा भया तुमी,
एक गंग नायी जसा भया
कस भाग तुमर राजो कसी हुणी हार

हियै राजों को बास अल्मोड़ी हाट पड़ी रय ।
आप सुनपती सौक राजा दुलसायी हो ।

राजा दुलसायी रङीली बैराठ,
रङीली बैराठ को छ कैबेर ।
सुनपती सोक खुशी बणी रयै
एक्कै कू का नाइयां जसा,

येसी थात बाँज रैगे राजो हो ।
ध्वाक लागी रो मायापुरी चितरशिला ।।

राणी रात द्यैगे इजू घाणी लागो घाम,
इमीं ले जाणरया मायापुरी चितरशिला।
द्वियै राजा आज भेट हैयी रेछ,
राजा दुलसायी सुनपती सौका।
द्वि राणियों को ज्वड़ हैरो द्वि राजों को ज्वड़,
द्वियै दल भगवान बाट लागी गया।
अघिल - अघिल राजा जाणया।
पछिल - पछिल राणियों कै ड्वाला।

बाज घाज बाजण लागी रया।
आप ऐ गया चितरशिला माजा॥

●

सपन को ड्वल चितरशिल भामा,
जिया धर्मा राणी चितरशिल माजा।
सुनपती सौक गांऊली सौक्याण,
पुजो भल गया चितरशिल माजा हो।

द्वि राज-राणियों को धिराट हैयी गैछ,
ठीकै जायी रया परबी को दिन हो,
तब द्वियै राणिथा भकती करला,
द्वियै राणियो देबी की भकती हो।

यौं पूस की रात आंखो में बितैछ,
चितर शिल माज येसी भकती है रेछ।
राणी रात व्यैगे घाणी लागौ घाम,
मां - पूस की रात आँखी में बितैछ।

राणी रात व्यैगे गंगा अस्नाण,
हाथ जोड़ी बेर देवी की भगती हो।
करी राणियों ले देबी की भगती,
तुमों कै दि हैछ पुतुरों कै बर हो॥

धन - धन दुलसाई धन त्यर भाग,
सुनपती सौका धन त्यर तकदीर।

ऐसी हुणी हार मरद है गयीं खुशी।
दिल को भैम बुझी भल गोछ।

आज आयी रया मय्या ज्यू कैं पास,
सुण मेरी माता ऐ, रयूं त्यार भूमीं पार।
सोल सौ कत्यूर तुमार बैठी भल रया,
सोल सौ कत्यूर देवी कैं मन्दिर॥

आज मेरी मायी दियै बोल को वचन,
यो मेरी नौराठ माता बाँजी पड़ी गेछ।
यो वचन को दान माता दियी भल हैछ,
तै बखत माज रे आज धर्मावती राणी॥

धर्मावती राणी कणी पुतुर को बर,
पुतुर को बर मिलो भल गोछ।
फिरी लेक गेछ गांऊली सौक्याण,
म्यार मैतुवा देव रे सुफल है जाया॥

यो मेरी सौकाण माता बांज पड़ी गेछ,
औलाद को कोप माता हैयी भल रौछ।
तै बखत देबी ले आज हरी नारायणा,
त्वीकणी दि हैछ कनियां को बर॥

दिल हैगो खुशी भैंम नसी गोछ,
तुमन मिली गय पुतुरों कैं बर।
दुलसायी राजा राणी धर्मावती,
धन तुमर भाग मायापुरी चितर शिला,
आदुक उमर में पुतुरों कैं बर।

राजा दुलसायी राणी धर्मावती खुसी है रैछ,
गाऊँली सौक्याण सुनपती सौक रे॥

गाऊँली सौक्याण राणी धर्मावती,
सोच करनी विचार एक बात रैंगे।
तू लकी आयी रैछै मिसे आयी रयूं,

राणियाँ भयां पूरबा पश्चिमा,
एक ख्वार का भया एक ले तकदीर,
कंसासुरी थाव पिठ्यां बाँटी लिन्हूं ।

ह्वियै वैणी बोल बचन वांटो लिन्हूं हो,
ह्वियै राणो कास है रयीं बात रे ।।

सुण वैणी तेरी जब होली चेली,
म्यर लकी ह्वल च्यल ।
मेरी ह्वली चेली त्यर ह्वल च्यल,
वोल - धरम सम्बन्ध करी ल्यूंलो ।

आप बैंणी यास रे बचन हो,
यस कौल - कबूल हैग्यो रे ।

पिठ्यां लागो बोल रे बचन,
रसम भया कसम ले भया ।
ह्वियै राणियाँ आप खुशी बणी गया,
कैकी छ औलाद भागी ।
सब च्याल एक वसै कै नि हुँना ।
सब चेली एकनसै नै हुँना ।

कुरेद - कंकाल निरभयी है गया हो ।
राजा दुलसायी सुनपती सौका हो ।।

मायापुरी चितरशिला बटी बाट लागी गया,
तीसार दिन राणी ब्यैगे रात घाणी लागो घाम ।
घाणी लागो घाम बाट लागी गया,
मन का तुमी खुशी बणी रया ।

मि खै दयाला मार - मार छाड़ - छाड़ हो,
बाट लागी रया हियै राजा हो ।।

म्यर दुलसायी राणी धर्मावती,
सुनपति सौक गाँऊँली सौक्याण हो।
ऊनैं ऐ गयीं सामखेत माजा,
ऊनैं ऊनै ऐ गयीं गागरा का धुरा हो॥

गागरा का धुरा बटी रामगाढ़ माजा,
ऊनैं ऊनै ऐ गयीं नाथखान माजा हो।
नाथखान बटी ब्यूड़ै छिन माजा,
ब्यूड़ी छिन बटी, लोदी कै छिन हो॥

घुरुड़ी उकाव काट अल्मोड़ी कै हाट,
द्वि राणी, राजों कै ड्यार रुकी गोछ हो।
गाँऊँली सौक्याण राजा सुनपती,
चार ले मुश्त ब्याव की बखत हो॥

●

ब्याव की बखत देवी कै मन्दिर,
आप सौका रात काटी लिन्हूं।
त्यर-म्यर आप बाट फाटी जाछ,
हमले जाण आब आपण मुलुक॥

मिन्है जूँल सौका रङीली बैराठ हो।
सुनपती तू जालै सौकाण रे॥

राणी रात ब्यैगे घाणी लागो घाम,
गाड़ी हाली कंसासुरी थाव।
कंसासुरी थाव गाड़ी रैंणी पिठ्या,
सकल मोत्यू धरती दिय ले जगूँनी।
आप राणियों शिर ढोक-दिनीं,
द्वियै राजा आप पैलाग-ज्यूजाग।

आज रे राजो पिठ्या लागी गो हो।
द्वियै राजन् पिठ्या बाँटी गय हो॥

राजन् को डबल आपण मुलुक,
बाट फाटी जाल बाट लागण बैठा।
सोबन कै डवाला बाट लागी गया,

राजा दुलसायी आपणी बौराठ।
यो गैली गिवाड़ रहप की गंगा,
चाँदी को खेत, महरुड़ी कोट।

त्यर ड्बल राजा आपण महल - हो।
त्यर ड्बल म्यैर पटाँगण - रे॥

दुलसायी सुनूं का किबाड़ पुरुब झरौख,
सुनूं की सिरानी तेरी रुपै की पयाँनी।
चार - कूण त्यारा पांनस जागिया,
चोल कस कफुवा खुशी बणी रयै।

हा राजा सुनहरी खाट भै रौछै हो।
राजा यस राज - पाट - हैरो - हो॥

सुनपती सौक ले बाट लागी गय,
सोबन को ड्बल पुज त्यर सेली कै सोकाण।
खुशी खुरम है गयीं तैं बखत माजा,
मायापुरी को ध्वाक पुर हैयी गय।

सुनिया मनैं मुराद पुर हैगे - हो।
कस खुशी - बणी रयै आपण सौकाण रे॥

●

आप, धर्मावती राणी मन खुशी है रैछ,
बाट बटी राणी फूल बौठी रया।
बौराठ जै बेर म्हैण है जाँछ,
